3 राजधानी
बारिश के साथ ओलावृष्टि व तेज हवा चलने की चेतावनी

6 अभिमत
प्रभाव बढ़ाने का प्रयास करता चीन

10 विदेश
यूक्रेन ने बूचा को बचाने का मनाया जश्न


12 स्पोर्ट्स
गुजरात ने जीत के साथ किया आगाज

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 160
लखनऊ, शनिवार, 1 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पाकिस्तान में लोग भारत के विभाजन को गलती मानते हैं
राष्ट्रीय-11

# आरके विश्वकर्मा बने नए कार्यवाहक डीजीपी

● मई में होंगे रिटायर, डीजी स्तर के पांच आईपीएस के कार्यभार में फेरबदल, डीजी कारागार हटाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सारे** कयासों पर विराम लगाते हुए राज्य सरकार ने शुक्रवार को 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी राजकुमार विश्वकर्मा को यूपी पुलिस का कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त कर दिया। वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने सेवानिवृत्त होने के बाद अपना कार्यभार विश्वकर्मा को सौंप दिया है। इस प्रकार यूपी पुलिस को कार्यवाहक डीजीपी के ही भरोसे रहना पड़ेगा।

विश्वकर्मा यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष हैं। वह 2023 मई में रिटायर होंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार ने डीजी। स्तर के पांच अन्य आईपीएस अधिकारियों के कार्यभार में बदलाव किया है। जहां कल ही विशेष डीजी बनाए गए प्रशांत कुमार की जिम्मेदारी बढ़ाते हुए कानून व्यवस्था के साथ ही उन्हें आर्थिक अपराध संगठन का भी जिम्मा सौंप दिया गया है। वहीं चित्रकूट और बरेली जेल प्रकरण के बाद से सरकार की नाराजगी झेल रहे डीजी जेल आनंद कुमार को हटाकर सहकारिता प्रकोष्ठ में भेज दिया गया है। प्रमुख सचिव गृह डॉ. बीडी पाल्सन की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष आरके विश्वकर्मा को वर्तमान पद के दायित्वों के साथ-साथ डीजीपी पद का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने का फैसला लिया गया है। यह प्रभार डीजीपी पद पर स्थाई नियुक्ति होने तक उनके पास रहेगा। इसके लिए उन्हें अलग से कोई वेतन या भत्ता देय नहीं होगा। वर्ष 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी आरके विश्वकर्मा पूर्व में डीजीपी रह चुके मुकुल गोयल के बाद वरिष्ठता के आधार पर इस पद के मुख्य दावेदारों की सूची में वह सबसे ऊपर हैं। अब तक सरकार ने यूपीएससी को डीजीपी के लिए अधिकारियों का पैनल नहीं भेजा है।



डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान से कार्यवाहक डीजीपी का पदभार ग्रहण करते राजकुमार विश्वकर्मा

ऐसे में कयास लगाए जा रहे है कि आयोग द्वारा जब तक तीन नाम तय नहीं किए जाते है तब तक आरके विश्वकर्मा कार्यवाहक डीजीपी के तौर पर कार्य करते रहेंगे। आरके विश्वकर्मा को साफ सुथरी छवि के आईपीएस अधिकारी के रूप में जाना जाता है। उन्हें समय-समय पर योगी सरकार ने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी हैं। इसके अलावा एक अन्य आदेश में डीजी सीबीसीआईडी विजय कुमार को वर्तमान पद के साथ ही निदेशक सतर्कता का अतिरिक्त प्रभार, डीजी पावर कारपोरेशन एसएन साबत को आनंद कुमार के स्थान पर डीजी कारागार बनाया गया है। एडीजी अपराध से स्पेशल डीजी बनाए गए एमके बशाल को पावर कारपोरेशन का प्रभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि अभी तक निदेशक सतर्कता का अतिरिक्त प्रभार आज सेवानिवृत्त हुए डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान और डीजी ईओडब्लू का अतिरिक्त प्रभार नए डीजीपी बने आरके विश्वकर्मा के पास था।

## अपराधियों व माफियाओं के खिलाफ जारी रहेगी सख्त कार्रवाईः डीजीपी

**पुलिस** महानिदेशक मुख्यालय में डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान से कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त कार्यवाहक डीजीपी डॉ. आरके विश्वकर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं, अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का अनुपालन कराते हुए कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अपराधियों, माफि याओं के विरुद्ध काककार्रवाई हुई हैं, शेष अपराधियों का डॉटाबेस, डोजियर तैयार कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के पास अत्याधुनिक पुलिसए इमरजेन्सी सेवा यूपी- 112 कार्यरत है। यह दुनिया का बेस्ट एवं आधुनिक सिस्टम है। उत्तर प्रदेश पुलिस के पास वर्ल्ड क्लास फॉरेन्सिक लैब है। पिछले कई वर्षों में मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस विभाग को जो बजट, संसाधन उपलब्ध कराया गया है, उससे हम सभी उत्तर प्रदेश पुलिस को वर्ल्ड क्लास मॉर्डन पुलिस बनाने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रहे हैं। उसे और आगे बढ़ाते हुये तकनीक केन्द्रित पुलिसिंग की दिशा में कार्यो को भी करना है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश पुलिस में 36 हजार महिला पुलिस आरक्षी उपलब्ध है। हमें इन महिला आरक्षियों पर गर्व हैं।

महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा उत्तर प्रदेश पुलिस की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है कि गरीबों व जरूरत मन्दों की बात सुनी जाए। मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी कि नागरिकों की करुणा के साथ सेवा करना, जिससे जरूरतमन्द व असहाय लोगों का आशीर्वाद उत्तर प्रदेश पुलिस को जरूर मिले। मैं समझता हूं कि यह सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

# लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ीं

● अर्थव्यवस्था में ब्याज में तेजी का रुख देख केंद्र ने अधिकांश योजनाओं के लिए उठाया कदम, पीपीएफ में बदलाव नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्र** सरकार ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए अधिकांश लघु बचत योजनाओं पर ब्याज की दरें बढ़ा दी हैं। अर्थव्यवस्था में ब्याज दर में तेजी का रुख देखते हुए यह कदम उठाया गया है। हालांकि लोकप्रिय जमा योजना पीपीएफ की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

वित्त मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीपीएफ और बैंकों में बचत जमा पर ब्याज दरें अप्रैल-जून तिमाही के लिए क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं। अन्य बचत योजनाओं में ब्याज दरों में 0.1 प्रतिशत से 0.7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। ब्याज में सबसे ज्यादा वृद्धि राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) में की गई है। इस पर एक अप्रैल से 30 जून, 2023 के लिए अब 7.7 प्रतिशत ब्याज मिलेगा जो अब तक 7.0 प्रतिशत था। बालिकाओं के लिए बचत योजना सुकन्या समृद्धि के लिए ब्याज 7.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत किया गया है। इसी प्रकार वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के लिए ब्याज दर 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.2 प्रतिशत और किसान विकास पत्र (केवीपी) के लिए 7.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत किया गया है। किसान विकास पत्र अब 120 महीनों के बजाए 115 महीनों में परिपक्व होगा। विशेष यह कि पिछली तिमाही में भी ब्याज दरें बढ़ाई गई थीं।

लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरें हर तिमाही में संशोधित की जाती हैं। इस संशोधन के साथ डाक घर में एक साल के लिए जमा पर ब्याज 6.8 प्रतिशत (अब तक 6.6 प्रतिशत), दो साल के लिए 6.9 प्रतिशत (अब तक 6.8 प्रतिशत), तीन साल के लिए 7 प्रतिशत (अब तक 6.9 प्रतिशत) और पांच साल के लिए 7.5 प्रतिशत (अब तक सात प्रतिशत) हो गया है। लोक भविष्य निधि पर ब्याज 7.1 प्रतिशत और बचत जमा पर 4 प्रतिशत बरकरार रखा गया है। मासिक आय योजना पर ब्याज 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बढ़ती महंगाई को काबू में लाने के लिए पिछले साल मई से नीतिगत दर यानी रेपो 2.5 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दी है। इसके साथ जमा पर भी ब्याज दरें बढ़ी हैं।

दूसरी ओर नया वित्त वर्ष 2023-24 शनिवार से शुरू हो रहा है। इसके साथ ही कई ऐसे फैसले लागू होंगे, जिनसे लोगों की जिंदगी प्रभावित होगी। महिलाओं के लिए एक नई लघु बचत योजना महिला सम्मान बचत पत्र शुरू होगी। इसमें किसी महिला या लड़की के नाम पर दो लाख रुपए तक का एक बार में निवेश किया जा सकता है। इस योजना के तहत 7.5 प्रतिशत की निश्चित दर से ब्याज मिलेगा। साथ ही आंशिक निकासी का विकल्प भी मिलेगा। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत जमा सीमा 15 लाख रुपए से बढ़कर 30 लाख रुपए हो जाएगी। वहीं मासिक आय योजना के तहत जमा सीमा बढ़ाकर नौ लाख रुपए हो जाएगी।

# हावड़ा में फिर पथराव, तीन पुलिसकर्मी जख्मी

**बंगाल हिंसा**

● धारा 144 लगाई गई, आरएएफ तैनात, अमित शाह ने राज्यपाल से बात की, ममता भी मिलीं, इससे पहले दिन में सीएम ने हिंसा के लिए भाजपा और बजरंग दल पर आरोप लगाया

**पीएनएस/एजेंसी।** हावड़ा/नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल के हावड़ा में एक समुदाय की हिंसक भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास करती पुलिस

**पश्चिम** बंगाल के हावड़ा शहर के काजीपाडा इलाके में रामनवमी की शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान हिंसा के बाद तैनात पुलिसकर्मियों पर शुक्रवार दोपहर बाद अज्ञात लोगों द्वारा पथराव की नई घटना सामने आई, जिसके बाद इलाके में तनाव फैल गया। इस बीच, गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुद्दे को लेकर राज्यपाल सीवी आनंद बोस से बात की और स्थिति का जायजा लिया। राजभवन के एक बयान में कहा गया है कि बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी शुक्रवार को स्थिति की समीक्षा की। इससे पूर्व दिन में मुख्यमंत्री बनर्जी ने आरोप लगाया कि हावड़ा में हुई हिंसा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बजरंग दल जैसे अन्य दक्षिणपंथी संगठन हथियारों के साथ शामिल थे। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को वहां जमा हुए लोगों को तितर-बितर करने के लिए लाठियों का इस्तेमाल करना पड़ा। काजीपाड़ा इलाके में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू है। बृहस्पतिवार से अब तक हिंसा के सिलसिले में 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, दोपहर तक हालात शांतिपूर्ण थे। इसके बाद पुलिस कर्मियों पर पथराव होने लगा, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। हमारे अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि पथराव में कम से कम तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए और उनका पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बीच, रामनवमी के मौके पर बिहार के सासाराम और नालंदा में भी हिंसा हुई है। यहां शोभयात्रा को लेकर दो गुटों में पत्थरबाजी हुई। घरों पर बम चलाए गए। दोनों जगह पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। इसमें दो लोग घायल हुए हैं। वहीं महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर में एक राम मंदिर के समीप झड़प के बाद पुलिस पर भीड़ के हमले में घायल हुए 51 वर्षीय व्यक्ति की एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

# सरकारी धन से कैसे दी जा रही है मजहबी शिक्षा?

● हाईकोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से मांगा जवाब

● पूछा, क्या यह संविधान मे प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**मदरसों** में मजहबी शिक्षा देने के मसले पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार से सवाल जवाब किया है। पूछा है कि सरकारी धन से चलने वाले मदरसों में मजहबी शिक्षा कैसे दी जा सकती है? क्या यह संविधान में प्रदत्त तमाम मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है? पीठ ने चार हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई इसके बाद बाद होगी। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश जौनपुर के एजाज अहमद की सेवा सम्बंधी याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया है। पीठ ने अपने आदेश मे कहा है कि केंद्र व राज्य सरकार बताएं कि सरकारी खर्चे पर या सरकार द्वारा वित्त पोषित करते हुए मजहबी शिक्षा कैसे दी जा रही है? क्या यह संविधान की अनुच्छेद 14, 25, 26, 29 व 30 का उल्लंघन नहीं है? पीठ ने केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय सचिव तथा राज्य सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण व वक्फ के प्रमुख सचिव को हलफनामा दाखिल कर इन उठाए गए सवालों और याचिका पर भी जवाब देने का आदेश दिया है। याचिका में वेतन नहीं देने का मुद्दा उठाया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि वह जौनपुर के शुदनीपुर के मदरसा समदानिया इस्लामिया में पढ़ाता है लेकिन उसे वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। एकल पीठ ने इस मामले में यह आदेश दिया है कि यदि याचिकाकर्ता उक्त मदरसे में पढ़ाता है व यह मदरसा सरकार से धन प्राप्त करता है तो उसे छह अप्रैल, 2016 की नियुक्ति पत्र के मुताबिक वेतन का भुगतान किया जाए।

## 2030 तक निर्यात 2,000 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को नई विदेश व्यापार नीति पेश की। इसका उद्देश्य देश के निर्यात को 2030 तक 2,000 अरब डॉलर तक पहुंचाना, भारतीय रुपए को वैश्विक मुद्रा बनाना और ई-वाणिज्य निर्यात को बढ़ावा देना है। एफटीपी 2023 का रुख प्रोत्साहन के बजाए छूट और पात्रता आधारित व्यवस्था को अपनाना है। साथ ही निर्यातकों, राज्यों, जिलों तथा भारतीय दूतावासों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना, लेनदेन लागत घटाना एवं और निर्यात केंद्र विकसित करना है। देश का वस्तु एवं सेवा निर्यात शुक्रवार को समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष में 765 अरब डॉलर को पार कर सकता है। 2021-22 में यह 676 अरब डॉलर था। विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी ने नई विदेश व्यापार नीति के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि परंपरागत रूप से पंचवर्षीय विदेश व्यापार नीति की घोषणा की जाती रही है लेकिन इस नीति की कोई समाप्ति तिथि नहीं है और इसे बदलते वैश्विक परिदृश्य के मुताबिक अद्यतन किया जाता रहेगा।

# ट्रंप के खिलाफ अभियोग चलाए जाने को मंजूरी

● आपराधिक आरोप का सामना करने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बने

**एजेंसी।** न्यूयॉर्क



**अमेरिका में** राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 2016 में एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए धन देने के मामले में मैनहट्टन ग्रैंड जूरी ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अभियोग चलाने का फैसला किया है और वह मंगलवार को पेश होंगे। इसके साथ ही ट्रंप आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले देश के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए हैं। वह मंगलवार को अदालत में पेश होंगे। इस फैसले से 2024 में फिर से राष्ट्रपति बनने की उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। ग्रैंड ज्यूरी ने बृहस्पतिवार को रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप (76) पर पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को कथित संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए पैसे देने में उनकी भूमिका को लेकर अभियोग के पक्ष में मतदान किया।अभियोग संबंधी आदेश अभी सीलबंद है और अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि ट्रंप पर कौन से अपराध और कितने आपराधिक मामले हैं। हालांकि सीएनएन की खबर के अनुसार पूर्व राष्ट्रपति पर 30 से अधिक आरोप लगाए गए हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, इस मामले की जानकारी रखने वाले पांच अधिकारियों ने बताया कि ग्रैंड जूरी ने एक पोर्न स्टार को कथित संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए धन देने के मामले में 76 वर्षीय ट्रंप के खिलाफ अभियोग चलाने का फैसला किया है। खबर में कहा गया है कि यह निर्णय एक ऐतिहासिक फैसला है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,991 | ↑ 1031 | |
| निफ्टी | 17,359 | ↑ 279 | |
| सोना | 59,680 | ↑ 380 | /10g |
| चांदी | 71,300 | ↓ 280 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारतीय सीमा पर चीन ने उकसावे वाले कदम उठाएः अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने भारत के साथ निकटता से काम करने की अमेरिका की मंशा पर जोर देते हुए कहा कि बीजिंग ने भारत-चीन सीमा पर उकसावे वाले कुछ कदम उठाए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के उप सहायक एवं हिंद-प्रशांत मामलों के समन्वयक कर्ट कैंपबेल ने वाशिंगटन स्थित एक थिंक-टैंक से बृहस्पतिवार को कहा कि भारत अमेरिका का मित्र नही है और न ही कभी होगा। उन्होंने कहा, लेकिन इसका मतलब यह नही है कि हम करीबी साझेदार नहीं होंगे और हम बहुत सी चीजें साझा करेंगे। हमें उस भूमिका को समझने की जरूरत है जो भारत वैश्विक मंच पर एक महान राष्ट्र के रूप में निभाएगा। कैंपबेल ने कहा, हम इसे प्रोत्साहित करना चाहते हैं।

# सितारों की धमाकेदार प्रस्तुति के साथ आईपीएल का आरंभ

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**सितारों** की रंगारंग प्रस्तुति के साथ आईपीएल-2023 का शुभारंभ हो गया। उद्घाटन समारोह में सबसे पहले अरिजीत सिंह ने अपने गानों से सबका दिल जीत लिया। चेन्नई के कप्तान धोनी और गुजरात के कप्तान हार्दिक भी अरिजीत के गानों पर झूमने लगे। इसके बाद तमन्ना भाटिया ने गुजरात और रस्मिका मंदाना ने चेन्नई के लिए प्रस्तुति दी।

चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या भी मंच पर आए। दोनों ने टॉस से पहले आईपीएल 2023 की ट्रॉफी के साथ पोज किया। रश्मिका मंदाना ने दक्षिण भारतीय फिल्म के गाने पर चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए परफॉर्म किया। इसके बाद उन्होंने श्रीवल्ली, नाटू नाटू गाने पर भी अपनी प्रस्तुति दी। तमन्ना भाटिया ने तेलगू फिल्म एनिमी के गाने टम टम पर प्रस्तुति दी। इसके बाद उन्होंने डिजायर, ऊ अंटावां गाने पर भी प्रस्तुति दी किया। तमन्ना भाटिया ने गुजरात टाइटंस की टीम के लिए परफॉर्म किया। गायक अरिजीत सिंह ने राजी फिल्म के गाने ऐ वतन मेरे वतन... गाने से समा बांध दिया। इसके बाद उन्होंने 1983 फिल्म के गाने लहरा दो... और ब्रम्हास्त्र के गाने केसरिया तेरा इश्क है पिया... से सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने चन्ना मेरे, कबीरा, अपना बना ले पिया, तुझे कितना चाहने लगे हम, झूमे जो पठान, शिवाए हां मैं गलत, प्यार होता कई बार है, तेरे प्यार में, घुंघरू टूट गए, राबता, इलाही, हवाएं, देवा-देवा, इंडिया जीतेगा गाना भी गाया। इस दौरान हार्दिक पांड्या भी अरिजीत के गाने पर नाचते दिखे। तमन्ना ने उद्घाटन समारोह के बारे में पूछे जाने पर कहा, अरिजीत और रश्मिका के साथ प्रदर्शन करने का अवसर कुछ ऐसा है जिसका मैं वास्तव में इंतजार कर रही हूं। मूवी के अलावा क्रिकेट कुछ ऐसा है जिससे हम काफी जुड़े हुए हैं। धोनी और विराट कोहली मेरे पसंदीदा खिलाड़ी हैं।



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्रस्तुति देंती अभिनेत्री रश्मिका मंदाना

# स्कॉलरशिप में अब नहीं हो सकेगा फर्जीवाड़ा

● एप पर खुद छात्रों को देनी होगी अपनी उपस्थिति, केंद्र सरकार ने की 75 प्रतिशत हाजरी अनिवार्य

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**छात्रों** को पढ़ाई के लिए दी जाने वाली स्कॉलरशिप में बढ़ती फर्जीवाड़े की घटनाओं से चिंतित भारत सरकार ने पूरे देश मे आधार प्रमाणीकरण अटेंडेंस सिस्टम लागू करने का निर्णय किया है। यह आधार प्रमाणीकरण पोस्ट मैट्रिक यानी उच्च शिक्षा से लेकर तकनीकी और प्राविधिक शिक्षा की पढ़ाई कर रहे सभी छात्रों पर लागू होगी। इसमें फेस रिकॉग्निशन और थम्ब इम्प्रेशन दोनों होगा। साथ ही जियो टैगिंग से लैस होने के कारण छात्रों को अपनी उपस्थिति क्लासरूम से ही एप पर देनी होगी। इंटर के बाद आगे की पढ़ाई कर रहे छात्रों को लेकर अधिकारियों का मानना है कि सभी छात्र एंड्रॉयड मोबाइल से लैस होते हैं। ऐसे में फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने और पढ़ाई के प्रति जिज्ञासा पैदा करने के लिए एप आधारित आधार प्रमाणीकरण अटेंडेंट सिस्टम काफी कारगर साबित होगा।

इसके लिए भारत सरकार की तरफ से अलग अलग राज्यों के लिए अलग-अलग संस्थाओं को जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर प्रदेश में गुड़गांव की कम्पनी बायोक्यूब टेक्नोलॉजी नेक्स्ट जेनरेशन डिजिटल को यह जिम्मेदारी दी गई है। योजना के शुरुआती चरण में इसे पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर लागू किया जाएगा। उसके बाद इसे पूरे प्रदेश में अनिवार्य बनाया जाएगा। इस क्रम में समाज कल्याण विभाग ने आधार प्रमाणीकरण के साथ एप डेवलप करने के लिए श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड से स्टीमेट मांगा है।

### इसलिए पड़ी जरूरत

**विद्यार्थियों** को दी जाने वाली स्कालरशिप में केंद्र सरकार का केन्द्रांश 60 फीसद और राज्य सरकार का राज्यांश 40 फीसद होता है। ऐसे में समय-समय पर फर्जीवाड़े की भी खबरें आती रहती हैं। शहरी क्षेत्रों में कम ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर छात्र स्कॉलरशिप के चक्कर में एडमिशन लेते हैं। एडमिशन के बाद स्कॉलरशिप मिलते ही छात्र पढ़ाई से इतिश्री कर लेते हैं जिसके चलते अगली क्लास में छात्रों की संख्या प्रथम वर्ष की अपेक्षा कम हो जाती है या फिर उपस्थिति के लिए बनाए गए 75 फीसद का पालन नहीं करते हैं। इसमें कालेजों की पूरी मिली भगत होती है। कालेज सीट भरने के चक्कर में स्कॉलरशिप का लालच देकर एडमिशन ले लेते हैं।

### फर्जीवाड़े के प्रमुख मामले

**1.** वर्ष 2020 में मथुरा में आईटीआई और इंजीनियरिंग कॉलेजों की मिलीभगत से समाजकल्याण विभाग को करोड़ों की चपत लगी। इसमें सिर्फ आईटीआई का 22 करोड़ का मामला है। प्रकरण की अभी भी ईओडब्ल्यू जांच चल रही है।

**2.** 2013 से 2017 के बीच गाजियाबाद में कालेजों द्वारा किये गए 58 करोड़ का पीजीडीएम घोटाला। इसकी एसआईटी जांच चल रही है।

**3.** वर्ष 2019-20 में होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा 47.64 करोड़ का घोटाला। इसमें बोर्ड ने निजी कॉलेजों में छात्रों को एडमिशन तो दिया पर न तो इनरोलमेंट दिया और न ही परीक्षा कराई। छात्र स्कॉलरशिप लेकर चलते बने। इसमें भी एसआईटी जांच कर रही है।

**अभी** मार्च माह का अंतिम समय होने के चलते सारे कार्य निपटाए जा रहे हैं। अप्रैल माह में इस दिशा में विभाग द्वारा तेजी लाई जाएगी।

**पवन कुमार**
**निदेशक, समाज कल्याण विभाग**

# बगैर चिंता उपचार कराइए, पैसा हम देंगे: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने कहा है कि गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों का उपचार अच्छे से अच्छे चिकित्सा संस्थान में होना चाहिए। इसके लिए पैसे की कमी बाधा नहीं बनेगी। शुक्रवार को जनता दर्शन में एक महिला ने अपोलो अस्पताल में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार की तो मुख्यमंत्री ने उसे आश्वस्त किया कि आप बिना चिंता उपचार कराइए, पैसा हम देंगे।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में करीब 250 लोग पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने एक.एक करके सब की बात सुनी। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि बिलकुल मत घबराइएए परेशान मत होइएए हर मामले में प्रभावी कार्यवाही कराई जाएगी। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को विषयानुसार प्रशासन व पुलिस के अफसरों को हस्तगत करते हुए निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं।

जनता दर्शन में हमेशा की तरफ इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। एक महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि उसका इलाज अपोलो में चल रहा है। सीएम ने महिला से पूछा कि क्या उसके पास आयुष्मान कार्ड है। जवाब में महिला के नहीं कहने पर सीएम ने कहा कि आप अच्छे से उपचार कराइएए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। पैसा हम देंगे। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज का इस्टीमेटए प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इसी क्रम में एक महिला ने आवास की समस्या बताई तो सीएम योगी ने कहा कि जल्द ही उसके अपने आवास का सपना पूरा किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में छात्रों के नामांकन को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल चलो अभियान 2023-24 की शुरुआत करेंगे। इस कार्यक्रम का प्रदेश के सभी ब्लॉकों में सीधा प्रसारण किया जाएगा। पिछले साल अप्रैल में मुख्यमंत्री योगी ने आकांक्षात्मक जिला श्रावस्ती से इस अभियान की शुरुआत की थी। प्रदेश सरकार ने बीते चार वर्ष में स्कूल छोड़ चुके बच्चों को वापस स्कूल लाने में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। सरकार बहुत बड़ी तादाद में बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराने में सफ ल रही है। हालांकि इसके बावजूद 2022 के सर्वे के अनुसार सात से 16 साल की उम्र के 3.5 प्रतिशत बच्चों का अभी भी नामांकन नहीं हो सका है। इस सत्र में योगी सरकार इन बच्चों को भी वापस स्कूल लाने के लिए अभियान के तहत प्रयास करेगी।

डीजी स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के अनुसार सरकारी स्कूलों में सबसे अधिक नामांकन करने में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा है। बचे हुए बच्चों को भी वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। चार लाख बच्चों को हमने चिन्हित कर लिया है। गृह भ्रमण, घरेलू उद्योगों में काम करने वाले बच्चों और बेटियों को ट्रैक करने पर काफी काम किया गया है। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत आकांक्षात्मक ब्लॉकों में चुनिंदा मॉडल स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान वहां प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे

# सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने निकाला मार्च

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाह्न पर भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति की ओर ध्यान आकृष्ट कराने जाने के क्रम में राजधानी लखनऊ में जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर केन्द्र की भाजपा सरकार के तानाशाही व संविधान विरोधी रवैये के खिलाफतथा उद्योगपति गौतम अडानी द्वारा जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे की लूट के विरोध में 'जय भारत सत्याग्रह' पैदल मार्च करते हुए डीएम लखनऊ के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अपर पुलिस आयुक्त (मध्य) लखनऊ को विरोध प्रदर्शन कर दिया गया।

जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा द्वारा यह कहना कि अडानी पर हमला देश पर हमला है यह कथन कहां तक उचित है। उन्होंने कहा देश में पहली बार सत्ता पक्ष द्वारा लोकसभा और राज्यसभा की कार्यप्रणाली 7 दिनों तक बाधित की गई इसकी जिम्मेदारी किसकी है। राहुल गांधी द्वारा पूछे गए प्रश्न कि अडानी के खाते मे 20 हजार करोड़ रुपए कहां से आए और यह पैसा किसका है? उक्त मुद्दे को लेकर कांग्रेस ग्राम पंचायत स्तर पर चौपाल लगाकर जनता को जागरूक करने का कार्य करेगी।

# नगर निकाय व लोकसभा चुनाव के लिए अभी से बूथस्तर तक जुट जाएं कार्यकर्ता: अखिलेश

● सपा अध्यक्ष ने पूर्व सांसद मुख्तार अनीस की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा अध्यक्ष** अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय देश गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। लोकतंत्र की मूल भावना पर प्रहार हो रहा है। संविधान को कमजोर करने की साजिशें हो रही है। पिछड़ों का आरक्षण छीनने के लिए षडयंत्र हो रहे हैं। सपा भाजपा की जनविरोधी नीतियों का हमेशा विरोध करती रही है। यादव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में सीतापुर के वरिष्ठ समाजवादी नेता व पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री मुख्तार अनीस की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित क रने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्तार अनीस के पुत्र जहीर अब्बास ने भी अपने पिता को नमन किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्तार अनीस गरीबों, किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्ष करते रहे। उन्हें गांजर का गांधी कहा जाता था। वे समाजवादी आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। वे डॉ. राममनोहर लोहिया की विचारधारा और समाजवादी पार्टी के प्रति सदैव निष्ठावान रहे। वे सपा के स्थापनाकाल से जुड़े रहे। उनका परिवार आज भी समाजवादी पार्टी से जुड़ा है। यादव ने कहा कि हम सबको विरासत में मिली समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाना होगा। इसके लिए हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी को जनता के सुख-दुख में शामिल रहना चाहिए। गरीब की मदद में पीछे नहीं रहना चाहिए। नगर निकाय और सन् 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए अभी से बूथस्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने के काम में जुट जाना होगा। वोट बढ़ाना है।

# अवैध स्टैंड व अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आज से

● कई विभागों की संयुक्त टीमें करेंगी अवैध गतिविधियों की जांच ●राजमार्गों पर किसी प्रकार की अवैध वसूली न होने पाए: प्रमुख सचिव गृह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत प्रदेश मे अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड, अवैध वाहनों के संचालन तथा अवैध वसूली एवं सड़कों पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगामी पहली अप्रैल 2023 से 15 अप्रैल 2023 तक विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सड़क राजमार्गों पर किसी भी प्रकार की अवैध वसूली रोकने के लिए राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद द्वारा समस्त मंडलायुक्त, समस्त पुलिस आयुक्त, समस्त जिलाधिकारी व समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश के सभी जनपदों में जिला प्रशासन, नगर निकाय, पीडब्लूडी, अन्य संबंधित विभागों तथा परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीमें गठित की जाएंगी। यह विशेष टीमें अवैध टैक्सी, बस, रिक्शा स्टैंड तथा संचालित अवैध वाहनों, अवैध पार्किंग व अन्य अवैध परिवहन गतिविधियों को रोकने के लिए अवैध रूप से गतिविधियों संचालित करने वाले ठेकेदारों आदि के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई कराना सुनिश्चित करेंगी।

संजय प्रसाद ने कहा है कि सड़क राजमार्गो पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो, इस सम्बन्ध में जनपद स्तर पर कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई की जाय। सड़को पर से अवैध अतिक्रमण यथा अवैध बाजार, रेहड़ी, ठेले तथा अवैध होर्डिंग आदि हटवाने के लिए नगर निकाय, पीडब्लूडी, विकास प्राधिकरण तथा जनपदीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्ययोजना के अनुरूप अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। अतिक्रमण हटवाने से पूर्व वैकल्पिक स्थल व वेंडिग जोन के लिए स्थान निर्धारित कराकर ही अवैध अतिक्रमण हटवाया जाए। वैकल्पिक स्थानों के चिन्हीकरण के पश्चात ठेले, रेहड़ी आदि वहां पर व्यवस्थापित कराए जाएं।

प्रमुख सचिव गृह ने यह भी कहा है कि सड़क राजमार्गों पर किसी प्रकार की अवैध वसूली न होने पाए। अवैध टोल वैरियर, अवैध तहबाजारी वसूली तथा सड़को पर लगने वाले मार्केट से अवैध वसूली के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग, जिला प्रशासन तथा तहसील/ नगर निकाय के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा समस्त अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों, अपराधियों तथा माफि या तत्वों को चिन्हित कराकर उनके विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाए। ऐसी अवैध गतिविधियां संचालित करने वाले अभ्यस्त तत्वों को सड़क परिवहन माफि या के रूप में चिन्हित कराकर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। सड़क राजमार्गों पर यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा अवैध वसूली को रोकने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर आकस्मिक चेंकिग की कार्रवाई की जाए।

# अनामिका यादव महिला कांग्रेस मध्य जोन की प्रदेश सचिव मनोनीत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के अनुमोदनोपरांत अनामिका यादव को उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस (मध्य जोन) के अन्तर्गत प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। अनामिका यादव के प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, अजय राय, योगेश दीक्षित, अनिल यादव, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, प्रज्ञा सिंह, डॉ. रिचा शर्मा सहित उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस (मध्य जोन) की पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### सपा ने घोषित किए राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी पार्टी राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की पहली सूची घोषित कर दी गई है। राजस्थान में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष धूप सिंह पुनिया जाट के अतिरिक्त इंदल सिंह जाट तथ हुकुम सिंह कश्यप प्रदेश उपाध्यक्ष एवं डॉ. मुकर्रम अली प्रदेश महासचिव नामित किए गए है।

### शकील बने सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति स शकील अहमद नदवी को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नामित किया गया है। धनी लाल श्रमिक को समाजवादी मजदूर सभा उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इनके अतिरिक्त राम सुमेर पाल को समाजवादी पार्टी गंगापार इलाहाबाद का जिला महासचिव नामित किया गया है।

# विधानसभा की नकारात्मक छवि सकारात्मक में बदली

● एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने गिनाईं उपलब्धियां ●विधायिका में प्रबंधन का रोल बढ़ाने के लिए आईआईएम, आईआईटी और उद्योग जगत के लोगों को भी जोड़ जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में नई विधानसभा का निर्माण बहुत जल्द शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के मौके पर यह महत्वपूर्ण घोषणा की है। फि लहाल उन्होंने समय निर्धारित नहीं किया। सतीश महाना ने इस मौके पर अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को भी गिनाया। सतीश महाना ने कहा कि 29 मार्च 2022 को मेरा चुनाव हुआ था। लोकतंत्र में विधायिका की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कुछ समय से विधायिका को कमजोर करने का प्रयास हुआ है, भारत के लोगों के द्वारा चुने हुए लोगों की जिम्मेदारी है कि वह जनता के कल्याण का काम करें। पीछे एक साल में बहुत कुछ नया किया गया। अब यूपी विधानसभा को लेकर धारणा बदली है।

### योग्यता के कारण इसकी पहचान बदल रही है

महाना शुक्रवार को अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के मौके पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। प्रबंधन का विधायिका में रोल बढ़ाने के लिए आईआईएमए आईआईटी और उद्योग जगत के लोगों को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे आईआईएम के लोगों से सुझाव लिए जाएंगे। आईआईटी और आईआईएम के वरिष्ठ अधिकारी बुलाए जाएंगे। विधायकों के समूह बनाकर विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में भेजा जाएगा।



उन्होंने कहा कि मंत्री, अधिकारी और विधायकों की समन्वय समिति मिलकर योजना बनाएगी। समिति सुझाव देगी। सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा में पढ़े-लिखे लोगों को आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने विधानसभा में सभी सीटों पर सदस्यों के लिये टैबलेट लगवाने का काम किया है। सदन में सदस्यों के लिए पहले 379 सीटें थीं। अब 417 सीटें कर दी गईं हैं। उन्होंने कहा कि हमने 403 विधायक के साथ अलग-अलग संवाद किया। हमने डिजिटल वीथिका बनाई। वीथिका में हेलीकॉप्टर राइड की व्यवस्था है। जल्द इसे खोला जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उत्कृष्ट विधायक का पुरस्कार जल्द घोषित किया जाएगा। नई नियमावली अगले सत्र से लागू होगी। विधानसभा पुस्तकालय को ई लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा की नकारात्मक छवि, सकारात्मक में बदली है। महाना ने कहा कि ख़ामियों को दूर करने के लिए चर्चा होनी चाहिए। हमने विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा सवाल लेने शुरू किए हैं। विधानसभा में ज़्यादा से ज़्यादा प्रश्न लेकर काम में तेज़ी लाई गई है। विधेयकों के संशोधन के लिए सभी को मौक़ा दिया गया। बजट और राज्यपाल के अभिभाषण पर ऐतिहासिक चर्चा हुई। यूपी अब पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में अहम भूमिका निभा रहा है। तीन दशक में सबसे ज़्यादा लोगों ने चर्चा में हिस्सा लिया। अब विधानसभा में नए बदलाव के साथ काम हो रहा है। महिलाओं के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया। यह नई शुरुआत है। 75 साल में पहली बार महिलाओं को पूरा एक दिन दिया गया। इतिहास में पहली बार सजा सुनाई गई।

### नौ वरिष्ठ आईएएस अफसरों को वेतनमान में पदोन्नति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के नौ वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को वेतनमान में पदोन्नति दी गई है। पिछले दिनों इन आईएएस अधिकारियों को पद स्त्र5म में भी प्रोन्नति मिल चुकी है। सवा दो लाख के वेतनमान पर इन आईएएस अफ सरों को प्रमोशन देने का आदेश कर दिया गया है। जिन अधिकारियों को वेतनमान में प्रोन्नति मिली है उनमें नितिन रमेश गोकर्ण, हिमांशु कुमार, कल्पना अवस्थी, रजनीश गुप्ता, दीपक कुमार, हितेन कुमार, एसएम बोबड़े, अनीता सिंह और सुधीर गर्ग शामि हैं। विशेष सचिव नियुक्ति हरी प्रताप शाही की ओर से जारी आदेश में यह पदोन्नति दी गई है। पद क्रम में इन अधिकारियों को प्रमुख सचिव का ग्रेड पहले ही दिया जा चुका है।

# अडानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ की धनराशि कहां से आई: प्रमोद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भाजपा सरकार से सवाल पूछा है कि क्या अडानी की शेल कंपनियों में रुपए 20000 करोड (बीस हजार करोड़) अथवा 3 बिलियन डॉलर है? इतनी बड़ी धनराशि अडानी स्वयं कमा नहीं सकते क्योंकि वे इंफ्रास्ट्रक्चर में है, इतनी बड़ी धनराशि कहां से आई? यह किसका काला धन है? ये शेल कंपनियां किसकी हैं? ये कंपनियां डिफेंस फील्ड में काम कर रही हैं, तो कोई क्यों नहीं जानता कि इसमें एक चीनी नागरिक शामिल है। वह चीनी नागरिक कौन है?

प्रमोद तिवारी शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने जानना चाहा है कि प्रधानमंत्री का अडानी से क्या रिश्ता है? रक्षा उद्योग के बारे में, हवाई अड्डों के बारे में, श्रीलंका में दिए गए बयानों के संदर्भ में, बांग्लादेश में दिए




गए बयानों के संदर्भ में और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन के साथ बैठे हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अडानी की तस्वीरें है, जिन्होंने कथित तौर पर एक बिलियन डॉलर का ऋ ण स्वीकृत किया था। इसके पुख्ता सुबूत हैं। तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी और राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अडानी के संदर्भ में सदन में दिए गए भाषणों के महत्वपूर्ण अंशों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। यही नहीं अडानी के घोटाले के संदर्भ में जब राहुल गांधी ने संसद में भाषण दिया था और सरकार से सवाल किया था तो उसके 9 दिन बाद राहुल गांधी के खिलाफमानहानि का प्रकरण फिर

# स्वार सीट पर निष्पक्ष उपचुनाव के लिए मंडलायुक्त मुरादाबाद को हटाया जाए

● सपा ने पत्र लिखकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से 34.स्वार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव 2023 को स्वतंत्रए निष्पक्षए निर्भीकए भयमुक्त सम्पन्न कराने के लिए मुरादाबाद मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को उनके वर्तमान पद से तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की 34-स्वार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन-2023 दिनांक 29 मार्च 2023 को घोषित कर दिया है। मुरादाबाद के वर्तमान मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह काफ ी लम्बे समय तक रामपुर में जिलाधिकारी रह चुके हैं और पदोन्नत होकर मण्डलायुक्त के पद पर भी काफ ी समय से तैनात हैं। इसी मण्डल में जनपद रामपुर है। विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 के समय आन्जनेय कुमार सिंह पर भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने का आरोप लगा था, इसकी शिकायत 29 जनवरी 2022 को मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से 29 जनवरी 2022 द्वारा आन्जनेय कुमार सिंह को स्थानान्तरित कराने की मांग की गई थी।

37-रामपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2022 में भी आन्जनेय कुमार सिंह मण्डलायुक्त के पद पर थे। आन्जनेय कुमार सिंह को मुरादाबाद मण्डलायुक्त पद से हटाने की मांग 7 दिसंबर 2022 को पत्र लिखकर मुख्य चुनाव आयुक्त से की गई थी।

चौधरी ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद आन्जनेय कुमार सिंह को मुरादाबाद के मण्डलायुक्त पद से न हटाए जाने से भारत निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में अधिकारियों के विरुद्ध की गई शिकायतों को संज्ञान में लेकर उन्हें हटाया गया था, वर्तमान प्रकरण पर भी गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए हटाया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को प्रदेश अध्यक्ष का पत्र केके श्रीवास्तव तथा डॉ. हरिश्चन्द यादव ने मिलकर सौपा।

# उपभोक्ताओं को रीडिंग आधारित नियमित बिल उपलब्ध कराएं: देवराज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपीपीसीएल** के अध्यक्ष एम. देवराज ने उपभोक्ताओं को अनिवार्य रूप से रीडिंग आधारित बिल उपलब्ध कराने और बिल नियमित रूप से हर माह वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और वाराणसी, लखनऊ, आगरा, मेरठ एवं केस्को के प्रबंध निदेशाकों को जारी आदेश में एम. देवराज ने कहा है कि बिल में रीडिंग के अनुसार ही राशि होनी चाहिए और उपभोक्ताओं को अनावश्यक भागदौड़ के लिए विवश न किया जाए।

जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्यवाही तय हो। उपभोक्ताओं को सही बिल समय पर देने के लिए कई बार स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। हालांकि अभी भी इस प्रकार की शिकायत प्राप्त हो रही है कि उपभोक्ताओं को रीडिंग आधारित बिल प्राप्त नहीं हो रहें हैं। बिल नियमित रूप से हर माह प्राप्त नहीं होते हैं। बिल की धनराशि अत्याधिक है। यह भी शिकायत प्राप्त हो रही है कि बिल रिवीजन के मामलों में भी समय से कार्यवाही नहीं की जाती है। उपभोक्ताओं को अनावश्यक भागदौड़ करनी पड़ रही है। यह स्थिति चिंताजनक है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि मीटर रीडिंग का कार्य निजी एजेंसी से कराए जा रहे हैं लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि स्थानीय अवर अभियंता, सहायक अभियंताए अधिशासी अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता की कोई जिम्मेदारी नहीं है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि उपभोक्ताओं को समय से सही बिल देने की पूर्ण जिम्मेदारी इन सभी की है। इनकी जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। बिल रिवीजन की प्रक्रिया ऑनलाइन ही हो। उन्होंने कहा कि बिल रिवीजन की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाते हुए व्यवस्था की गई है कि जो भी बिल रिवीजन के मामले हों वह ऑनलाइन ही हों।

यदि कोई उपभोक्ता ऑनलाइन के माध्यम से बिल रिवीजन की शिकायत दर्ज नहीं करा पाते हैं तो उनकी लिखित शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित खंड के अधिकारी के द्वारा उसे ऑनलाइन दर्ज कराते हुए आगे की कार्यवाही की जाए। यह देखने में आ रहा है कि अभी भी कई खंडों में पूर्व की भांति बिल रिवीजन की कार्यवाही (डब्लूएसएस में बिना पंजीकृत कराते हुए) ऑफलाइन की जा रही है।

इसे भी समाप्त करते हुए पूर्व के निर्देशानुसार बिल रिवीजन की कार्यवाही ऑनलाइन के माध्यम से और समय से कराई जाए। जिन मामलों में बिल रिवीजन की कार्यवाही की जा रही है, वहां पर यह भी देखना होगा कि बिल रिवीजन की आवश्यकता क्यों पड़ी। ऐसे मामलों में उत्तरदायित्व निर्धारण करते हुए कार्रवाई की जाए।

### 2.5 करोड़ से ज्यादा स्मार्ट प्रीपेड मीटर का हुआ इंस्टालेशन

**लखनऊ।** प्रदेश के हर कोने तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुटी योगी सरकार बिजली की खपत के प्रति आम नागरिकों में जिम्मेदारी का भाव लाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। 2.5 करोड़ से ज्यादा उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर का इंस्टालेशन कर दिया हैए जबकि वितरण परिवर्तकों पर 15 लाख से 21 हजार के करीब नग फीडरों पर स्मार्ट मीटर की स्थापना की गई है। भारत सरकार द्वारा 2021 में रिवैम्पड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम की अधिसूचना जारी की गई थी। उद्देश्य प्रदेश के उपभोक्ताओं को कुशल एवं सुदृढ़ वितरण तंत्र के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण निर्बाध आपूति किया जाना था। 2024.25 तक वितरण हानियों को 12 से 15 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। योजना के प्रमुख कार्यों में स्मार्ट मीटरिंग, वितरण हानियों को कम करने के कार्य सम्मिलित हैं।

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने बताया कि प्रदेश में कुल 2.69 करोड़ उपभोक्ताओं के परिसर पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर की स्थापना की जा चुकी है। मीटरिंग के कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा 18885.48 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें स्वीकृत धनराशि की 15 प्रतिशत धनराशि यानी 2832.82 करोड़ रुपए अनुदान स्वरूप तथा शेष धनराशि यानी 16052.66 करोड़ रुपए का वित्त पोषण राज्य सरकार और वितरण निगम द्वारा किया जाएगा। सुदृढ़ीकरण एवं वितरण हानियों को कम करने के लिए भारत सरकार की ओर से 16498.61 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई जिसमें 60 प्रतिशत (9899.17 करोड़) भारत सरकार द्वारा अनुदान स्वरूप तथा शेष 40 प्रतिशत (6,599.44 करोड़) का वित्त पोषण राज्य सरकार और वितरण निगम द्वारा किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# लखनऊ में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट का आयोजन गौरव की बात: गिरीश चन्द्र

● खेलमंत्री व अपर मुख्य सचिव ने इकाना में आईपीएल की तैयारियों का लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहली अप्रैल से आईपीएल मैच के सफल आयोजन के लिए खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव एवं अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने इकाना स्टेडियम में जाकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी में पहली बार आईपीएल का आयोजन गौरव की बात है। स्टेडियम एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मिलकर टीम भावना से कार्य करते हुए इस आयोजन को सफल बनाएं ताकि देश-विदेश में उप्र के प्रति एक अच्छा संदेश जाए। कोरोना में उप्र के प्रदर्शन को सभी ने सराहा है, इस क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश भी दिए कि स्टेडियम में मैच देखने आने वाले क्रिकेट प्रेमियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सहगल ने कहा कि स्टेडियम में सुरक्षा मानकों का पूरा पालन किया जाए। जिला प्रशासन और स्टेडियम के अधिकारी पूरा तालमेल बनाकर कार्य करें। पूरा आयोजन सुव्यवस्थित हो, ताकि खिलाड़ी और दर्शक यहां से अच्छा अनुभव लेकर वापस जाएं। पार्किंग स्थल से स्टेडियम तक आने के लिए बस की व्यवस्था कराई जाए। पार्किंग स्थल पर भी मैच देखने के लिए स्क्रीन लगाई जाए। टिकट के साथ दर्शकों को पार्किंग स्थल की भी सूचना भेजी जाए। साथ ही पार्किंग स्थल पर पुलिस कंट्रोल रूम भी स्थापित कराया जाए। इकाना के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि स्टेडियम में दर्शकों की इन्ट्री के लिए पांच गेट है। टिकट पर इन्ट्रीगेट का उल्लेख रहेगा। क्यूआर कोड स्कैन कर आगंतुक आसानी से पार्किंग स्थल तक पहुंच सकेंगें।

# यमुना झील के अवैध कब्जे को कराया गया ध्वस्त

● दोषियों को जेल भेजने के मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

● जमीन पर कब्जा कर फैक्ट्री चलाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यमुना झील** के अवैध कब्जे पर मंडलायुक्त द्वारा कड़ी कार्रवाई की गयी। मंडलायुक्त द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर क्षेत्र का भ्रमण कर अवैध कब्जे का जायजा लिया गया। अवैध कब्जे को मंडलायुक्त द्वारा अपने सामने ध्वस्त करा दिया गया। नाराज मंडलायुक्त द्वारा अवैध कब्जेदारों को जेल भेजने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जमीन पर कब्जा कर फैक्ट्री चलाने वाले के खिलाफ श्रम विभाग से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। शुक्रवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ऐशबाग स्थित यमुना झील पर अवैध कब्जा की शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंची। यमुना झील के क्षेत्र का भ्रमण किया। मंडलायुक्त ने मौके पर खुद खड़े होकर अवैध अतिक्रमण का ध्वस्तीकरण करायी। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यमुना झील पर अवैध रूप से किए गए कब्जेदारो पर एफआईआर कराके जेल भेजा जाए। उन्होंने कहा कि आन रिकार्ड जो भी बंजर भूमि है उसे तत्काल खाली कराया जाए। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस के द्वारा यमुना झील में युगल किशोर व्यक्ति द्वारा किए गए अवैध कब्जे पर कार्रवाई की। प्रशासन के अधिकारी के अनुसार जेसीबी से पक्के निर्माण को ध्वस्त कर धराशाही कर दिया है।

# तीन साल की बच्ची के पेट की सर्जरी कर निकाला बालों का गुच्छा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पेट दर्द** की शिकायत से परेशान एक तीन वर्षीय बच्ची के पेट का आपरेशन कर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के विशेषज्ञों ने समस्या से निजात दिलाई है। आपरेशन के दौरान बच्ची के पेट से बालों का गुच्छा निकाला गया। आपरेशन के बाद बच्ची स्वस्थ है। बस्ती निवासी अरविन्द यादव अपनी 3 साल की बच्ची को लेकर काफी परेशान थे। पिछले 3 महीने से बच्ची के पेट में दर्द था। इसके बाद इन्होंने बस्ती के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करवाया लेकिन आराम नहीं हुआ। अंततः उसके माता.पिता बच्चे को लेकर केजीएमयू पहुंचे। संस्थान पहुॅचने के बाद परिजनों ने बच्ची को पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग प्रमुख प्रोफेसर जेडी रावत के अंतर्गत भर्ती कराया।

भर्ती के वक्त बच्चे के पेट का दर्द बढ़ता ही जा रहा था, साथ ही साथ बच्ची को उल्टिया होने लगी थी। जिस वजह से बच्ची कुछ भी खाने अथवा पीने में असमर्थ थी। बच्ची के माँ बाप से बात करके पता चला की बच्ची को बाल (सर के अथवा जमीन पर गिरे हुए टूटे हुए बाल) खाने की भी आदत थी। इस बात को मद्देनजर रखते हुए बच्ची को साइकियाट्रिक डिपार्टमेंट में भी दिखाया गया तथा और भी संबन्धित जांचे कराइ गयी, जिसमें पेट की दूरबीन से भी जांच सम्मिलित थी।

इन सबसे पता चला की बच्ची के पेट में बालो का गुच्छा बन गया है। जिसके बाद बच्ची का ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद बच्ची को एनेस्थेसिया देकर ओटी में ले जाया गया। इसके बाद प्रोफेसर जेडी रावत और उनकी टीम ने पेट में चीरा देकर पूरा बालो का गुच्छा निकाला। सर्जरी के 4 दिन बाद बच्ची का खाना पीना शुरू हो गया और हालत में लगातार सुधर होने लगा। जिसके बाद बच्ची को डिस्चार्ज कर दिया गया। ऑपरेशन करने वाली टीम में प्रोफेसर जे डी रावत, डॉ सुधीर सिंह और डॉ निरपेक्ष त्यागी और एनेस्थीसिया टीम में प्रोफेसर जी पी सिंह, डॉ प्रेमराज सिंह और ओ टी टीम में सिस्टर वंदना और सिस्टर अंजू ने सहयोग दिया।

# बारिश के साथ ओलावृष्टि व तेज हवा चलने की चेतावनी

● जिलाधिकारी ने शहरवासियों से सतर्क रहने का किया आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मौसम** में हो रहे बदलाव को देखते हुए डीएम द्वारा शहरवासियों को सतर्क किया गया है। बिजली कड़कने, तेज हवा और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गयी है। ऐसे में खराब मौसम के चलते अनावश्यक घरों से बाहर न निकलें। शुक्रवार को तड़के सुबह से तेज हवा और पानी बरसा। पूरा दिन बादल और धूप की लुकछिपी होती रही। शाम को तेज बूंदाबांदी से लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी। शुक्रवार को राजधानी में तेजहवा के साथ बरसात हुई। सुबह से ही मौसम में बदलाव रहा। तेज हवाओं ने मौसम को ठंडा रखा। डीएम सूर्यपाल गंगवार के अनुसार राजधानी में बिजली कड़कने, तेजहवा और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गयी है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गयी हे। अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न जाएं। सवाधानियां बरतें और घरों में सुरक्षित रहें। राजधानी के साथ आस पास के क्षेत्र में शाम को पानी बरसा। पानी बरसने से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के लिए यह मौसम बेहद नुकसान दायक है। जिले के ग्रामीण इलाकों के खेत में खड़ी फसलों के लिए पानी अभिशाप है। खेतों में अधपक्की फसलें खड़ी हैं। पानी और ओलावृष्टि से फसल टूटकर गिर जाएगी। पानी भरने से दाना सड़ जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेंटीग्रेट रहा, जो सामान्य 5.2 डिग्री सेंटीग्रेट कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेंटिग्रेट दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेंटीग्रेट पारा गिरा रहा। हालांकि पूरा दिन बादल और धूप की लुकछिपी होती रही।

# आउटर रिंग रोड निर्माण कार्य की धीमा प्रगति पर डीएम सख्त

● कोताही बरतने वालों से मांगा स्पष्टीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आउटर रिंग रोड** के कार्यों की जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं और अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को आउटर रिंग रोड के निर्माण में कार्य धीमा होने पर कड़ी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी द्वारा आटर रिंग रोड के शेष कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया। कार्यदायी संस्थाओं का शत प्रतिशत मिट्टी डालने के निर्देश दिए गए। साथ ही कोताही बरतने पर स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया गया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में आउटर रिंग रोड में प्रयुक्त मिट्टी खनन, भराई के कार्यों की बैठक की। बैठक में पीएनसी इन्फ्राटेक लि द्वारा पैच 0 से 32 किमी0 सुल्तानपुर रोड से बेहटा के बीच कुल मिट्टी की आवश्यकता 56 लाख घनमीटर बताया गया, जिसमें इनके द्वारा 51.49 लाख घनमीटर मिट्टी खनन की अनुमति ली गयी। अब तक मौके पर 45.15 लाख मिट्टी डाली जा चूंकि है। अब तक इनके द्वारा किये गये कार्य की प्रगति 91.94 प्रतिशत है। पीएनसी इन्फ्राटेक के प्रतिनिधि ने शेष मिट्टी की मात्रा के स्थान पर फ्लाईएस का प्रयोग किये जाने की जानकारी दी गयी। गावर कन्स्ट्रक्शन कम्पनी ने बताया कि पैच 32 से 64.09 किमी बेहटा रोड से सीतापुर रोड तक पूर्व में सदभाव कम्पनी द्वारा कार्य किया जा रहा था, जिसके स्थान पर गावर कन्स्ट्रक्शन कम्पनी कार्य कर रही है। गावर कन्स्ट्रक्शन को कुल 8.50लाख घनमीटर मिट्टी की आवश्यकता है। जिसमें इनके द्वारा 1.08 लाख घनमीटर मिट्टी के खनन की अनुमति प्राप्त कर लिया गया है। पैच में कुल मिट्टी की आवश्यकता 48.77 लाख घनमीटर के सापेक्ष इनके द्वारा कुल 41.59 लाख घनमीटर की अनुमति प्राप्त की गयी है। अब तक इनके द्वारा किये गये कार्य की प्रगति 85.27 प्रतिशत है। प्रगति प्रतिशत कमी होने का मुख्य कारण पूर्व में सद्भाव कम्पनी द्वारा मिट्टी की आपुर्ति नियमित रूप से न किया जाना बताया गया। डीआरए कम्पनी के तरफ से कोई प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित नहीं हुआ। इनके द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार पैच 64.9 से 78 किमी सितापुर रोड से अयोध्या रोड तक लखनऊ में मिट्टी की आवश्यक मात्रा 9.09 लाख घनमीटर के सापेक्ष 9.09 लाख घनमीटर की मिट्टी के खनन की अनुमति प्राप्त कर ली गयी है और अब तक मौके पर 8.82 लाख घनमीटर मिट्टी डाली जा चूंकि है।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को आउटर रिंग रोड के निर्माण में कार्य धीमा होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य जल्द से जल्द समाप्त किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। यह भी निर्देशित किया गया कि आउटर रिंग रोड निर्माण में कार्यरत कार्यदायी संस्थाओं यथा पीएनसी, सद्भाव व गावर कन्स्ट्रक्शन और डीआरए द्वारा मिट्टी खनन की प्राप्त अनुमति के मात्रा के सापेक्ष शत प्रतिशत मौके पर मिट्टी डाला जाए। यही नहीं इसमें कमी होने पर स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। पॉवर कार्पोरेशन के मुख्य अभियन्ता और एनएचएआई के परियोजना निदेशक को निर्देश दिया गया कि विद्युत पोल के शिफ्टिंग की कार्यवाही तेज कर ली जाये एवं जहां पर वन विभाग की अनापत्ति की आवश्यकता हो तो एक सप्ताह में प्राप्त कर लिया जाये। साथ ही कार्य में तेजी लायी जाये। एनएचएआई के परियोजना निदेशक को यह भी निर्देशित किया गया की निर्माण में कार्यरत पीएनसी सद्भाव व गावर कन्स्ट्रक्शन और डीआरए द्वारा जो मिट्टी खनन में सरकारी तालाब के गाटों में खनन की अनुमति प्राप्त की गयी है। उसके अनुरूप ही इनके बिलों का भुगतान किया जाये साथ ही परियोजना निदेशक एनएचएआई को यह भी निर्देश दिया गय कि आउटर रिंग रोड में कार्यरत एजेन्सी के कार्यों का नियमित मॉनिटियरिंग किया जाये और उसकी सूचना इस कार्यालय में उपलब्ध करायी जाये।

# अब प्रभारी सम्पत्ति अधिकारी दे सकेंगे लीज से फ्री होल्ड की स्वीकृति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** की लीज होल्ड सम्पत्तियों को फ्री.होल्ड करने की स्वीकृति अब प्रभारी सम्पत्ति अधिकारी (स्तर.2) प्रदान कर सकेंगे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा जन सामान्य की सुविधा के तहत इस सम्बंध में निर्णय लेते हुए आदेश जारी किये गए हैं। शुक्रवार को एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण की समस्त योजनाओं में स्थित सम्पत्तियों की रजिस्ट्री एवं नामान्तरण प्रक्रिया को सरल करने के उद्देश्य से रजिस्ट्री एवं नामान्तरण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए सम्बंधित योजनाओं के प्रभारी अधिकारियों (स्तर.2) को अधिकृत किया गया है। अब इस सम्बंध में सभी प्रकार की सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के साथ.साथ लीज होल्ड से फ्री.होल्ड रजिस्ट्रियों के नियमों के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान करने के लिए भी सम्बंधित प्रभारी सम्पत्ति अधिकारी को अधिकृत कर दिया गया है।

# जीवनमूल्यों पर आधारित शिक्षा छात्रों को आदर्श नागरिक बनायेगी:डा. जगदीश गाँधी

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (द्वितीय कैम्पस) द्वारा सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा छात्रों का जीवन पर्यन्त साथ देती है। उन्होंने कहा कि हमें बालक का अच्छा भविष्य बनाना है तो इसके लिए जीवन मूल्यों की शिक्षा देनी होगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को घर में ईश्वरभक्ति से परिपूर्ण आध्यात्मिक एवं संस्कारित वातावरण उपलब्ध करायें। इससे पहले, डा. गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का विधिवत् उद्घाटन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वधर्म व विश्व शांति प्रार्थना से हुआ। इस अवसर पर अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत द्वारा ईश्वरीय एकता का ऐसा आलोक बिखेरा कि पूरा ऑडिटोरियम एकता और भाईचारे के संगीत से गूँज उठा।

## सीएमएस ने मेधावियों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) द्वारा सीएमएस गोमती नगर ऑडिटोरियम में आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. गाँधी ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद की प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

# बकाए एरियर व मृतक आश्रित नियुक्ति प्रक्रिया की ऑनलाइन जानकारी ले सकेंगे शिक्षक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर मुख्य सचिव** बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार ने शुक्रवार को पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ में उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के सभी प्रकार के एरियर भुगतान एवं मृतक आश्रित नियुक्ति हेतु प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र लखनऊ द्वारा विकसित माड्यूल का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार ने कहा कि माड्यूल विकसित कर शिक्षकों को एरियर एवं मृतक आश्रित नियुक्ति की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गयी है। शिक्षक अपने एरियर भुगतान व मृतक आश्रित नियुक्ति के बारे में ऑनलाइन जानकारी मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के एरियर भुगतान एवं मृतक आश्रित नियुक्ति का लाभ निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से हो, जिसको ध्यान में रखते हुए यह कार्य किया जा रहा है। ऑनलाइन कार्य किये जाने पर शिक्षकों को उनके एरियर का भुगतान एवं मृतक आश्रित की नियुक्ति समय से मिल सकेगी और उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं होने पायेगी।

सचिव उप्र बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों हेतु मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से पहले से दी जा रही डिजिटल एवं ऑनलाइन सुविधाओं यथा सेवा पुस्तिका, अवकाश प्रबन्धन एवं पेरोल माड्यूल के क्रम में एरियर भुगतान एवं मृतक आश्रित नियुक्ति हेतु माड्यूल ऑनलाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि मानव संपदा पोर्टल मे लॉगिन कर शिक्षक अपने सभी प्रकार के एरियर के भुगतान हेतु आवेदन मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर सकेंगे एवं विकसित माड्यूल में दी गयी व्यवस्था अनुसार अपने आवेदन का विवरण अद्यतन स्थिति एंव निस्तारण की स्थिति का अवलोकन ऑनलाइन देख सकेंगे।

# पशुधन घोटाला मामले में बंद आशीष की जमानत याचिका खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** पशुधन घोटाला मामले में निरुद्ध मुल्जिम आशीष राय की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। पीठ का कहना था कि मुल्जिम ने बड़े पदों पर बैठे सरकारी अधिकारियों के साथ इस अपराध को अंजाम दिया है। जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश आशीष राय की जमानत याचिका पर दिया है। 13 जूनए 2020 को इस मामले की एफ्आइआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फरिन्कू ने थाना हजरतंगज में दर्ज कराई थी। आशीष रायए मोंटी गुर्जर व उमेश मिश्रा समेत 13 मुल्जिमों को नामजद किया गया था। मुल्जिमों पर कुटरचित दस्तोवजों व छद्म नाम से गेहूंए आटाए शक्कर व दाल आदि की सप्लाई का ठेका दिलवाने के नाम पर नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपए की ठगी का आरोप है। विवेचना में सीनियर आइपीएस अफ्सर अरविंद सेन समेत चार अन्य मुल्जिमों का नाम भी प्रकाश में आया था। इस मामले में कुल 15 मुल्जिम न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं।

## आत्महत्या के लिए उकसाने में पिता को सजा

**लखनऊ।** आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी करार दिए आरोपी पिता ओम प्रकाश वर्मा को अदालत ने तीन वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष जज पवन कुमार राय ने इस पर 10 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। 2014 में सुसाइड नोट के आधार पर इस मामले की एफ्आईआर थाना हसनगंज में दर्ज हुई थी।

## दुराचार के प्रयास में आठ वर्ष की सजा

**लखनऊ।** चार वर्ष की मासुम बच्ची से दुराचार के प्रयास में दोषी करार दिए गए मुल्जिम याकूब खान को पॉक्सो की विशेष अदालत ने आठ वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष जज पवन कुमार राय ने इस पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। 25 अप्रैल, 2015 को इस मामले की एफ्आईआर पीड़िता के पिता ने थाना गाजीपुर में दर्ज कराई थी।

# दामाद की हत्या में सास, ससुर साला व साली को उम्र कैद

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** दामाद की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी ससुर प्रकाश व इसकी पत्नी आशाए पुत्र गुड्डू तथा पुत्री रिशा को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। एडीजे लोकेश वरुण ने इन सभी पांच.पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील अभय कुमार त्रिपाठी व एमके सिंह के मुताबिक मृतक मुकेश डुप्लीकेट की पत्नी मनीषा उसके छोटे भाई के साथ बतौर पत्नी रहने लगी थी। तब मुकेश अपने ससुर प्रकाश से कहने लगा कि वो अपनी छोटी लड़की रिशा की शादी उससे करा दें। लेकिन प्रकाश व उसका परिवार इसके लिए तैयार नहीं हो रहा था। इस बात पर एक वर्ष से विवाद हो रहा था। 23 दिसंबरए 2007 इसी विवाद में मुल्जिमों ने मुकेश के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। उसकी लाश को बस्ती के बाहर तालाब में फेंक दिया था। इस मामले की एफ्आईआर मोण् कलीम ने थाना काकोरी में दर्ज कराई थी। कलीम की दुकान पर मुकेश काम करता था। विशेष जज ने हत्या के एक अन्य मामले में भी दोषी करार दिए गए मुल्जिम राम खिलावनए संतोष पासीए विजय कुमार व राम सरन को भी उम्र कैद की सजा सुनाई है। इन पर भी पांच.पांच हजार का जुर्माना लगाया है। 12 अगस्तए 2007 को इस मामले की एफ्आईआर मृतक राम मिलन के पिता परीदीन ने थाना नगराम में दर्ज कराई थी।

## रिश्वत लेने के मामले में एडीओ को सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** रिश्वत लेने के मामले में दोषी करार दिए गए रायबरेली की लालगंज ब्लाक के तत्कालीन एडीओ समाज कल्याण अशोक कुमार गुप्ता को विशेष अदालत ने दो वर्ष की सजा सुनाई है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज गौरव कुमार ने इस पर 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। सरकारी वकील आशुतोष वाजपेई के मुताबिक आरोपी पर स्पेशल कम्पोनेट प्लान के तहत रिक्शे के लिए पास लोन का चेक देने के एवज में आठ सौ रुपए की रिश्वत लेने का इल्जाम है। 31 मार्चए 2008 को विजिलेंस ने इसे रिश्वत की इस रकम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इसके खिलाफ भगवानदीन कोरी ने शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले की एफ्आईआर रायबरेली की थाना लालगंज में दर्ज हुई थी।

## रिक्शा चालक की हत्या में उम्र कैद

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** दारु पीने के दौरान हुई कहासुनी में अपने साथी रिक्शा चालक की हत्या करने के आरोपी विनोद कुमार उर्फ रामतीरथ को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। एडीजे हरिवंश नारायण ने इस पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील ज्वाला प्रसाद शर्मा व पुष्पेंद्र सिंह गौतम के मुताबिक 14 अगस्तए 2016 को इस मामले की एफ्आईआर रामऔतार ने थाना तालकटोरा में दर्ज कराई थी। गत 10 वर्ष से राम औतार का रिक्शा सर्वेश कुमार व विनोद कुमार चलाते थे। एक रात पहले दारु पीने के दौरान दोनों में झगड़ा हुआ था। जिसे आसपास के लोगों ने शांत करा दिया था। लेकिन सुबह तीन बजे भोर मे विनोद ने हथौड़ा और पेचकश मारकर सोते समय सर्वेश की हत्या कर दी।

# मरीज को करें तुरंत भर्ती, अस्पताल को रखें साफ: ब्रजेश पाठक

● उपमुख्यमंत्री ने बलरामपुर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, तीमारदारों से की बातचीत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप मुख्यमंत्री** ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को बलरामपुर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें कई कमियां मिलीं। नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्था सुधार करने के निर्देश दिये। इरमजेंसी में स्ट्रेचर पर लेटे मरीज को 40 मिनट बाद भी वार्ड में शिफ्ट न किये जाने पर भी नाराजगी जाहिर की। इमरजेंसी मेडिकल अफसर को तुरंत मरीज की भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की हिदायत दी। शुक्रवार की सुबह उप मुख्यमंत्री अचानक इमजरेंसी पहुँचे। कैजुअल्टी के बाहर कई मरीज स्ट्रेचर पर लेटे थे। उन्होंने इमरजेंसी मेडिकल अफसर से मरीजों को वार्ड में शिफ्ट न करने का कारण पूछा। जिसका जवाब डॉक्टर नहीं दे पाए। एक मरीज के इलाज संबंधी कागज देखे। जिसमें मरीज करीब साढ़े नौ बजे आया था। जिसे दस बजे के बाद भी वार्ड में शिफ्ट नहीं किया जा सका। इस पर उप मुख्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर की। कहा यदि किसी मरीज को 40 मिनट बाद भी इलाज शुरू नहीं हो पा रहा है तो यह चिंता का विषय है।

इस कार्यशैली में सुधार लाएं। उप मुख्यमंत्री इमरजेंसी पंजीकरण कक्ष में गये। जहां अलमारी में चाय के जूठे कप रखे थे। इसका कारण सुपर वाइजर से पूछा। कम्प्यूटर के आस.पास भी धूल थी। तत्काल सफाई के निर्देश दिये। साथ ही तारों के मकड़जाल को दुरुस्त करने की हिदायत दी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर के पहले हॉल में अंधेरा होने पर नाराजगी जाहिर की। भवन में कई हिस्सों में टाइल्स टूटे थे। पानी व बिजली की पाइप लाइन गड़बड़ थी। जिसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। इस संबंध में महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ लिली सिंह से फोन पर वार्ता कर जल्द से जल्द अस्पताल की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। इमरजेंसी के बाहर गंदगी फैली थी। नालियों की नियमित सफाई न होने पर भी उप मुख्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर की।

## बाहर की दवा तो नहीं लिख रहे डॉक्टर

डॉक्टर मरीज को बाहर की दवा तो नहीं लिख रहे हैं। यदि लिख रहे हैं तो बिना डरे बताएं। उप मुख्यमंत्री ने इमरजेंसी में भर्ती मरीज के तीमारदारों से कुछ ऐसे ही सवाल पूछे। जांचों के बारे में जानकारी हासिल की। तीमारदारों ने दवा व जाँच अस्पताल से लिखे जाने की बात कही। पीडियाट्रिक इंटेसिव केयर यूनिट व सुपर स्पेशिलिटी विभाग का भी उन्होंने निरीक्षण किया। निदेशक डॉ रमेश गोयल, सीएमएस डा जीपी गुप्ता और चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिमांशु चतुर्वेदी को नियमित राउंड लेने व मरीजों की सुविधाओं को बेहतर करने की हिदायत दी।

## आयुष मंत्री की उपस्थिति में हुआ स्वर्णप्रासन संस्कार

प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु की गरिमामयी उपस्थिति में आज टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल लखनऊ में 543 बच्चों का स्वर्णप्रासन संस्कार कराया गया। निदेशक आयुर्वेद डॉ पीसी सक्सेना, डॉ धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहें।

## कोरोना के 12 नये मरीज मिले

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्तर पर कोरोना के बढ़ाते आंकड़ों ने राजधानी लखनऊ में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। शुक्रवार को लखनऊ में कोरोना के 12 नये मरीज सामने आये हैं। आलमबाग में 5 महिला, अलीगंज में 2 महिला, इन्दिरानगर में 1 महिला 2 पुरूष, सरोजनीनगर में 1 महिला, सिल्वर जुबली में 1 महिला कोविड धनात्मक रोगी पाए गए है। वहीं आज 7 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए। जनपद में कोविड एक्टिव केसों की संख्या.34 है।

## सीएमओ की टीम ने आठ अस्पतालों का किया निरीक्षण नोटिस जारी

**लखनऊ।** बगैर मानक लखनऊ में चल रहे निजी अस्पतालों पर नकेल कसने के उद्देश्य से शुक्रवार को सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आठ अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमियों का अम्बार मिलने पर अस्पतालों को नोटिस जारी कर 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। सीएमओ के निर्देश पर आज उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ केडी मिश्रा द्वारा आठ अस्पतालों में ठाकुरगंज स्थित फेडरल अस्पताल, दुबग्गा स्थित मेडिसिटी अस्पताल, बुद्धेश्वर रोड स्थित मिडलैंड अस्पताल, आर एन ए अस्पताल, सुपर जनता अस्पताल, हाइटेक अस्पताल, कुसुमा अस्पताल और यूपी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। बुद्धेश्वर रोड स्थित हाइटेक अस्पताल में निरीक्षण के दौरान पाँच मरीज भर्ती मिले। दो मरीज आईसीईयू में थे।

HDFC BANK
We understand your world

विशेष कार्य विभाग
प्रथम तल, प्रणय टावर्स, निकट विधान सभा, 38, दरबारी लाल शर्मा मार्ग, लखनऊ-226001

**कब्जा सूचना परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, एचडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 03-01-2023 जारी की थी, जिसमें कर्जदार(रों) 1. श्री प्रणय कुमार मिश्रा पुत्र श्री अरविंद कुमार मिश्रा (कर्जदार) 2. श्री अरविंद कुमार मिश्रा पुत्र श्री राम नारायण मिश्रा (सह-कर्जदार) से उक्त सूचना में वर्णित अनुसार बकाया राशि रू. 9,28,287/- (रूपए नौ लाख अठ्ठाईस हजार दो सौ सतासी मात्र) का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा 27-03-2023 को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदार को विशेष रूप से और जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीएफसी बैंक लि. की बकाया राशि रू. 9,28,287/- (रूपए नौ लाख अठ्ठाईस हजार दो सौ सतासी मात्र) पर ब्याज तथा व्यय एवं प्रभारों जोड़कर तथा भुगतान की गई राशि, यदि कोई किया गया है, घटाकर शेष राशि चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

एच. एन. 614/307, सम्पत्ति सं. 18, मिनजुमला खसरा नंबर 366, परिमाप 1650 वर्ग फीट, स्थित रहीम नगर डेबौली, वार्ड - फैजुल्लागंज, परगना लखनऊ-222022, उत्तर प्रदेश, जो श्री अरविंद कुमार मिश्रा के नाम पर है। चौहद्दी निम्नानुसार : पूरब : 20 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम : सम्पत्ति सं. 29 एवं 30, उत्तर : सम्पत्ति सं. 19, दक्षिण : सम्पत्ति सं. 17.

स्थान : लखनऊ
तिथि - 27-03-2023

प्राधिकृत अधिकारी,
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट ने दुनिया को कराया यूपी की ताकत का अहसासः योगी

● मुख्यमंत्री ने परंपरागत हस्तशिल्पी और कारीगरों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान के माध्यम से सम्मानित करने के साथ ही टूलकिट वितरित किए



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने कहा हैकि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों ने ये तय कर दिया है कि चौथी औद्योगिक क्रांति का मुख्य केंद्र उत्तर प्रदेश ही बनेगा। यूपी ही औद्योगिक क्रांति 4.0 का जनक होगा। प्रदेश के औद्योगिक विकास का केंद्र बिंदु यहां मौजूद 96 लाख एमएसएमई क्लस्टर हैं। समय आ गया है कि हमें अब प्रदेश में एमएसएमई प्रोडक्ट को नए मुकाम पर ले जाने के लिए डिजाइनिंग और पैकेजिंग इंस्टीट्यूट खोलने होंगे। इसके साथ ही विश्वकर्मा श्रम योजना से बैंकों को भी जोड़ने की आवश्यकता है, जिससे हमारे कारीगर अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए आर्थिक मदद प्राप्त कर सकें। प्रदेश के हर जिले में बैंकर्स के साथ विश्वकर्मा श्रम योजना से जुड़े कारीगरों की बैठकों का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित राज्य निर्यात पुरस्कार, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य पुरस्कार, संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत टूलकिट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

आज प्रदेश भर में राज्य के परंपरागत हस्तशिल्पी और कारीगरों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान के माध्यम से सम्मानित करने के साथ ही टूलकिट उपलब्ध कराया जा रहा है। मैं आप सभी को हृदय से बधाई देता हूं। ओडीओपी आज प्रदेश के हर जनपद के प्रोडक्ट को ना सिर्फ प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि नई डिजाइन और तकनीक के साथ जोड़ते हुए उसके लिए वैश्विक बाजार भी उपलब्ध करा रहा है। ओडीओपी यूपी के एमएसएमई सेक्टर की बैक बोन बन चुका है। इतना ही नहीं पूरे देश में ये आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बनकर उभरा है। ओडीओपी ने यूपी के हस्तशिल्पियों को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाया है। यही कारण है कि यूपी आज एक्सपोर्ट के हब के रूप में उभरकर सामने आया है। 2017 से पहले केवल 86 हजार करोड़ का निर्यात हम कर पाते थे मगर इस वर्ष हम पौने दो लाख करोड़ का निर्यात करने जा रहे हैं। ये हमारे ओडीओपी के पोटेंशियल को दिखाता है।

ये ओडीओपी की ताकत है कि यूपी आज निवेश के सबसे बड़े गंतव्य के रूप में उभरा है। 35 लाख करोड़ का निवेश यूपी को मिला है। बेशक कानून का राज हमारी पहली प्राथमिकता है, शासन नेक नियत से काम करे ये भी जरूरी है मगर इन सबके साथ ही 96 लाख एमएसएमई का क्लस्टर होना भी यूपी की ताकत है। ये एमएसएमई ही यूपी के औद्योगिक विकास की नींव बनने जा रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने ये तय कर दिया है कि चौथी औद्योगिक क्रांति का जनक यूपी ही बनेगा। इस औद्योगिक क्रांति को यूपी ही लीड करेगा। आज हमने 51 बुनकरों को संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार से सम्मानित किया है। ये बुनकर हमारी ताकत हैं। यूपी में ढाई से तीन लाख परिवार केवल बुनकरी के कार्य से जुड़े हैं। बुनकरों के करघों के लिए सरकार जल्द ही विद्युत के फ्रेट यूनिट की घोषणा करने जा रही है, जिससे इनकी कला को किसी का ग्रहण ना लगे। हम अच्छी डिजाइन और अच्छी तकनीक से जुड़ सकें, इसके लिए हमें अपनी ताकत को बढ़ाना होगा। सरकार हर कदम पर आपके साथ है।

सीएम ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में 75 हजार विश्वकर्मा श्रम सम्मान से जुड़े कारीगरों को टूलकिट उपलब्ध कराई जा रही है। जैसे औद्योगिक विकास के लिए एमएसएमई की भूमिका है, वैसे ही समाज के लिए हमारे विश्वकर्मा श्रम योजना से जुड़े लोग महत्वपूर्ण हैं। इसमें धोबी, हलवाई, कारीगर, मोची सहित वो तमाम वर्ग हैं जिनके बगैर हमारा जीवन चक्र चल ही नहीं सकता। हमने लगभग 16 ऐसी कैटेगरी तय की हैं। मैं प्रदेशभर में 75 हजार विश्वकर्मा श्रम सम्मान से जुड़े कारीगरों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। हमें अब विश्वकर्मा श्रम योजना से जुड़े कारीगरों के साथ बैंकों को भी जोड़ने का काम करना होगा। हमारे कारीगर हमारे श्रमिक अपना बिजनेस शुरू कर सकें, इसके लिए बैंकों की ओर से आर्थिक मदद मिले, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। हमें हर जनपद में निर्यात प्रोत्साहन का केंद्र खोलते हुए इनके उत्थान के लिए कार्य करना होगा। इसमें बैंकर्स को भी बुलाने की जरूरत है। संत कबीर राज्य हथकरघा सम्मान के लिए 12 लोगों को, राज्य निर्यात पुरस्कार से 34 फर्म को, एमएसएमई पुरस्कार से 20 लोगों को, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से 75 हजार कारीगरों को प्रशिक्षित कराते हुए प्रमाणपत्र वितरित करते हुए टूलकिट वितरण किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़े पांच लोगों को मुख्यमंत्री के हाथों टूलकिट का वितरित किया गया। औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, एसीएस एमएसएमई एंड एक्सपोर्ट प्रमोशन अमित मोहन प्रकाश, सचिव प्रांजल यादव, कमिश्नर एवं डायरेक्टर राजेश कुमार, पुरस्कार विजेता सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# रोडवेज बस को डीसीएम ने मारी टक्कर, कई घायल



**मोहनलालगंज।** डीसीएम की टक्कर से सवारियों से भरी बस मोहनलालगंज के गौरा में डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर होते ही बस में चीख.पुकार मच गई। गनीमत रही कि हादसे में सवारियों को गंभीर चोट नही आई। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने दूसरी बस भेजकर सवारियों को गंतव्य के लिए रवाना किया। रायबरेली डिपो की बस लखनऊ से तकरीबन 50 सवारियां लेकर शुक्रवार को रायबरेली जा रही थी। मोहनलालगंज में गौरा कालोनी आटा मिल के निकट डीसीएम ने बस में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस अनियंत्रित होकर रायबरेली हाईवे के डिवाइडर से टकरा गई। झटका लगते ही बस में बैठी कुछ सवारियां मामूली रूप में जख्मी हो गईं। सभी सवारियां बाल.बाल बच गईं। चीख.पुकार के बीच ड्राइवर और कंडक्टर ने सभी सवारियों को सकुशल नीचे उतारा और अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। दूसरी बस भेजकर सभी सवारियों को रायबरेली भेजा गया। रायबरेली डिपो के एआरएम एमएल केसरवानी ने घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया। एआरएम ने बताया डीसीएम की टक्कर से बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। हालांकि सभी सवारियां सुरक्षित हैं। उन्हें दूसरी बस से गंतव्य के लिए भेज दिया गया।

# प्रदेश में पर्यटन की असीमित संभावनाएंः जयवीर

● प्रयागराज एवं नैमिषारण्य के पर्यटन विकास के लिए समझौता ज्ञापन निष्पादित



**लखनऊ।** भारत सरकार द्वारा चयनित स्थलों के समेकित पर्यटन विकास के लिए योजना तैयार कराये जाने के दिशा निर्देशों के अनुरूप पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार, पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश एवं संबंधित जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कमेटी के मध्य भारत सरकार की अपेक्षानुसार त्रिपक्षीय एमओयू हस्ताक्षरित कराया गया। यह जानकारी शुक्रवार को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि प्रदेश में पर्यटन की असीमित संभावनाओं को देखते हुए विन्ध्याचल, नैमिषारण्य, प्रयागराज, अयोध्या, चित्रकूट, संकिसा, आगरा, कानपुर, महोबा, झांसी, गोरखपुर, कुशीनगर, बटेश्वर एवं कपिलवस्तु के चर्चित पर्यटन स्थलों को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने हेतु स्वदेश दर्शन स्कीम द्वितीय की गाइडलाइन के अनुसार प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे गये थे। जिसमें से प्रयागराज तथा नैमिषारण्य के प्रस्ताव को भारत सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गयी है।

निष्पादित किये गये त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर पर्यटन विभाग के महानिदेशक मुकेश कुमार मेश्राम एवं जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री एवं जिलाधिकारी सीतापुर अनुज सिंह ने हस्ताक्षर किये। उन्होंने बताया कि स्वदेश दर्शन स्कीम 2० के तहत चयनित स्थलों के समेकित पर्यटन विकास हेतु योजना तैयार कराये जाने के लिए विशेषज्ञों की टीम के चयन की कार्यवाही पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के स्तर पर की जा रही है। जयवीर सिंह ने बताया कि विशेषज्ञों की टीम के चयन के उपरान्त चिन्हित स्थलों नैमिषारण्य एवं प्रयागराज के समेकित पर्यटन विकास हेतु डीपीआर तैयार कराकर अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि पर्यटन सेक्टर में रोजगार तथा विकास के लिए असीमित संभावनायें हैं। देश की अर्थव्यवस्थायें पर्यटन सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसको दृष्टिगत रखते हुए जनपद प्रयागराज तथा नैमिषारण्य को पर्यटन गन्तव्य के स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा।

## लोकदल के युवा व अल्प संख्यक प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निर्देशानुसार युवा राष्ट्रीय लोकदल तथा राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधायक चंदन चौहान की संस्तुति पर बस्ती के राजा ऐश्वर्य राज सिंह व मुरादाबाद के अभिनव चौधरी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा बुलंदशहर की अंजू मुस्कान, राजस्थान की हरसिमरन, गाजियाबाद के सचिन त्यागी, दिल्ली के आफताब आलम एडवोकेट, मथुरा के लवी ठाकुर उर्फ अतुल सिसोदिया, दिल्ली के बदर महमूद को राष्ट्रीय महासचिव भरतपुर राजस्थान के रणवीर मदेरणा, बाराबंकी के अमित कुमार पटेल, बदायूं के योगेश यादव, सम्भल के मनु धारीवाल, कानपुर के डॉ सुहेल चौधरी, मथुरा के रोहित प्रताप, अलीगढ़ के नीरज शर्मा, आगरा के कप्तान सिंह भगौर तथा बुलंदशहर के अभिषेक त्यागी को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है।

# 2023-24 में डेढ़ करोड़ जांच का लक्ष्यः डॉ सिंह

● संचारी रोग अभियान का शुभारंभ आज से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वेक्टर** बार्न डिजीज के निदेशक डॉ एके सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार एक अप्रैल से वेक्टर जनित रोगों के नियंत्रण के लिए वृहद् अभियान चलाने जा रही है। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर मरीजों को चिन्हित कर ब्लॉक स्तर पर ही इलाज सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर सर्विलांस टीम गठित कर दी गई है। डॉ सिंह शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित वीबीडी कानक्लेव को संबोधित कर रहे थे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग का यह कानक्लेव पाथ और सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च एंड इनोवेशन, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमि. के सहयोग से आयोजित हुआ।

कानक्लेव में मलेरिया, फाइलेरिया और कालाजार को तय समय में उन्मूलन करने के लिए अन्तर्विभागीय रणनीति पर गहन विचार.विमर्श हुआ। साथ ही भविष्य की योजना तैयार की गई। निदेशक संचारी रोग डॉ एके सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक फाइलेरिया और वर्ष 2023 के अंत तक कालाजार खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इसी को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2022–23 में वेक्टर जनित रोगों की जांचें दोगुनी कर दी गई हैं। जबकि अभी तक प्रदेश में हर वर्ष अमूमन 40 लाख जांचें हुआ करती थीं। वहीं अगले वर्ष यानि वित्तीय वर्ष 2023–24 में हम यही जांचें 1.5 करोड़ करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू के जहां वर्ष 2021 में 29750 मामले सामने आए थे वहीं वर्ष 2022 में 19821 केस चिन्हित किए गए हैं। संयुक्त निदेशक वीबीडी डॉ विकास सिंघल ने बताया कि प्रदेश में एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। इस दौरान प्रदेशवासियों को वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों व लू आदि से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसी बीच 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अलावा संबंधित विभागों के सहयोग से दस्तक अभियान के तहत संचारी रोग के मरीजों की चिन्हित कर उपचार के लिए सहयोगात्मक कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है। 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर सभी जिलों में मलेरिया निगरानी में सुधार और वार्षिक रक्त परीक्षण तक पहुंचने का लक्ष्य है। इस मौके पर सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के प्रतिनिधियों ने वेक्टर.जनित रोगों के नियंत्रण में संस्थाओं की भूमिका के बारे में बताया। इस मौके पर फाइलेरिया नेटवर्क के सदस्यों सीमा सिंह और गंगा प्रसाद ने फाइलेरिया रोग के बारे अपना अनुभव साझा किया।

## सात जिलों में संकेतिक विशेष मा. विद्यालयों के निर्माण कार्य पूरे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि सूबे में 12 संकेतिक विशेष माध्यमिक विद्यालय बनाए जा रहे हैं। जिसमें से 7 जनपदों औरैया, कन्नौज, प्रयागराज, महाराजगंज, लखनऊ, आजमगढ़ व बलिया में विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। शेष विद्यालय को गुणवत्ता एवं समयबद्ध रूप से पूरे करने के निर्देश दिए गये हैं। शुक्रवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण की विभागीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में दिव्यांगजन मंत्री ने दिव्यांग पेंशन की जानकारी ली। जिसमे बताया गया कि दिव्यांगजनों की पेंशन आधार से लिंक कराने का कार्य लगभग 93 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। आधार लिंक 9.60 लाख लाभार्थी दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन की चतुर्थ किस्त भेजी जा चुकी है।

## सत्य मंदिर ने निकाली कलश यात्रा

**लखनऊ।** भगवान की लिपि रूप दर्शन का 51 भव्य वार्षिक समारोह चौक स्थित खुन खुन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर द्वारा जन जागरण के लिए खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज से अत्यंत भव्य रूप में एक कलश यात्रा निकाली गई, जो फूल मंडी से चरक चौराहा, चौक चौराहा, कुनेश्वर मंदिर चौराहा होते हुए वापस खुन खुन कुंजी पर समाप्त हुई जिसमें हजारों भक्त जनों ने भाग लिया। शुक्रवार को चौक के खुनखुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज में भगवान के लिपि रूप दर्शन के वार्षिक समारोह कार्यक्रम का आरंभ कृष्णचेतनावतार देवी मां पूनम द्वारा लिखित एवं स्वरबध दिव्य भजनों से हुआ। इसके बाद सत्य मंदिर के आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हजारों की भीड़ को श्री कृष्णचेतनावतार मां पूनम द्वारा अवतरित लिपि रूप अवतार का दर्शन कराया गया, जिसका दर्शन पाकर भक्त गणों का मन रोमांचित हो उठा। भगवान के लिपि रूप अवतार की महिमा बताते हुए सत्य और धर्म का वास्तविक रूप बताया और जाति है, इंसान की धर्म है मानवता का संदेश दिया। आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम एवं दिव्य शक्ति योगीराज अभिनव महाराज का स्वागत मंदिर की घंटियों की मधुर ध्वनि, ऊँ के उच्चारण और शंखनाद से किया गया। साथ ही सुंदर सांस्कृतिक नृत्य एवं टीका माला से किया गया। इसके बाद आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम के दिव्य प्रवचन द्वारा भक्तों गणों की धर्म से संबंधित अंधविश्वासों और शंकाओं का समाधान हुआ और योगीराज अभिनव महाराज ने हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तगणों से आध्यात्मिक संवाद करके उनका आध्यात्मिक उत्थान किया। भगवान की वाणी की गंगा धारा 31 मार्च सन 72 से लगातार प्रवाहित हो रही है और अब तक 400 से भी अधिक वाणी खंड प्रकाशित हो चुके हैं।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों से संपर्क करके गुणवत्ता सुधारें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को बतौर कुलाध्यक्ष डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के नैक मूल्यांकन हेतु तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। राज्यपाल ने विवि के कुलपति प्रो राणा कृष्णपाल सिंह को निर्देश दिया कि वे भारत में अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों का भ्रमण करके वहाँ की विशेषताओं के अनुरूप इस विश्वविद्यालय में भी गुणवत्ता सुधार करें। उन्होंने इस संदर्भ में गुजरात में गांधीनगर, सूरत तथा उप्र के नैक मूल्यांकन में ए प्लस ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालयों से सम्पर्क करने पर जोर दिया।

राजभवन में समीक्षा के दौरान विवि ने अपने प्रथम नैक ग्रेडिंग के लिए, तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट को सभी सातों मूल्यांकन क्राइटेरिया पर बिंदुवार प्रस्तुतिकरण दिया। राज्यपाल ने प्रस्तुतिकरण को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए क्राइटेरिया सात का पुनर्लेखन करने तथा क्राइटेरिया छः में भी अधिकतम सुधारों के साथ लेखन करने को कहा। यह देश में शैक्षिक सुविधाओं की अन्तत्तम व्यवस्था से सम्पन्न विश्वविद्यालय है, जो अपने विशेष छात्रों के साथ.साथ आम जीवन में दिव्यांगों के जीवन में आशातीत परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। इसलिए नैक ग्रेडिंग के अपने प्रस्तुतिकरण को समृद्ध भाषा संयोजन के साथ प्रस्तुत करें। प्रस्तुत की गई सेल्फ स्टडी रिपोर्ट हाइपर लिंक्स में लगे फोटोग्राफ पर निराशा प्रकट करते हुए राज्यपाल ने गुणवत्ता सुधारने का निर्देश दिया। प्रत्येक फोटो विद्यार्थियों की गतिविधि दर्शाने वाला तथा कार्यक्रम के विवरण युक्त कैप्शन के साथ लगाया जाए। कृत्रिम अंगों को प्राप्त कर चुके लाभार्थियों के जीवन में आये सकारात्मक बदलावों की सक्सेस स्टोरी भी प्रस्तुत की जाए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को अपना सामुदायिक रेडियो भी प्रारम्भ करने का सुझाव दिया, जिससे मूल्यांकन में अंक गणना को भी बेहतर किया जा सके। सामुदायिक रेडियो के लिए विवि लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज द्वारा चलाए जा रहे सामुदायिक रेडियो गूंज से अपने समय हेतु अनुबंध कर सकता है। उन्होंने सभी क्राइटेरिया में नैक मूल्यांकन हेतु पियर टीम के सुलभ संदर्भ के लिए छोटी-छोटी विवरण पुस्तिकाएं भी बनाने का निर्देश दिया।

## बिजली का तार टूट कर गिरने से खेत में लगी आग



**मोहनलालगंज।** हुलासखेड़ा में बिजली का तार टूटने से दो किसानों की खेत में पक कर तैयार खड़ी फसल जलकर स्वाहा हो गई। लेखपाल ने नुकसान का मूल्यांकन कर मदद का भरोसा दिया है। मोहनलालगंज के हुलासखेड़ा में किसान सूर्यकान्त अवस्थी और प्रेमशंकर अवस्थी के खेत से गुजरी बिजली लाइन का तार शुक्रवार की दोपहर अचानक टूट कर पककर तैयार गेहूं की फसल पर गिर पड़ा। जिससे दोनों किसानों की तकरीबन 10 बिस्सा फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना पर पहुंची लेखपाल ने फसल नुकसान का मूल्यांकन किया है। किसानों ने फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है। जेई संदीप कुमार ने बताया बिजली का तार टूटने से किसानों की कुछ फसल का नुकसान हुआ है।

# ग्रेट ब्रिटेन के डॉ. ट्रिस्टन मैकमिलन ने लोहिया में सीखी क्रेनियोवर्टिब्रल सर्जरी की बारीकियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डॉ** राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के न्यूरोसर्जरी विभाग में शुक्रवार को ग्रेट ब्रिटेन के लीड्स टीचिंग हॉस्पिटल से डॉ ट्रिस्टन मैकमिलन पहुँचे। डॉ मैकमिलन लीड्स हॉस्पिटल में काम्प्लेक्स स्पाइन सर्जरी के कंसल्टेन्ट हैं। डॉ मैकमिलन यहाँ पर काम्प्लेक्स स्पाइन सर्जरी तथा क्रेनियोवर्टिब्रल सर्जरी में ऑब्जर्वरशिप के लिए आये थे। उन्होंने यहाँ काम्प्लेक्स स्पाइनल डिफॉर्मिटी सर्जरी और कई अत्यन्त जटिल क्रेनियोवर्टिब्रल ऑपरेशन देखें। क्रेनियोवर्टिब्रल सर्जरी के केस, यूनाइटेड किंगडम में बहुतायत नहीं होते है। इस प्रकार की सर्जरी की जटिलता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ल्ड लिटरेचर में इस सर्जरी के उल्लेख कम ही हैं। भारत में भी यह सर्जरी कुछ चुनिन्दा सेन्टर पर ही होती हैं। इस सर्जरी में खतरे बहुत अधिक होते हैं। परन्तु डॉ मैकमिलन ने बताया कि यहाँ पर यह सर्जरी अत्यधिक सेफ्टी तथा इफीकेसी के साथ की जाती है। यहाँ की सर्जरी देखकर डॉ मैकमिलन को बहुत कुछ सीखने को मिला है और वो आगे भी यहाँ आना चाहते है। उन्होंने यहाँ की सर्जरी की गुणवत्ता की चर्चा अपने यूनिवर्सिटी के साथियों से भी की तथा उनके साथी भी यहाँ आने के इच्छुक हैं। संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सोनिया नित्यानन्द ने बताया कि बाहर के देश से फैकल्टी का सर्जरी सीखने के लिए संस्थान में आना एक गर्व का विषय हैं तथा भविष्य में चुनिन्दा प्रख्यात विदेशी संस्थानों के साथ एक एमओयू समझौता करने पर भी विचार किया जा रहा है। ताकि मरीजों की चिकित्सा तथा रिसर्च के लिए एक वैश्विक मंच तैयार किया जा सके।

**आवश्यकता है**

मदरसा सदरुल उलूम, रेलवे मस्जिद, बड़गांव गोण्डा को सहायक अध्यापक तहतानिया, पदों की सं0–02, आयु–न्यूनतम 18 वर्ष, अर्हता–आलिम अथवा उर्दू से इण्टर, सहायक अध्यापक फौकानिया वैकल्पिक विषय (अंग्रेजी), पद की सं0–01, आयु न्यूनतम 20 वर्ष, अर्हता–न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित सम्बंधित विषय में कामिल अथवा स्नातक तथा उर्दू/अरबी/फारसी से मुन्शी/मौलवी से अन्निम स्तर का प्रमाण पत्र अथवा मान्यता प्राप्त मदरसे का उर्दू/अरबी/ फारसी सहित आलिम से अन्निम स्तर का प्रमाण पत्र। कनिष्ठ सहायक पद की सं0–01, आयु–न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष, अर्हता (क) आलिम अथवा इण्टर अथवा समकक्ष प्रमाण पत्र (ख) मौलवी स्तर का प्रमाण पत्र उर्दू/अरबी/फारसी सहित (ग) ट्रिपल सी प्रमाण पत्र जो एन.आई.ई.एल.ई.टी द्वारा कम्प्यूटर आपरेशन में प्रदत्त हो और हिन्दी/अंग्रेजी में 25/30 शब्द प्रति मिनट टाइप की गति आवश्यक है। सभी पदों के लिए वेतनमान–सातवें वे कमीशन द्वारा अनुमन्य। आवेदन पत्र का प्रारूप– 1. पद का नाम 2. आवेदक का नाम 3. आवेदक के पिता का नाम 4. आवेदक की जन्म तिथि 5. शैक्षिक अर्हता, 6. पत्र व्यवहार हेतु स्थाई पता 7. आवेदन भेजने का दिनांक 8. आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर 9. संलग्नकों की संख्या।

आवेदन पत्र के साथ दो रंगीन फोटो पासपोर्ट आकार के (एक आवेदन पत्र के दाहिने कोने पर चस्पा) दूसरा अन्य संलग्नकों के साथ नत्थी। सभी मूल प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छाया प्रति, दो लिफाफा स्वयं का पता लिखा 25/– का डाक टिकट लगाकर 'प्रबन्धक' मदरसा सदरुल उलूम, रेलवे मस्जिद, बड़गांव, गोण्डा (उ0प्र0)–271002 को दिनांक 21.04.2023 को सायं 5.00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। उक्त दिनांक के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु पात्र आवेदकों को रजिस्टर्ड डाक द्वारा सूचित किया जायेगा। लिखित/साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। आवेदन निःशुल्क है।

प्रबन्धक
मदरसा सदरुल उलूम
रेलवे मस्जिद, बड़गांव, गोण्डा

# बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि बनी घातक

**मोहनलालगंज।** बेमौसम बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी है। खेतों में पककर तैयार फसल भीगकर बर्बाद हो रही है। ऐसे में कर्ज के बोझ तले दबे अन्नदाता के लिए लागत बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। खेतों में कटी पड़ी फसल के दाने बारिश में भीगकर खराब होने की आशंका बनी हुई है। मोहनलालगंज में पिछले सप्ताह तेज हवाओं संग हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से कई किसानों की फसलें खेतों में ही गिरकर चौपट हो गईं। पीड़ित किसानों के जख्म अभी भरे भी नही थे कि एक बार फिर से खराब मौसम ने किसानों का चैन छीन लिया है। शुक्रवार को हुई बारिश से खेतों में पककर तैयार गेहूं की फसल भीगकर चौपट होने की कगार पर पहुंच गई। वहीं खेतों में कट रही फसल और बंधे पड़े बोझ बारिश में भीगकर किसानों के लिए बड़े नुकसान का संकेत दे रहे हैं। मौसम का मिजाज अभी भी बेहद खराब बना हुआ है। लिहाजा जीतोड़ मेहनत से उगाई गई फसल की बर्बादी किसानों को रुला रही है। उम्मीदों पर पानी फिरता देख बेबस अन्नदाता की मुसीबत बढ़ गई है। पाई–पाई जुटाकर और कर्ज लेकर तैयार की हुई गेहूं की फसल के नुकसान की आशंका किसानों के हौसले पस्त कर रही है। लिहाजा कुदरत के सितम के आगे लाचार किसान ईश्वर से रहम की मिन्नतें कर रहा है।

# निवेश सारथी पोर्टल पर अब उद्यमियों के आवेदनों का तत्काल होगा वेरिफिकेशन

● कमी पाए जाने पर मिलेगा रिव्यू का मौका, 15 दिन में देना होगा रिस्पॉन्स' ●प्रक्रिया पूरी होते ही मिल जाएगा इंसेंटिव और कंसेशन

**लखनऊ।** प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों के सारे इंसेंटिव्स ऑनलाइन ही प्रोसेस किए जाएंगे। उद्यमियों के निवेश सारथी पोर्टल पर इंसेंटिव्स के लिए आवेदन करने के बाद ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम अपना काम शुरू कर देगा। यदि उसे आवेदन में कोई त्रुटि नजर आती है तो वह 15 दिन के अंदर निवेशक को आवेदन पर रिव्यू का मौका देगा और फिर आवेदन के वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होते ही ऑनलाइन इंसेंटिव्स इनवेस्टर्स को मिल जाएगा। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने निवेश प्रोत्साहन की विभिन्न नीतियों में दिए जाने वाले इंसेंटिव व कंसेशंस के लिए निवेश मित्र पोर्टल के अंतर्गत विकसित किए गए ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम को प्रभावी रूप से लागू किए जाने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम को सर्व सुलभएंटेक्नोलॉजी से लैस और ईसानी हस्तक्षेप के बिना बहु आयामी बनाने के साथ इसे पूर्णतः लागू करने को कहा है।

## उद्यमियों को 15 दिनों में रिव्यू पर देना होगा रिस्पॉन्स

ऑनलाइन आवेदन की प्रोसेसिंग प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से विभागीय इंसेंटिव व कंसेशन प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र जमा करते ही नोडल विभाग के संबंधित अधिकारियों को उनके लॉगिन.इन अकाउंट में आवेदन दिखने लगेगा। सभी नोडल विभागों के संबंधित अधिकारी प्राप्त आवेदनों को ओपिनियन के लिए अन्य विभागों को भेज सकेंगे। नोडल विभाग के संबंधित अधिकारी आवेदन फॉर्म को पूरी तरह चेक करने के बाद यदि किसी बिंदु पर कोई कमी पाई जाती है तो उन कमियों से अवगत कराते हुए उद्यमी को रिव्यू के लिए भेजा जाएगा। उद्यमी को रिव्यू पर 15 दिन के अंदर रिस्पॉन्स देना होगा। यदि उद्यमी 15 दिन में रिव्यू में मांगी गई सूचना उपलब्ध नहीं कराता है तो नोडल विभाग के अधिकारी को आवेदन पर आगे की कार्यवाही करने की छूट होगी।

## उद्यमियों को एलओसी डाउनलोड करने की भी मिलेगी सुविधा

वेरिफिकेशन के बाद नोडल विभाग उन आवेदनों का चयन कर सकता है जिन्हें एजेंडा नोट में शामिल करने की आवश्यकता है। नोडल विभाग एजेंडा नोट अपलोड कर आवेदनों को सक्षम स्तर की अधिकृत समिति को भेज सकता है। अधिकृत समिति के अनुमोदन के बाद संबंधित विभाग उद्यमी के आवेदन के सापेक्ष दिए गए डिजिटली साइन एलओसी या साइन लेटर ऑफ कंफर्ट ;एलओसीद्ध की कॉपी अपलोड कर सकेगा। इसका अपडेट उद्यमी को उनके लॉग.इन आईडी में स्थित डैशबोर्ड पर भी दिखाई देगा। उद्यमी को एलओसी डाउनलोड करने की भी सुविधा मिलेगी। यही नहीं विभाग द्वारा विभागीय इंसेंटिव व कंसेशन के डिसबर्सल के लिए संस्तुति की जाएगी। यदि किसी आवेदन के संबंध में किसी सीए या किसी जनपद स्तरीय अधिकारी से कोई रिपोर्ट की आवश्यकता होगी तो उसको भी पोर्टल के माध्यम से ही कॉन्टैक्ट किया जाएगा।

## 15 अप्रैल से नहीं स्वीकार होंगे ऑफ लाइन आवेदन

दिशा निर्देशों के अनुसार सभी संबंधित इंसेंटिव्स व कंसेशंस इसी प्रणाली द्वारा चयनितए स्वीकृत एवं वितरित होंगे। अतः लाभार्थी निवेशकों को योजना का लाभ लेने के लिए निवेश सारथी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा तथा 15 अप्रैल 2023 से सभी कार्य केवल ऑनलाइन इंसेंटिव्स मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत ही किए जाएंगे। 15 अप्रैल 2023 के बाद कोई भी ऑफ लाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित विभाग ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम के सुचारू संचालन के लिए वेब डेवलपर्स व तकनीकी विशेषज्ञों की टीम का सहयोग लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम के संचालन व संबंधित समस्याओं के निराकरण के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त ;आईआईडीसीद्ध की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा जिसमें नीति से संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव मुख्य सचिव प्रमुख सचिव सचिव व इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुख्य तौर पर सम्मिलित होंगे।

# सनबीम एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल और पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी




**सनबीम** एकेडमी के सामने घाट शाखा में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार–वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा के सम्मुख दीप– प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात सनबीम डांस एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा अति सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई, नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों हेतु कन्वोकेशन का आयोजन हुआ जिसमें उन्हें गाउन, मेरिट–सर्टिफिकेट एवं पोर्टफोलियो प्रदान किया गया।

कक्षा एक से कक्षा 11 तक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा ल्युमिनरी–अवार्ड। यह पुरस्कार उन विद्यार्थियों को दिया गया जिन्होंने लगातार 3 वर्षों तक अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं उनकी उपस्थिति 95: से ऊपर रही। अतः यह पुरस्कार कक्षा 5 की समृद्धि भारद्वाज एवं कक्षा आठ के आयुष सिंह को मिला। जिसमें उन्हें पुरस्कार के साथ ही एक टाई एवं स्टार–युक्त ब्लेजर प्रदान किया गया। विद्यालय का परीक्षा फल हर वर्ष की तरह शत–प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर सचिव जगदीप मधोक, निर्देशिका पूनम मधोक एवं उपनिदेशक डॉ. जीपी मिश्रा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य डॉ. के. के. पंडा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षाफल सर्वोत्तम रहा। विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत भी सर्वश्रेष्ठ रहा। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों में अत्यंत कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। सीईओ रोहन मधोक भी परीक्षा–फल से संतुष्ट दिखे एवं आशा की कि हमारे विद्यार्थी आगे भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराते रहेंगे। यह जानकारी प्रशासक डॉ निशांत सिंह ने दी।

# मॉक ड्रिल से संरक्षा विभाग, बरेका ने जांची आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था



**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी

**बनारस** रेल इंजन कारखाना (बरेका) में संरक्षा विभाग के तत्वावधान में दिनांक 30 मार्च 2023 को वर्कशाप में न्यू ब्लाक शाप के पास लाइव फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें एक लाइव फायर किया गया। न्यू ब्लाक शाप के जेई ने तुरंत आरपीएफ कंट्रोल रूम को सूचित किया और कर्मशाला के अन्य कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर तथा फायर हाइड्रेंट की मदद से आग को बुझाना शुरू कर दिया। मौके पर बरेका ,दमकल एवं एम्बुलेंस भी पहुच गई और शीघ्र ही आग पर काबू पा लिया गया। मॉकड्रिल बरेका के मुख्य संरक्षा अधिकारी एस बी पटेल के कुशल दिशा–निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर संरक्षा विभाग एवं न्यू ब्लाक शाप व अन्य शापो के कर्मचारियों ने मॉक ड्रिल के माध्यम से आपातकाल के प्रति समय त्वरित प्रतिक्रिया द्वारा आग लगने पर होने वाले नुकसानो से बचने के लिये प्रदर्शन किया। इस मॉकड्रिल में विभिन्न शापो के अधिकारी एवं कर्मचारियों, आरपीएफ, सिविल डिफेंस, सेंट जॉन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

## क्विक न्यूज़

### सख्ती के कारण आठ परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी

**सकलडीहा/चन्दौली।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की ओर से सेमेस्टर परीक्षा मंगलवार से सकलडीहा पीजी कॉलेज में शुरू है। शुक्रवार को सकलडीहा पीजी कालेज में दो पाली में विभिन्न विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा के दौरान उड़ाका दल की टीम ने एक नकलची को पकड़कर रस्टिकेट कर दिया। वहीं आठ परीक्षार्थियों ने सख्ती के कारण परीक्षा छोड़ दिया। आंतरिक उड़ाका दल की जांच पड़ताल से नकलचियों में खलबली मची है। परीक्षा के दौरान प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की सघन जांच महाविद्यालय गेट पर किया गया। विद विद्यालय सेमेस्टर परीक्षा में सकलडीहा पीजी कॉलेज में सुबह प्रथम पाली में स्नातक प्रथम वर्ष हिंदी की मुख्य परीक्षा थी। जिसमें कुल 271 परीक्षार्थियों में आठ छात्रों ने परीक्षा छोड़ दिया।

### लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की पहल

**वाराणसी।** लोगो के लिए बेहतर सहायता देने की कोशिश में आगे रहने वाली एवलॉन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कंपनी (आईपीओ) सोमवार तीन अप्रैल, दो हजार तेईस को खुलेगा प्रेस इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग अपने और अपने सहायक कंपनियों में से एक, एवलॉन टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज द्वारा लिए गए कुछ कर्जों के सभी या एक हिस्से का पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान एक सौ पैंतालीस करोड़ रुपये तक करेगी। इसके अलावा नब्बे करोड़ रुपये कंपनी के वर्किंग कैपिटल के जरूरतों को पूरा करने तथा शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी।

### चिकित्सा क्षेत्र में लोगों तक पहल बढ़ाने का प्रयास

**वाराणसी।** एसपीसी लाइफसाइंसेज लिमिटेड ('कंपनी') ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') के समक्ष अपना डीआरएचपी दायर किया है। सुविधा से लैस, कंपनी फार्मा इंटरमीडिएट्स विकसित कर सकती है और उन फार्मास्युटिकल कंपनियों के साथ काम कर सकती है जो अपनी आपूर्ति श्रृंखला के एक हिस्से के रूप में यूएस एफडीए के अनुरूप विनिर्माण सुविधाओं की तलाश करती हैं। कार्डियोवास्कुलर, वैसोडिलेटर एंटी-प्लेटलेट एंटी-साइकोटिक और एंटी-डिप्रेसेंट सहित कुछ बढ़ते चिकित्सीय क्षेत्रों में किया जाता है, जिसमें उत्पादों की भारत और विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी है।

### पैसे के लेनदेन को लेकर दबंगों ने तीन लोगों को पीटा

**नसीराबाद, रायबरेली।** पैसे के लेन देन चलते दबंगो ने एकद्य ही परिवार के तीन लोगों को बुरी तरह से पीट पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।जिसमें मां बेटी व बेटे गंभीर रूप से घायल हो गये। दबंगों ने न सिर्फपीड़ितों को बुरी तरह मारा-पीटा बल्कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी । बाद में घायलों को सीएचसी नसीराबाद में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक की हालत नाजुक पर जिला अस्पताल रायबरेली रिफर किया गया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, मामले की विवेचना उपनिरीक्षक विमलेश कुमार मिश्रा को सौंपी गई है। मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जुडवनिया मजरे मेदापुर का है।जहां गुरुवार की रात करीब दस बजे संजय पुत्र राम किशोर किसी काम से जा रहा था रास्ते में लल्लू पुत्र बाबू लाल अपने तीन साथियों के साथ वहां लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और उसे पीट-पीटकर घायल कर दिया।बीच बचाव करने पर मां गयादेई बहन शिवानी को भी दबंगों ने पीटकर घायल कर दिया।

### छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल वितरित किया गया

**सलोन (रायबरेली)।** नगर के सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में शुक्रवार को कक्षा 6 ,7, 8 ,9 और 11 के छात्र छात्राओं को परीक्षा फल वितरित किया गया इस मौके पर प्रत्येक कक्षाओं के 3 -3 मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मृत्युंजय सिंह ने कहा कि अभी तो आप लोगों की यह शुरुआत है अगर आप लोग इसी तरह जीवन भर कड़ी मेहनत करते रहेंगे तो आपकी मेहनत जरूर रंग लाएगी और आप भविष्य में हर क्षेत्र में सफल होंगे और भारत के अच्छे नागरिक बनेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आपको जीवन में हर क्षण हर पल नई परीक्षा की चुनौतियों से गुजरना होगा। आपको अपने अंदर इतनी शक्ति और तैयारी करनी होगी कि आप जो भी परीक्षाएं हैं उन सब में सफल हो। इस मौके पर 51 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया । जिनमें गरिमा बबीता यादव, साक्षी, आदर्श, प्रशांत कुमार, सुमित कुमार, महिमा शर्मा, सोनाली, विमलेश, शिवांश, शगुन कौशल, दीपाली यादव, रेशम बानो, अंशु मौर्य, आदित्य मौर्य, रामनारायण, विक्रम नाथ यादव, अनिल यादव, आयुष कुमार, अजरा बानो, विशाल पटेल, संजना को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# अदिति सिंह ने दिव्यांगजनों को निशुल्क मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल किया वितरण

**संवाददाता**। रायबरेली




**जनपद** रायबरेली के राजकीय इण्टर कॉलेज के ग्राउंड परिसर में आयोजित जनपद के दिव्यांगजन लोगों को निशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ विधानसभा सदर रायबरेली की विधायक श्रीमती अदिति सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक सदर द्वारा कहा कि दिव्यांगजनों को पहले मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए कुछ धनराशि विधायक अथवा सांसद निधि के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती थी जिसको उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल योजनान्तर्गत पूर्णतः निःशुल्क कर दिया गया है जिससे अब दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल पूर्णतः निःशुल्क प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। विधायक सदर द्वारा इस अवसर पर 60 दिव्यांगजनों को निशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण कर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया साथ ही 65 दिव्यांगजनों को ट्राइसाईकिल, 30 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, 10 दिव्यांगजनों को कान की मशीन एवं 49 दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को स्मार्ट केन वितरित कर लाभान्वित किया।

# दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में प्रयासरत एनटीपीसी रिहंद

**संवाददाता**। बीजपपुर/सोनभद्र



**एनटीपीसी** रिहंद द्वारा दिव्यांगजनों के जीवन की बाधाओं को दूर करने के लिए एनटीपीसी रिहन्द की पहल से इस क्षेत्र के अनेक लोगों को लाभ मिल रहा है। एनएफएनडीआरसी के साथ मिलकर एनटीपीसी रिहन्द दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंगों और उपकरणों के निर्माण, रखरखाव और उनके वितरण का कार्य शानदार तरीके से कर रहा है। धन्वन्तरी चिकित्सालय में एनएफएनडीआरसी के योग्य और समर्पित विशेषज्ञों की टीम द्वारा दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंगों और उपकरणों के निर्माण और उनको लगाने का कार्य बेहद कुशलता पूर्वक किया जाता है। बड़ी संख्या में स्थानीय दिव्यांगजन इस केंद्र में बने कृत्रिम अंगों को अपनाकर अपना जीवन सरलता से व्यतीत कर रहे हैं। एनएफएनडीआरसी के विशेषज्ञों की टीम नियमित रूप से स्थानीय गाँवों में जाकर लाभार्थियों को फॉलोअप भी करती है ताकि उनकी किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े और उनकी सभी परेशानियों का समाधान किया जा सके। धन्वन्तरी चिकित्सालय में ही एनएफएनडीआरसी द्वारा सभी सुविधाओं और यंत्रों वाले फिजियो सेंटर का भी संचालन किया जा रहा है जहाँ व्यायाम और फिजियोथेरेपी द्वारा दिव्यांगजनों का उपचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त, दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंगों और ट्राई साइकिलों के वितरण के लिए अनेक शिविरों के आयोजन नियमित रूप से किये जाते हैं।


# सनबीम इण्टरनेशनल वरुणा' वाराणसी में कैम्ब्रिज प्रोग्राम के प्रथम सत्र का शुभारम्भ

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी

**सनबीम** इण्टरनेशनल वरूणा में शैक्षणिक सत्र 2023–24 का प्रारंभ होते ही विद्यालय के छात्रों ने कैम्ब्रिज के तहत विशेष प्रणाली से विकसित कैम्ब्रिज प्रोग्राम का पठन–पाठन शुरू किया। सनबीम इण्टरनेशनल वरुणा के सत्रारम्भ के प्रथम दिवस पर आगन्तुक अभिभावकों एवं छात्रों का अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात् प्रार्थना सभा का आयोजन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कक्षा–प्रार्थना के पश्चात राष्ट्रीय गान के साथ सनबीम ग्रुप की उप–निदेशिका श्रीमती अमृता बर्मन एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अनुपमा मिश्रा ने छात्रों का स्वागत एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बीएचयू में दो दिवसीय दौरे पर

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी



**अंतर** विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केन्द्र कशी हिन्दू विश्वविद्यालय में ष्शैक्षिक जगत के समक्ष उच्च शिक्षा में उभरती चुनौतियाँष् नामक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन शुक्रवार 31 मार्च को किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने वाले कुल 100 से अधिक प्रतिभागी हैं। संगोष्ठी में 15 विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान भी होंगे। इस संगोष्ठी का उद्देश्य वर्तमान समय में तथा आने वाले दिनों में शैक्षिक जगत के समक्ष उच्च शिक्षा में उभरती चुनौतियों को चिन्हित करने तथा उनके समाधान हेतु सार्थक विमर्श व भावी कार्ययोजना क्या हो इस पर विचार मंथन करना है।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि भारत के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविंद जी थे। आईण्यूण्सीण्टीण्ईण गवर्निंग बोर्ड के चेयरमैन प्रोण् जगमोहन सिंह राजपूत जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि राम नाथ कोविंद जी ने अपने सम्बोधन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा की शिक्षक ही युवाशक्ति के निर्माता होते हैं तथा शिक्षक को शिक्षा व्यवस्था में मूलभूत सुधारों के केंद्र में होना चाहिए। अपने सम्बोधन में महामहिम जी ने सीखना सिखाना और वर्त्तमान में जीने पर बल दिया और कहा की चिंतन मनन करना ही शिक्षक का कार्य है।

महामहिम जी ने यह भी कहा कि सीखने के लिए हर व्यक्ति को अहंकार रहित रहते हुए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने मातृभाषा में शिक्षा और उसके प्रयोग के महत्तव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सभी स्तरों पर शिक्षकों को हमारे समाज के सबसे सम्मानित और आवश्यक सदस्यों के रूप में फिर से स्थापित किया जाना चाहिए, क्योंकि वे वास्तव में नागरिकों की हमारी अगली पीढ़ी को आकार देते हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रोण् जगमोहन सिंह राजपूत जी ने कहा कि प्रत्येक राष्ट्र मेंए शिक्षाविदों की नियति है कि वे आंतरिक या बाह्य प्रत्येक चुनौती का समाधान प्रस्तुत करेंए जिनका लोग या राष्ट्र सामना कर सकते हैं। एकेडेमिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने भीतर उम्मीदों के आलोक में देखना है।

इसके लिए इतिहासए विरासतए संस्कृतिए ज्ञान निर्माण और पीढ़ीगत परंपरा के गहन अध्ययन की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षाविदों का आह्वाहन किया कि वे अपनी साख को पुनर्स्थापित करने के लिए और उच्च शिक्षा संस्थानों की विश्वसनीयता को एक बार फिर से उन्नत स्तर पर पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करें। स्वागत भाषण देते हुए हुए केंद्र के निदेशक प्रोण् प्रेम नारायण सिंह जी ने राष्ट्रीय संगोष्ठी की आवश्यकता व रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

# कृष्ण कुमार सहकारी संघ के सभापति, राम दुलारे उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित



**संवाददाता**। मुसाफिरखाना, अमेठी

**स्थानीय** विकास खण्ड के एकमात्र सहकारी संघ साहबगंज मुसाफिरखाना के सम्पन्न हुए चुनाव में कृष्ण कुमार तिवारी सहकारी संघ के सभापति एवं राम दुलारे यादव उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित हुए। शुक्रवार को चुनाव अधिकारी अशोक कुमार यादव के देखरेख में स्थानीय विकास खण्ड के एकमात्र सहकारी संघ साहबगंज मुसाफिरखाना का चुनाव संपन्न हुआ।जिसमें कृष्ण कुमार तिवारी सहकारी संघ के सभापति एवं राम दुलारे यादव उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके साथ ही विश्वभर दयाल शुक्ला डाली सिंह गुड्डा यादव आदि को विभिन्न संस्थाओं के लिए प्रतिनिधि चुना गया है। उक्त मौके पर सचिव दिनेश यादव राजेश द्विवेदी राम चन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

# बजरंगबली मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन

**संवाददाता**। खीरों (रायबरेली)





**रामनवमी** के पावन धार्मिक पर्व पर गुरुवार को शिवपुर हुसैनाबाद गांव के बजरंगबली मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया गया। गुरुवार की रात में जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रयागराज के कीर्तनकार रणजीत राज और गोंडा की कीर्तनकारा चेतना आजाद के बीच जबरदस्त जवाबी मुकाबला हुआ।

जवाबी कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ रणजीत राज ने सरस्वती वंदना के गीत से करते हुए अपनी ओर से सवालिया गीत के रूप में ष्यूं तो हर पर्व आते हर दिन हर साल के। नौ दिन महारानी लाई आंचल में डालकेष्।। पंक्तियां प्रस्तुत कर भक्तों की वाहवाही लूटी। चेतना आजाद ने अपनी ओर से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए गणेश वंदना के रूप में ष्हे गणपति गणराज गजानन लाज बचानाए गणपति हो तुम गणनायक कष्ट विनाशक बुद्धि विनायक सब देवों के तुम हो नायक। शरणागत के बनो सहायक ।आज बचाना लाज गजाननष्।। प्रस्तुत करने के बाद जवाब के रूप में ष्नौ दिन का पर्व यह पावन दिन करामात के। दसवें दिन आता दशहरा बाद नवरात केष्।। प्रस्तुत किया। इसके बाद अपनी ओर से सवालिया गीत के रूप में लाल सिंदूर लाल बिंदिया लाल गले की माला। लाल चुनरिया लाल महावर लाल श्रृंगार है आला। ऐसा सिंगार है मां काष्।। प्रस्तुत कर भक्तों की तालियां बटोरी। रणजीत राज ने जवाब के रूप में ष्काट के अपना शीश है माता अपना रक्त पिलाती। गोद में लेकर शिव को दूध का पान कराती। शान्त हो गई पल भर में ही थमी क्रोध की ज्वाला। ये उपकार है मां काष्।। प्रस्तुत करने के बाद सवालिया गीत के रूप में ष्सब मिल गया मुझे मेरे स्वामीए ना कोई अरमान रह गया। तीन चीजों से वंचित हनुमान रह गयाष्।। प्रस्तुत कर भक्तों को भावविभोर कर दिया। इसी तरह सारी रात सवालों जवाबों का क्रम चलता रहा और उपस्थित भक्त ज्ञान गंगा में गोते लगाते रहे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कीर्तनकार राजेंद्र आनंद ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेकों गांवों के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष भक्त उपस्थित थे।

# परीक्षा परिणाम मिलते ही बच्चों में खुशी




**संवाददाता**। मुसाफिरखाना, अमेठी

**क्षेत्र** के पूरे ताज स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम सुनकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ देखी गयी। शुक्रवार को डिवाइन पब्लिक स्कूल में बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर बच्चों के रिपोर्ट कार्ड सौंपे गए। पूरे वर्ष के दौरान बच्चे द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही नई कक्षा के सिलेबस व अन्य जानकारी भी प्रदान की गई। विभिन्न कक्षाओ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। अंत मे डॉ. जीशान हुसैन सभी अध्यापकों को धन्यवाद देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रबंधक इरसाद हुसैन, प्रिंसिपल अफरोज, हेतशाम, इरफान, अमित, अवधेश सहित आदि रहे।

# मोटरराज्ड साइकिल पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे

**चंदौली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, चंदौली के सौजन्य से कृषि विज्ञान केंद्र में सोमवार को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ब्लॉकों के 80:दिव्यांगता वाले 80 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को मोटरराज्ड साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दर्शना सिंहए विशिष्ट अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह और पीडीडीयू नगर विधायक रमेश जायसवाल थे।



इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने देश भर के विकलांगों को दिव्यांग शब्द देकर उन्हें संबल प्रदान किया है। आज दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए केंद्र एवं राज्य स्तर पर अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। विशिष्ट अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में लगातार दिव्यांगजनों के हित मे कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पहले दिव्यांगजनों को 300 रुपये मासिक पेंशन मिलती थीए जिसे योगी जी की सरकार ने पहले 500 रुपये मासिकए फिर 1000 रुपये मासिक और जल्द ही 1500 रुपये मासिक पेंशन देने जा रही है।

विशिष्ट अतिथि पीडीडीयू नगर विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि दिव्यांगजनों का जीवन स्तर मौजूदा सरकार में बहुत सुधरा है। आज दिव्यांगजनों को व्यापार के लिए ऋणए शादी अनुदानए कैरेक्टिक सर्जरीए ट्राई साइकिलए कान की मशीन और अन्य शारीरिक उपकरण बड़े पैमाने पर दिए जा रहे हैं। दिव्यांगजनों का जीवन बेहतर होए इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। अतिथियों का स्वागत जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजेश नायक नेए अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी चंदौली एसएन श्रीवास्तव ने और धन्यवाद ज्ञापन जिला दिव्यांग आईकॉन राकेश रौशन ने किया। इस अवसर पर जनपद के सभी ब्लॉकों के लाभार्थी दिव्यांगजन उपस्थित थे।

# सांसद स्मृति के निर्देशन में आज होगा पोषण उत्सव मेले का शुभारंभ

**संवाददाता**। अमेठी

**केंद्रीय** मंत्री महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकारएसांसद अमेठी स्मृति इरानी के निर्देशन में पोषण उत्सव पखवाड़े के अंतर्गत 01 व 02 अप्रैल को जनपद अमेठी की चारों विधानसभाओं के साथ ही जनपद रायबरेली की सलोन विधानसभा में पोषण मेले का आयोजन किया जा रहा है सही पोषण देश रोशन।बताते चलें कि जनपद अमेठी की विधानसभा गौरीगंज के श्री रणंजय इंटर कॉलेज ग्राउंड, अमेठी व जगदीशपुर में रामलीला मैदान तथा तिलोई में एसपीएन इंटर कॉलेज ग्राउंड में पोषण मेले का आयोजन किया जा रहा है। पोषण मेले का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया है। मेले का उद्घाटन रामलीला मैदान जगदीशपुर सुबह 10:00 बजे, तथा एसपीएन इंटर कॉलेज तिलोई सुबह 11:00 बजे, रणंजय इंटर कॉलेज ग्राउंड गौरीगंज दोपहर 12:00 बजे, रामलीला मैदान अमेठी 1:00 बजे, मिनी स्टेडियम सलोन 2:30 पर कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को पोषण मेले की जानकारी हो तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकें। मेले में पोषण बाजार, स्वास्थ्य विभाग के स्टालए गेमिंग जोन, आंगनवाड़ी केंद्र का मॉडल, सेफी जोन, श्री अन्न मोटे अनाज सहित फूड जोन के स्टाल लगाए जाएंगे एवं मेले में सांय 6:30 से 8:00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। मेले का शुभारंभ पर प्रदेश महामंत्री एवं अमेठी प्रभारी संजय राय, सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी, सलोन विधायक अशोक कोरी, जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, मृगांकेश्वर शरण सिंह द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे।

# जिले की नौ सहकारी संघों में सभापति व उपसभापति तथा प्रतिनिधियों का निर्विरोध संपन्न हुआ निर्वाचन

**अमेठी।** जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारीध्सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता हरेन्द्र सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में मुख्य निर्वाचन आयुक्त, उप्र. राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग, लखनऊ द्वारा उप्र. सहकारी समिति अधिनियम–1965 की धारा–29(3) एवं उप्र. राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली–2014 के नियम.7 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग द्वारा सहकारिता विभाग के सभी निर्वाचन योग्य सहकारी संघ (ब्लाक यूनियन) की प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों के निर्वाचन हेतु 29 मार्च एवं सभापतिए उपसभापति तथा अन्य समितियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु 31 मार्च की तिथियाँ निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस क्रम में 31 मार्च को जनपद के 09 सहकारी संघों में सभापति एवं उपसभापति तथा अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुआ।

# घृणापूर्ण भाषण
## नियंत्रण जरूरी

**घृणापूर्ण** भाषणों पर लगाम लगाने के लिए व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, लेकिन इसका अनौपचारिक रहना अच्छा होगा। सर्वोच्च न्यायालय और सरकार ने बुधवार को घृणापूर्ण भाषण के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बातें कहीं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस के.एम. जोसेफ व जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा, 'घृणापूर्ण भाषण एक दुष्चक्र की तरह हैं। एक आदमी बोलता है, फिर दूसरा आदमी भी ऐसा ही बोलेगा। जब हमारे संविधान का निर्माण हुआ था तब कोई घृणापूर्ण भाषण नहीं था। अब भ्रातत्व की भावना में दरारें दिख रही हैं। इस पर थोड़ा नियंत्रण होना चाहिए। राज्य को एक प्रकार की व्यवस्था विकसित करनी चाहिए ताकि हम इस प्रकार के बयानों पर नियंत्रण कर सकें।' नियंत्रण पर सर्वोच्च न्यायालय का जोर देना स्वागत योग्य है, लेकिन इसके लिए उपयुक्त परिस्थितियां तैयार नहीं हैं। इसका सबसे बड़ा कारण ऐसी राजनीति है जिसका व्यवहार कमोबेश सभी पार्टियां करती हैं। इससे असली राजनीति का स्तर गिरा है जहां सिद्धान्त व विचार बहुत थोड़ी भूमिका निभाते हैं और मुख्य जोर चुनाव जीतने पर रहता है, भले ही इसके लिए चाहे जो कीमत अदा करनी पड़े। इसी कारण विचारहीन लोकरंजकता का प्रसार हो रहा है तथा 'खैरातों' का प्रस्ताव करने में अनेक नेता एक दूसरे से प्रतियोगिता कर रहे हैं। इस कारण राजकोषीय व्यावहारिकता तथा सतर्कता को हवा में उड़ा दिया जाता है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'खैरात संस्कृति' के खतरों से सावधान किया है, लेकिन इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि




पार्टियां जिम्मेदार व्यवहार करने को तैयार हैं। इसके साथ ही स्त्रोताओं को आकर्षित करने के लिए अनेक नेता किसी भी स्तर तक गिरने को तैयार हैं। विडंबना है कि अनेक नेता जनता की सेवा करने के बजाय निंदनीय टिप्पणियों के कारण लोकप्रिय हुए हैं। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि राजनीतिक बहस विरले ही सार्थक तर्कों व प्रेरणादायक भाषणों से संचालित होती है। इनके स्थान पर चीख-चीख कर नारे लगाना तथा भावनाओं को भड़काना आम हो गया है।

घृणापूर्ण भाषणों के संबंध में सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे भाषण हिंदुओं के खिलाफ भी दिए जाते हैं। हालांकि, इससे हिंदुओं को मुसलमानों या ईसाइयों के खिलाफ घृणापूर्ण भाषण देने का अधिकार नहीं मिल जाता है, जबकि वे तुलनात्मक रूप से शांत व सहिष्णु रहे हैं। तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि तमिलनाडु में 'द्रमुक के एक प्रवक्ता' ने कहा था, 'जो कुछ पेरियार ने कहा था, वह किया जाना चाहिए। यदि आप समता चाहते हैं तो सभी ब्राह्मणों को मार देना चाहिए।' इस पृष्ठभूमि में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कोई व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, पर अच्छा होगा कि यह व्यवस्था औपचारिक के बजाय अनौपचारिक हो। भारत में पहले से हजारों कानून हैं, ऐसे में राजनीतिक पार्टियों के लिए एक 'आचार संहिता' विकसित करने की जरूरत है जिसे भारतीय राज्य के बजाय वे एकसाथ मिल कर तैयार करें। यह 'आदर्श आचार संहिता' जैसी हो सकती है जो चुनावों के दौरान पार्टियों व उम्मीदवारों के व्यवहार पर नियंत्रण रखती है। भले ही यह कानूनी रूप से लागू करने योग्य न हो, पर इसका व्यापक रूप से पालन होता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कानूनों, नियमों या आदेशों से व्यवहार के तरीके बदलना कठिन है। जब लोग स्वयं अनुभव करते हैं कि कुछ गलत हो रहा है तभी वे ऐसे व्यवहार से बचते हैं। आखिरकार सभी राजनेता आदर्श आचार संहिता का पालन करते हैं। इसलिए सबसे अच्छा रास्ता यही है कि राजनेताओं और पार्टियों के बीच एक सहमति बनाई जाए कि वे राजनीतिक विमर्श में सभ्यता व सौम्यता का परिचय दें। घृणापूर्ण भाषणों पर नियंत्रण का यह सबसे अच्छा रास्ता हो सकता है।

# प्रभाव बढ़ाने का प्रयास करता चीन

वैश्विक रूप से चीन अमेरिका के मुकाबले अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए वह राजनयिक रूप से कुछ सरकारों का समर्थन करता है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



**चीन** वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मुकाबले अपना प्रभाव बढ़ाने व अपने प्रति समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए वह आर्थिक व राजनयिक रूप से कुछ सरकारों का समर्थन करता है। चीन के व्यापारिक संबंध भी इसी दिशा में अग्रसर हैं। वर्ष 2000 में दक्षिण अमेरिका के निर्यातों में चीन का हिस्सा 2 प्रतिशत से कम था, पर आज वह 30 प्रतिशत से अधिक हो गया है। वह वर्ष 2010 में 180 बिलियन डालर से बढ़ कर 2021 में 450 बिलियन डालर हो गया तथा उसके 2035 तक 700 बिलियन डालर से अधिक होने की संभावना है।

बीजिंग अब दक्षिण अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी है और चिली जैसे देशों का लगभग 40 प्रतिशत निर्यात चीन को होने लगा है। व्यापार में यह वृद्धि कोई संयोग न होकर चीन की सुसंगत रणनीति का हिस्सा है। चीन ने इस दिशा में अथक प्रयास किए हैं और वह जानबूझ कर 'बिना शर्त वाली' नीति पर चल रहा है। इसका अर्थ है कि वह व्यापार संबंध वाले देशों में सुधारों पर जोर देने जैसी कोई शर्त नहीं लगाता है। चीन की इस नीति के कारण अनेक गैर-उदार व अ-लोकतांत्रिक देशों की सरकारें उसकी ओर आकर्षित हुई हैं। उदाहरण के लिए, ऐसे देशों में वेनेजुएला शामिल है जिसे वैश्विक स्तर पर राजनयिक तरीकों से 'अश्पृश्य' जैसा बना दिया गया था। चीन ने उसे 64 बिलियन डालर से अधिक का कर्ज दिया है, हालांकि इससे उस देश के 'कर्ज के जाल' में फंसने का खतरा भी पैदा हो गया था। चीन ने लंबे समय से 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग' की नीति चलाई है और अब उसे अपनी सभी नीतियों में आत्मसात कर लिया है। उसकी 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव'-बीआरआई जैसी नीति इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही है। हाल में 'कोविड-19 राजनय' के चलते भी उसने अपने लेनदेन के प्रति समर्थन प्राप्त करने तथा निवेश करने के अवसर खोजे हैं। हालांकि, चीन के मुकाबले कच्चे माल की सप्लाई तथा वैकल्पिक सत्ता केन्द्रों पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद चीन ने विश्व स्तर पर अपनी राजनयिक शक्ति व रणनीतियों का परिचय देते हुए कुछ क्षेत्रों से अमेरिका का नियंत्रण हटाने के प्रयास किए हैं। चीन की रणनीति इसी दृष्टिकोण से उसकी अर्थनीति को संचालित कर रही है। उसने आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे दक्षिण अमेरिकी देशों के लिए अपना खजाना खोल दिया है। इस प्रकार उसने अनेक दक्षिण अमेरिकी देशों को ताइवान पर अपने भ्रम दूर करने के लिए भी प्रेरित किया है। चीन 'एक चीन' नीति पर चल रहा है जिसका अर्थ है कि ताइवान चीनी मुख्यभूमि का आवश्यक अंग है और एक दिन दोनों का एकीकरण सुनिश्चित है।

इसी रणनीति के चलते दक्षिण अमेरिका समेत दुनिया के अनेक भूभागों के अधिकांश देश ताइवान-चीन गणराज्य को मान्यता नहीं देते हैं। पहले बड़ी संख्या में दक्षिण अमेरिकी देश खासकर ताइवान को मान्यता देते थे क्योंकि चीन से उनके संबंध बहुत कम थे या बिल्कुल नहीं थे। ऐतिहासिक रूप से यह स्थिति बनी हुई थी। लेकिन आज यह स्थिति तेजी से बदल रही है। चीन की विशाल आर्थिक शक्ति तथा लेनदेन की चतुराई व व्यापार संबंधों का राजनयिक लाभ उठाने की इच्छा के कारण आज एक के बाद दूसरे दक्षिण अमेरिकी देश ताइवान के बजाय चीन के पक्ष में झुकते जा रहे हैं। भले ही यह विरोधाभास लगे, लेकिन मजेदार ढंग से अमेरिका और भारत भी चाहे-अनचाहे 'एक चीन' नीति को स्वीकार करते हैं। हालांकि, इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि चीन तथा उसके विरोधियों व प्रतिद्वंद्वियों के बीच ताइवान व अन्य मुद्दों को लेकर बयानबाजी व राजनयिक दांवपेंच चलते रहते हैं।

चीन अपनी विशाल आर्थिक शक्ति व राजनयिक दांवपेंच से छोटे-छोटे व आर्थिक संघर्ष कर रहे देशों का समर्थन 'खरीद' रहा है। होंडरास इस चीनी 'खरीद' का नवीनतम उदाहरण या शिकार बना है। पहले होंडरास की राष्ट्रपति शियोमारा कास्त्रो ने इन अफवाहों से इनकार किया था कि वे ताइवान के मामले पर अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन करने वाली हैं, लेकिन इसके कुछ ही सप्ताह के भीतर वे चीन के पाले में खड़ी दिखाई पड़ीं। शियोमारा ने अपने पालाबदल को उचित ठहराते हुए कहा, 'यह सरकार की योजना के प्रति मेरी प्रतिबद्धता तथा सीमाएं बढ़ाने का प्रयास है।' लेकिन सुश्री कास्त्रो की सहयोगी तथा होंडुरास के विदेश मंत्री एडुआर्डो रीना ने साफ-साफ बात करते हुए कहा कि होंडुरास का ताइवान के बजाय चीन के पाले में चले जाना 'किसी विचारधारा के कारण नहीं, बल्कि व्यावहारिकता' है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि होंडुरास को तत्काल पैसे की बहुत आवश्यकता थी क्योंकि इसके बना 'देश डूब रहा था।'होंडुरास के इस पालाबदल के बाद अब चीन के मुकाबले ताइवान को मान्यता देने वाले देशों की संख्या और घट गई है।

हालांकि, अब भी संयुक्त राष्ट्रसंघ के 193 सदस्य देशों में से 13 ताइवान या चीन गणराज्य को मान्यता देते हैं। इन देशों में मार्शल आइलैंड, नारू, पलाऊ, तुवालू, बेलीज़, ग्वाटेमाला, हैती, पैराग्वे, फेडरेशन आफ सेंट क्रिस्टोफर एंड नेविस, सेंट लूसिया, इस्वाटिनी, द होली सी, सेंट विन्सेंट तथा ग्रेनेडा शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि चीनी बाजार और उसके खजाने तक पहुंच सभी नैतिक व राजनयिक दृष्टिकोणों पर भारी पड़ती है। विडंबना है कि अपने सर्वाधिक प्रमुख सहयोगियों द्वारा भी ताइवान को औपचारिक मान्यता नहीं दी गई है। इनमें संयुक्त राज्य अमेरिका-यूएसए भी शामिल है जो निष्पक्ष रूप से ताइवान के साथ अपनी एकजुटता प्रकट करने का कोई मौका नहीं छोड़ता है। जिमी कार्टर ने बीजिंग को मान्यता देने के लिए ताइवान से राजनयिक संबंध तोड़े थे।

इस प्रकार अमेरिका व ताइवान के बीच जटिल व मूर्खतापूर्ण संबंधों की शुरुआत हुई थी और अमेरिका आज भी इसी रास्ते पर चल रहा है। अमेरिका आज ऐसे देश ताइवान को हथियार सप्लाई करता है जिसे वह पूर्ण रूप से मान्यता भी नहीं देता है।

चीन के अनाधिकारिक मुखपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने हाल ही में लिखा, 'अमेरिका के पास इतने आर्थिक संसाधन नहीं हैं कि वह होंडुरास की सहायता करे अथवा होंडुरास की सोच बदलने के लिए प्रभावी वादे कर सके। होंडुरास के मामले से स्पष्ट है कि जब तक देश अपनी दृढ़ता प्रदर्शित करते हैं, अमेरिकी बाधायें और हस्तक्षेप कारगर सिद्ध नहीं होते हैं। इसका असर ताइवान के बचे हुए सहयोगियों, जैसे ग्वाटेमाला, बेलीज़ व पैराग्वे पर भी पड़ेगा।' चीन को यह कहने में कोई शर्म नहीं है कि वह दक्षिण अमेरिका के बचे-खुचे किलों को 'खरीद रहा' है। इसका कारण यह है कि अमेरिका ऐसे जवाबी-प्रस्ताव देने में अक्षम है जो बीजिंग के प्रस्तावों के मुकाबले ज्यादा आकर्षक हों। एक प्रकार से चीन सरकार के इरादों को स्पष्ट करता हुआ ग्लोबल टाइम्स कहता है कि 'ताइवान की स्वतंत्रता का सपना दम तोड़ रहा है।'

ताइवान या कैपिटाल हिल में उसके सहयोगी चीनी प्रस्तावों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं और दौड़ से बाहर होते जा रहे हैं। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि चीनी व्यापार समझौतों को स्वीकार करने के पीछे कोई शर्त नहीं है। चीनी 'कर्ज का जाल' वास्तविक है तथा अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए किए जाने वाले अल्पकालीन 'बेल आउट' ज्यादा प्रभावी नहीं रहे हैं। माइक्रोनेशिया के निवर्तमान राष्ट्रपति डेविड पेनुएलो ने बीजिंग पर आरोप लगाया था कि वह चीन के बजाय ताइवान का समर्थन करने की उनकी रणनीति में हस्तक्षेप कर 'राजनीतिक युद्ध' कर रहा है। चीन ताइवान के मुद्दे पर अत्यधिक संवेदनशील है और इस मुद्दे पर किसी प्रयास को वह अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप मानता है। अफगानिस्तान व यूक्रेन युद्ध की हालिया घटनाओं ने सिद्ध किया है कि तथाकथित 'महाशक्तियां' अपनी लक्षित भूमि पर अनन्त काल तक कब्जा व नियंत्रण बनाए रखने में सफल नहीं हैं। इसलिए 'खरीदने' के माध्यम से नियंत्रण व सहमति प्राप्त करना तुलनात्मक रूप से आसान और ज्यादा टिकाऊ है।

होंडुरास ने 82 साल तक ताइपेई सरकार को मान्यता दी है। लेकिन हाइड्रोएलेक्ट्रिक बांध व अरबों डालर की 'सहायता' का लालच उसके लिए बहुत अधिक था। बहुत से लोगों का मानना है कि होंडुरास पर चीन की रणनीति 'वाशिंगटन की आक्रामक राजनय' का मुकाबला नहीं है क्योंकि यह पैटर्न पहले से चल रहा था और शुरुआत में यह लाभदायक दिखता है। होंडुरास में पालाबदल की रणनीति तथा राजनेताओं द्वारा इसे स्वीकारने से स्पष्ट है कि 'दुनिया में एक ही चीन है'। सिद्धान्त पर आधारित राजनय के दिन अब बीत गए हैं। वाणिज्य व दबाव ही नई विश्व व्यवस्था को परिभाषित कर रहे हैं। इस प्रकार चीन नए युग की राजनीति का केन्द्र है।

# 'पूर्व की ओर देखो' नीति पर जापान का जोर

> पूर्वोत्तर राज्यों के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशिया के साथ मजबूत संबंधों के लिए नीति को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक विदेशी मामलो पर टिप्पणीकार हैं)



**भारत** की 'पूर्व की ओर देखो' नीति की दृष्टि और भारत के भू-आबद्ध पूर्वोत्तर में मुक्त और खुले इंडो पैसिफिक बैठक के संबंध में जापान की दृष्टि। भारत ने लंबे समय से अपनी 'लुक ईस्ट' नीति का समर्थन किया है। इसका उद्देश्य दक्षिण पूर्व एशिया और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ पूर्वोत्तर (बहुत अधिक टैप किए जाने वाले) राज्यों के साथ एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में गहरे संबंध विकसित करना है। इस बीच, एक दशक से अधिक समय से, जापान मुक्त, खुली और निष्पक्ष इंडो पैसिफिक नीति पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें पूरे क्षेत्र में लोगों की मुक्त आवाजाही, भूमि, समुद्र और हवाई मार्गों पर व्यापार पर जोर दिया गया है। भारत के पूर्वोत्तर राज्य एक महत्वपूर्ण पहुंच नोड बनाते हैं।

पिछले हफ्ते जापानी प्रधान मंत्री किशिदा ने अपनी भारत यात्रा के दौरान, एक अधिक व्यस्त इंडो पैसिफिक नीति को आगे बढ़ाने की इच्छा पर जोर दिया। यह पिछले दो वर्षों से अमेरिका और यूरोप के लिए सबसे रणनीतिक विदेश नीति घटक बन गया है। यह भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान को उनके क्वाड समूह में एक साथ रखने वाला कारक भी है।




जापान निर्बाध व्यापार और परिवहन मार्ग बनाने के लिए भारत के पूर्वोत्तर में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को बढ़ावा दे रहा है। यह असम और मेघालय में पूर्वोत्तर सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजनाओं, असम में सीवेज और जल आपूर्ति परियोजनाओं, मणिपुर में स्कूलों के विकास, त्रिपुरा और नागालैंड में वन प्रबंधन से संबंधित परियोजनाओं और मिजोरम में स्थायी कृषि परियोजनाओं के विकास में सहायता कर रहा है। पूर्वोत्तर में जापान का निवेश अब तक 2 अरब डॉलर है। इसके अलावा, जापानी सरकार ने बांग्लादेश में मातरबारी गहरे पानी के बंदरगाह जैसी प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को चुना है। इसे असम, मिजोरम और त्रिपुरा में संपर्क सड़कों के निर्माण से पूरा किया जाएगा। एक बार पूरा हो जाने पर, ये बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूर्वोत्तर से बंगाल की खाड़ी के समुद्री बंदरगाहों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेंगी। इसके अलावा, वे दक्षिणपूर्व एशिया और उससे आगे के सामानों के लिए एक प्रमुख व्यापार पारगमन मार्ग के रूप में काम करेंगे। यह न केवल भारत की भौगोलिक सीमाओं के भीतर, बल्कि पूरे क्षेत्र में अधिक समृद्धि लाने का वादा करता है। यह कानून के आधार पर व्यापक आर्थिक और क्षेत्रीय विकास के जापानी दृष्टिकोण में अच्छी तरह से फिट बैठता है। यह उल्लेखनीय है कि अन्य एशियाई दिग्गज चीन ने अपनी अपारदर्शी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के माध्यम से इस क्षेत्र में अपने प्रभाव क्षेत्र का तेजी से विस्तार किया है। इसने इनमें से कई देशों को बहुवर्षीय घातक ऋण जाल में बांध दिया है। भारत और जापान प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं हैं जो चीन के ऋण जाल बुनियादी ढांचा वित्तपोषण परियोजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। इंडो पैसिफिक के लिए उनका विजन चीन से अलग है।

नई दिल्ली में नेतृत्व की बैठक के दौरान भारत और जापान ने अधिक आसियान देशों में साझेदारी के विस्तार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मार्च में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी आसियान की केंद्रीयता और अधिक जुड़ाव की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। यह महत्वपूर्ण है कि जापान भारत के पड़ोस में संरचित तरीके से काम कर रहा है। यह क्षेत्रीय समृद्धि के पथ पर बांग्लादेश जैसे भारत के कुछ सबसे भरोसेमंद सहयोगियों के साथ है। जापान पूर्वोत्तर के विकास का समर्थन करने के लिए 2017 से भारत के साथ काम कर रहा है। जापान ने स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है कि वह अधिक आर्थिक सहयोग के लिए दो बंदरगाहों, एक बांग्लादेश में और दूसरा भारत के पूर्वोत्तर में, को जोड़ने का इच्छुक है।

इस बीच, विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने इस सप्ताह कोलकाता में बिम्सटेक की एक बैठक को संबोधित करते हुए भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र को भारत की एक्ट ईस्ट डिप्लोमेसी की अग्रणी धार बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बिम्सटेक भागीदारों के भीतर परिवहन सुविधाओं और व्यापार को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बिम्सटेक देशों के लिए उनकी चेतावनी एक मामूली लेकिन व्यावहारिक दृष्टिकोण का पालन करना था। इस क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने के लिए कोई भी रचनात्मक समाधान इंडो पैसिफिक के लिए आर्थिक समृद्धि और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जापान के दबाव के साथ अच्छी तरह से क्लिक करता है।

## आप की बात

### नाटो का विस्तार

**आखिरकार** तुर्किए सदन ने फिनलैंड को नाटो सदस्य बनाये जाने के पक्ष में मतदान करने के बाद अब नाटो देशो की संख्या अब 30 से बढ़ कर 31 हो जाएगी। अगले कुछ ही महीनों में यह संख्या बढ़कर 32 हो जाएगी जब तुर्की जरा और उदारता दिखाते हुए स्वीडन को भी नाटो में शामिल करने पर अपनी स्वीकारोक्ति दे देगा। यह नाटो की बहुत बड़ी जीत है और रूस के लिए हार है। रूस ने यूक्रेन में हमला करने का जो कारण बताया था उसमें यही प्रमुख था कि वो नाटो को अपनी सीमा से दूर रखना चाहता है। अब क्रेमलिन क्या करेगा? फिनलैंड की 1,300 किलोमीटर सीमा रूस के साथ लगती है और वह नाटो का सदस्य बन चूका है। उसपर हमला करने का मतलब समस्त नाटो देशों पर हमला माना जाएगा। रूस अकेले यूक्रेन से ही नहीं जूझ पा रहा है फिर 31 देशों से कैसे लड़ेगा? नाटो का यह विस्तार रूस-अमेरिका संबंधों को और रसातल में पहुंचाने के साथ विश्व शांति को खतरे में डाल रहा है। सोवियत संघ-अमेरिका के बीच हुए सारे आणविक व मिसाइल समझौते अब कागज के टुकड़े बन गए हैं। इसके साथ ही रूस-चीन निकटता भी दुनिया को नए शीत-युद्ध की ओर धकेल रही है। इस प्रकार विश्व शांति पर खतरा बढ़ रहा है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सौर ऊर्जा का महत्व

**बिजली** आज अनिवार्य आवश्यकता की चीज बन गई है लेकिन आबादी के बढ़ते दबाव और इसके आम होते उपयोग ने विकल्पों की तलाश बढ़ाई है। सौर ऊर्जा इसका एक ठोस विकल्प है जिसे अपनाकर सस्ती और सहज बिजली आपूर्ति की जा सकती है। झारखंड के देवघर जिले में सौर ऊर्जा से जीवन में फैल रहे समृद्धि के प्रकाश ने बिजली के विकल्प के फायदों को और अधिक गहराई से समझने का मौका दिया है। जिले के 60 गांवों की 600 किसान महिलाओं द्वारा सिंचाई के लिए सोलर पंप का उपयोग किया जा रहा है। आज प्राकृतिक संसाधनों की कमी और घटती जल आपूर्ति के चलते सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प है। अपनी जरूरत पूर्ति के हिसाब से सौर ऊर्जा के प्रोजेक्ट को अपनाकर बिजली कटौती और भारी-भरकम बिजली बिलों की पनौती से बचा जा सकेगा। लोगों को सरकार द्वारा इसके लिए दी जा रही मदद पर गौर करना चाहिए। महीनों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के एक गांव को पूर्णतः सौर ऊर्जा संचालित होने पर बधाई दी थी। आज जरूरत इस बात की है कि देश का हर गांव यथासंभव सौर ऊर्जा का उपयोग करे।

**अमृतलाल मारू,** इंदौर

### हिंसा की संस्कृति

**हाल** ही में अमेरिका के एक स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना में 6 मासूम छात्रों की जान गई और इस घटना को अंजाम देने वाली छात्रा को भी पुलिस ने मार गिराया। इसके पहले भी थोड़े-थोड़े अंतराल पर अमेरिका में ऐसी घटनाएं होती रही हैं जिसमें बड़ी संख्या में मासूम छात्रों के साथ-साथ अन्य लोगों की भी हत्या हुई है। अमेरिका में गन खरीदने व रखने पर कोई कानूनी रोक नहीं है। जिसके चलते वहां पर लगभग हर परिवार के पास गन मौजूद है। यह अत्याधुनिक गनें किशोर उम्र के छात्रों को आसानी से उपलब्ध है। जरा भी मानसिक तनाव या आपसी झगड़े के चलते वहां तुरंत पिस्तौल निकाली जाती है। गन पर प्रतिबंध लगाने के प्रयासों का सदन में ही जमकर विरोध होता है और सरकारों को अपने पांव पीछे खींचने पढ़ते हैं। मगर रोज ऐसी घटनाओं के चलते व इंटरनेट से हत्या के नए-नए तरीके युवकों को भ्रमित कर रहे हैं। अमेरिकी शासन को आम नागरिकों के पास हथियार रखने पर रोक लगाना अब अत्यावश्यक है। सामाजिक स्तर पर अहिंसा की शिक्षा भी जरूरी है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**जब** 1975 में कांग्रेस द्वारा भारतीय लोकतंत्र की हत्या कर दी गई थी, तो कोई भी विदेशी भूमि में रोते हुए विदेशी सत्ता के हस्तक्षेप की मांग नहीं करता था।किरन

– **किरन रिजिजू**
केंद्रीय मंत्री



**दिल्ली** सरकार राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 मामलों पर तेजी से नजर रख रही है और किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**हमें** विदेश से समर्थन की जरूरत नहीं है क्योंकि हमारी लड़ाई हमारी अपनी है।

– **कपिल सिब्बल**
राज्यसभा सदस्य

# रामायण कान्क्लेव एवं श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**संवाददाता।** अयोध्या

**चैत्र** श्रीराम नवमी मेले के अवसर पर सरयू तट पर संस्कृति एवं पर्यटन विभाग उ0प्र0 द्वारा जिला प्रशासन, अयोध्या के सहयोग से आयोजित रामायण कान्क्लेव एवं राम जन्मोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय सांसद अयोध्या श्री लल्लू सिंह जी द्वार दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आयुक्त महोदय अयोध्या मण्डल, भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री अभिषेक मिश्रा, प्रबन्धक उ0प्र0 कोआपरेटिव श्री टिल्लू सिंह, महान्त गिरीश पति त्रिपाठी, उदासीन आश्रम के महान्त डा0 भरत दास जी महाराज, ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा के महान्त ज्ञानी गुरुप्रीत सिंह, महान्त श्री मिथिला बिहारी दास जी महाराज, श्री आशीष मिश्र, डॉ0 जनार्दन उपाध्याय, प्रो0 योगेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी आदि गणमान्य व संत महान्त उपस्थित रहे। निदेशक, अयोध्या शोध संस्थान, संस्कृति विभाग डॉ0 लवकुश द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथि माननीय सांसद जी व विशिष्ट अतिथि आयुक्त महोदय को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का





आगाज पं0 विजय रामदास एवं वैभव रामदास द्वारा प्रस्तुत युगल मृदंग वादन पखावज से किया गया। सर्वप्रथम पंचदेव स्तुति उसके बाद ताल चारताल के अन्तर्गत श्रीराम बाल लीला की प्रस्तुति, हनुमत बीज कवच परन, भद्रकाली परन अन्त में शिव स्तुति हर हर महादेव परन की प्रस्तुति हुई इनके साथ हारमोनियम पर संगत पल्लवी दीक्षित द्वारा की गयी। दूसरी प्रस्तुति श्री सत्य प्रकाश मिश्रा द्वारा प्रस्तुत भजन श्रीराम चन्द्र कृपालु भज मन की भावपूर्ण प्रस्तुति रही। श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर सोहर व बधाई गीत की प्रस्तुति प्रशंसनीय रही। माटी लाल प्रतियोगिता के विजेता दूरदर्शन व महुवा चैनल के सुरसंगम के कलाकार आलोक पाण्डेय अपने भक्ति गीत राम-राम सीताराम तथा भोजपुरी गीतो की प्रस्तुति से आयोजन में समा बांधने में सफल रहे। आयोजन का मुख्य आकर्षण अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार पद्मश्री मालिनी अवस्थी की प्रस्तुतियों का रहा। मालिनी जी ने राम जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के प्रसंगों को लोकगीत, अभिनय और अपनी भाव भंगिमाओं से पूरी रामकथा को जीवन्त कर दिया। 'रघुबीरा' लोकगायन के अन्तर्गत अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अप्सरा ग्रुप, सिंगापुर के कलाकारों द्वारा 'जटायु मोक्ष' प्रसंग पर आधारित नृत्य नाटिका को भरत नाट्यम शैली में प्रस्तुत किया गया। कथक केन्द्र, लखनऊ के कलाकारों ने शुरभि शुक्ला के निर्देशन में 'राम रमैया' कथक नृत्य नाटिका की भावमय प्रस्तुति की गयी। गेआक्स ग्रुप इण्डोनेशिया के कलाकारों ने 'श्री रामाविर्भाव' नृत्य नाटिका को प्रस्तुत किया। कीचक नृत्य शैली में सीता स्वयंवर प्रसंग की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। इनके कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता रही कि इन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति में वाद्ययन्त्रों का प्रयोग नहीं किया। जिसकी पूर्ति मुख से आवाज निकालकर भावों से किया गया। प्रसंग के अन्तर्गत रामजन्म, राजा दशरथ के आंगन में खेलना, अयोध्या में राम जन्म का उत्सव का मनाया जाना, खुशी के वातावरण में दास-दासियों के नाच-गाने व राम-लक्ष्मण के द्वारा शस्त्र विद्या सीखने की लीला को प्रदर्शित किया गया। प्रथम दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति अयोध्या के प्रतिष्ठित रामलीला दल मनीषदास की रही, इनके द्वारा रामकथा के अन्तर्गत मुनि आगमन व ताड़का वध की लालाओं को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। अयोध्या के उल्लिस वातावरण में रामकथा पार्क के मंच पर सजीव प्रस्तुतियों द्वारा रामजन्मोत्सव का कार्यक्रम साकार हुआ। अन्त में कलाकारों के सम्मान व धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रथम दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंच पर कार्यक्रम का सफल संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं एवं सन्त-महात्माओं तथा विशिष्टजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# 4387 किमी रेल विद्युतीकरण का कोर ने बनाया रिकॉर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**केंद्रीय** रेल विद्युतीकरण संगठन कोर ने 4283 रूट किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण कर अपने पिछले रिकार्ड को तोड़ दिया है। दिसंबर 2023 तक ब्रॉड गेज रेलमार्गों के सौ फीसदी विद्युतीकरण की प्रतिबद्धता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे कोर ने वित्त वर्ष 2021 22 में कुल 4283 रूट किलोमीटर आरकेएम के विद्युतीकरण के पिछले श्रेष्ठतम प्रदर्शन को छोड़ते हुए नया रिकार्ड बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

कोर प्रयागराज के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी एस के द्विवेदी ने बताया कि कोर ने 29 मार्च को पूरे भारत में विभिन्न रेल खंडों में रिकार्ड 478 रूट किलोमीटर आरकेएम के विद्युतीकरण के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सीपीआरओ एस के द्विवेदी के मुताबिक वित्त वर्ष की आसन्न समाप्ति के दृष्टिगत जिन रेल खंडों में काम पूरा होने वाला है। वहां गतिविधियां पूरी तेजी पर हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बचे लक्षित विद्युतीकृत खण्डों का निरीक्षण 31 मार्च 2023 से पहले पूरा हो जाए।

चालू वित्त वर्ष में 29 मार्च तक 4387 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण किया गया है। श्री द्विवेदी ने बताया कि जिसमें 1527 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण सिर्फ मार्च के महीने में कोर ने किया है। वहीं 31 मार्च तक की शेष अवधि में 400 रूट किलोमीटर का अतिरिक्त विद्युतीकरण पूर्ण होना अपेक्षित है। इसके साथ यह सुनिश्चित हुआ है कि कोर वित्त वर्ष 2022 23 में अब तक के सर्वाधिक विद्युतीकरण का नया रिकॉर्ड बनाएगा। कोर के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कोर की बड़ी उपलब्धि पर कोर परिवार के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में 3 को सजा

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

● **जमीन के बंटवारे से संबंधित विवाद में हुई मारपीट का मामला**

**गैर** इरादतन हत्या के आरोपियों को सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने सात वर्ष कारावास और आठ हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किये। अर्थदंड अदा न करने पर 06 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि बखिरा थाना अंतर्गत हटवा निवासी राम भरत निषाद ने गत 27, अगस्त, 2006 को प्रार्थना पत्र दिए कि उनके पिता घर की सफाई कर रहे थे। उसी समय गांव के राम वृक्ष मिट्टी पाटने लगे। जब उनके पिता ने मना किया तो करीब 2.00 बजे दिन में राम वृक्ष, बृजलाल उनके पिता को गाली देने लगे जब उनके पिता ने गाली देने से मना किया तो राम वृक्ष, बृजलाल सुभाष की औरत गीता व कमलावती जान माल की धमकी देते हुए उनके पिता को लाठी डंडा से मारने लगे। शोर पर वह तथा उनका भाई दिनेश पहुंचे तो उन्हें भी मारने लगे जिससे उन लोगों को काफी चोट आ गई। दवा इलाज कराने अपने पिताजी राम लौट को लेकर जा रहे थे कि रास्ते में सिहटिकर के पास उनकी मृत्यु गई तब वे लोग लाश को लेकर अपने घर चले गए और लाश को दरवाजे पर रख दिये। रामभरत ने अपने बयान में कहा कि उसके तथा मुल्जिमानों के बीच में डीह की जमीन के बंटवारे का झगड़ा चल रहा था तथा राम वृक्ष बंटवारे में अधिक भाग पर कब्जा कर अपना मकान बनवा लिए थे। मार पीट के दौरान दिनेश को 11 चोट आई थी तथा मृतक राम लौट को मृत्यु पूर्व चार चोट आई थी। अभियोजन की तरफ से कुल 10 गवाहों की गवाही कराई गई।

# डिजिशक्ति योजना के तहत छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन

**श्रावस्ती।** युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम करने की दिशा में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत महामाया राजकीय महाविद्यालयए श्रावस्ती में डिजिशक्ति योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका मा0 विधायक रामफेरन पाण्डेय ने द्वीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र गुप्त ने मा0 विधायक को अंगवस्त्र व मोमेण्टो देकर स्वागत किया। तत्पश्चात् विधायक ने शैक्षिक सत्र 2021.22 के बीएण् तृतीय वर्ष के 49 छात्र.छात्राओं को स्मार्टफोन्स का वितरण किया। इस अवसर विधायक ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार युवाओं के उज्जवल भविष्य हेतु प्रतिबद्ध है। उनके बेहतर शिक्षा के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत आज युवाओं को स्मार्टफोन का वितरण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि युवाओं का तकनीकी सामर्थ्य प्रदेश को तरक्की व खुशहाली के रास्ते पर ले जायेगा। उन्होंने कहा कि छात्र.छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कर एवं लैपटॉप व स्मार्टफोन देकर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया जा रहा है। उन्होंने मोबाइल फोन का सही दिशा में प्रयोग करने के लिए छात्र.छात्राओं से आह्वान भी किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्मार्टफोन दुर्गा प्रसाद सिंहए डॉ श्याम नारायण वर्माए डॉ उपेंद्र सोनीए डॉ आशुतोष मिश्रए दीनानाथए माधवराव एवं लाभार्थी छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सहजानन्द का भव्य स्वागत

● **विधायक अंकुर और अनिल ने गदा देकर किया स्वागत**

**संवाददाता।** संतकबीरनगर




**जिला** अध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व मे नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय के जनपद के प्रथम आगमन को लेकर भाजपाइयों में उत्साह काटे/ सरैया/ नेदुला/ सोनी होटल पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय के जनपद के प्रथम आगमन को लेकर भाजपाइयों में काफी उत्साह दिखा थोडा मौसम खराब होने के बावजूद उनके स्वागत के लिए काटे तिराहे पर भारी संख्या में भाजपाई पहुंचे और उनके काफिले के प्रवेश करते ही भाजपाइयों ने जोरदार नारा लगाते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष का काफिला टेमा रहमत चौराहे पर जैसे ही जनपद की सीमा में प्रवेश किया तो वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव, विधायक अंकुर राज त्रिपाठी, अनिल तिवारी, पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला, इन्द्रजीत मिश्र, पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल, पूर्व जिलाध्यक्ष शेतभान राय, बद्री प्रसाद यादव, विवेकानंद वर्मा, रामललित चौधरी, युवा नेता वैभव चतुर्वेदी के अलावा अन्य भाजपा नेताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। स्वागत मे विनोद पांडेय, गणेश पांडेय, कौशलेंद्र सिंह, अमर राय, संजीव राय, ज्ञानेंद्र मिश्र, सत्य पाल, पाल अत्रि मुनी, किरण प्रजापति, हैप्पी, अमित श्रीवास्तव, ब्रह्मानंद पांडेय, विजयबहादुर सिंह, सर्वेश तिवारी, राजू चौरसिया, नीरजा गुप्ता, अबरार अहमद इसके बाद उनका स्वागत, टेमा काटे तिराहा सरैया बाईपास। स्वागत मे उर्मिला तिवारी, सुनीता अग्रहरी, संगीता वर्मा, उषा प्रेमलता सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत दिखे क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए उन्होने संगठन की मजबूती पर बल देने की बात कही तथा उन्होंने आगामी 2024 लोगसभा चुनाव मे भारी जीत के लिए जन संपर्क करने को कहा तथा निकाय चुनाव इस बार पुन बड़ी जीत के लिए सरकार की योजनाओ को घर घर तक पहुंचाने की अपील किया। कार्यकर्ताओ को सदैव अनुशासन मे रहते हुए अपनी बात संगठन मे अवश्य रखनी चाहिए। आज प्रदेश मोदी और योगी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि इसी तरह आप लोग अपना आशीर्वाद बनाए रखें?। इस मौके पर सुजीत गुप्ता, मनोज पांडेय, धनंजय पांडेय, सचिन राय भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती है भाजपा

● **कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सड़क पर उतरेगा, बोले जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय**

**संवाददाता।** संतकबीरनगर




**भारत** देश की समृद्वि के लिए और देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़े ऐसी सोच रखने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी को किसी तरह का कोई लोभ नहीं है। राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर भाजपा सरकार ने इनकी सदस्यता समाप्त कर दी। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजन में काफी आक्रोश व्याप्त है।

ये बातें जिला कांग्रेस कमेटी पर पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व विधायक अफसर यू अहमद ने कहीं। उन्होंने कहा कि आज देश में लोकतंत्र को खत्म करने की राजनीति हो रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में देश की जनता अपना समर्थन दिया। इससे भाजपा घबराई है। क्योंकि भाजपा को यह पता कि देश में एकता-अखण्डता यदि कोई ला सकता है तो वह कांग्रेस पार्टी और नेहरू परिवार ला सकता है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी ने षड़यंत्र के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करायी गयी। इसका कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता विरोध करता है और सड़क तक उतरने के लिए बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी देश के प्रधानमंत्री की होगी। यह जो षड़यंत्र रचा जा रहा है इसके पीछे कहीं न कहीं देश से लोकतंत्र को पूरी तरह से समाप्त करने की साजिश है। यह देश की समझ रही है। इस दौरान कांग्रेस नेत्री श्रीमती साबिया खातून, दिलशाद अफसर, सुनील कुमार पांडेय, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रमेश तिवारी, सेवा दल अध्यक्ष मदन दास, सचिव राजीव गोंड, गुड्डू उपाध्याय, बिट्टू सिंह, संतोष पाण्डेय, अशोक, दुर्गेश पाठक फूलचंद यादव, संजय चौरसिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एनएसएस कैंप ने घर-घर दिया स्वच्छता का संदेश

**संवाददाता।** मिल्कीपुर अयोध्या

**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा विकास खंड मिल्कीपुर के जोरियमए बवां व पिठला में चल रहे साप्ताहिक एनएसएस शिविर कैंप का समापन हो गया। कैंप के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों ने गांवों में साफसफाईए जागरूकता अभियानए सांस्कृतिक कार्यक्रमए नुक्कड़ नाटक आदि के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया।

एनएसएस के यूनिट.2 की कार्यक्रम अधिकारी डाण् उलमन यशमिता नितिन ने बताया कि सात दिनों में नुक्कड़ नाटकए कविताए भाषणए पोस्टरए नृत्य के जरिए लोगों को स्वच्छताए बेटी बचाओएबेटी पढ़ाओए सुरक्षा योजना आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर मौजूद छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डीके दिवेदी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन होना चाहिए जिससे की गांवों में जागरूकता बढ़े और उनका विकास हो। वहीं दूसरी तरफबवां गांव में चल रहे एनएसएस शिविर का भी शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम अधिकारी डाण् रमेश प्रताप सिंह ने बताया कि 50 छात्र.छात्राओं ने सात दिनों तक साफसफाई अभियान एवं जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों स्वच्छता का संदेश दिया।

इस दौरान छात्रों ने घर.घर जाकर बीमारी से बचाव सफाई से रहने के लिए जागरूक किया। पिठला गांव में चल रहे एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डाण् मुकेश ने बताया कि प्रथम इकाई द्वारा छह दिनों में विभिन्न जागरूकता अभियान चलाया गया साथ पशुओं के टीकाकरणए पशुओं में बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान एवं साफ साफसफाई अभियान चलाया गया।

# पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने की बच्चों ने की पहल

**प्रयागराज।** जब आप आविष्कारकों और वैज्ञानिकों के बारे में सोचते हैं तो कभी कल्पना भी नहीं करते कि कोई आठ साल का बच्चा अपने इनोवेशन से दुनिया को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन उत्तर प्रदेश के लखनऊ में ठीक ऐसा ही कुछ हो रहा है। चार बच्चों की टीम से मिलिए जिनमें से एक तो सिर्फ आठ साल का है और जानिए कि क्यूँ अनोखा है। इनका इनोवेशन ओ एम जी येह मेरा इंडिया इंडिया के अगले एपिसोड में। गुरुवार तीस मार्च को रात आठ बजे हिस्ट्री टीवी अट्ठारह पर इसका प्रसारण हुआ। फ़ैक्चुअल एंटरटेनमेंट में सबसे कामयाब सीरीज़ का नौवां सीजन हमेशा की तरह हर गुरुवार को रात आठ बजे असाधारण भारतीयों की ऐसी अविश्वसनीय कहानियाँ लेकर आ रहा है। जो मनोरंजक होने के साथ साथ प्रेरणा से भरपूर हैं। फोर एवर लखनऊ के चार बच्चों श्रेयांश मल्होत्रा गर्वित सिंह विराज मेहरोत्रा और आर्यव मेहरोत्रा की एक टीम है।

# पुलिस की ढिलाई से पिकप सवार चोरों ने क्षेत्र में मचा रखा है तांडव

**संवाददाता।** टाण्डा अम्बेडकर नगर

● **किसानों के खेतों से आए दिन इंजन, पंखा और मोटर पंप चोरी हो रहे है।**

● **देवहट में एक ही रात्रि में चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।**

**पिकप** सवार चोरों ने क्षेत्र में तांडव मचा रखा है। किसानों के खेतों से आए दिन इंजन, पंखा और मोटर पंप चोरी हो रहे है। बीती रात्रि भी चोरों एक ही गांव से लाखों रुपए का इंजन एपंखा और मोटर पंप गायब कर दिया। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चोर ताबड़ तोड़ अपने मंसूबों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस लकीर पीट रही है। मामला टाण्डा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवहट का है।

जहां एक ही रात्रि में चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने रामू विश्वकर्मा और संजय राजभर के मशीन घर में लगे दरवाजे का ताला तोड़ कर इंजन उठा ले गए । श्याम लाल वर्मा के कमरे का ताला तोड़ कर इंजनएपंखाएएक मोटर पंप और टेबल फैन और राम जीत विश्वकर्मा का इंजन उठा ले गएएचोरों ने अलीतकी का मोटर पंप भी खोल लिया। इससे पहले भी चोरों ने कुछ किसानों का मोटर पंप खोल लिया था।

जिसकी शिकायत भी किसानों ने किया था लेकिन एक माह से अधिक का समय बीत गया। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर सकी।पुलिस के शिथिल रवैए से चोरों के हौसले बुलंद हैं और आज फिर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। कोतवाल अमित सिंह का कहना है कि किसानों की तहरीर मिली है मामले की जांच हो रही है।

# शहर हो स्वच्छ, जागरूकता के लिए निकली मशाल यात्रा

**संतकबीरनगर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत स्वच्छ उत्सव के तहत नगर पालिका परिषद खलीलाबाद जिला संत कबीर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए नगर पालिका परिषद खलीलाबाद स्वच्छता विभाग के द्वारा स्वच्छता मशाल यात्रा निकाली गई। मशाल यात्रा का उद्देश्य खलीलाबाद में आम नागरिकों को स्वच्छता के लिए और ज्यादा जागरूक करना। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना स्वच्छता की सभी गाइडलाइन का पालन करना और हमारे खलीलाबाद शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए जाने के लिए नंबर वन लाने के लिए यह स्वच्छता मशाल यात्रा निकाली गई। मशाल यात्रा में नगर पालिका परिषद खलीलाबाद अधिशाषी अधिकारी श्री विनय कुमार मिश्रा, पंकज द्विवेदी (जिला कार्यक्रम प्रबंधक), सन्नी गौतम जिला सामान्यवक, महेन्द्र कुमार, प्रिया यादव एसवबीवएमव स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, विभागीय कर्मचारियों में पंकज कुमार (प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन) उमेश चौधरी, गोरख, यादव, सर्वेश चौरसिया, बृजेश सिंह, विनोद कुमार विशु स्वच्छता की टीम साथ रही।

# संजय कुदेशिया इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक पद पर हुए प्रोन्नत

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**इफको** फूलपुर इकाई के कार्यकारी निदेशक और इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया की वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक पद पर पदोन्नति हुई है। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक पद की जिम्मेदारी मिलने पर संजय कुदेशिया ने इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी के प्रति आभार प्रकट किया। संजय कुदेशिया जयपुर राजस्थान के रहने वाले हैं। उन्होंने आईटी बीएचयू से कैमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। वर्ष 1987 में स्नातक अभियंता प्रशिक्षु के रूप में इफको कांडला में शामिल हुए। समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ वह इफको फूलपुर इकाई का नेतृत्व कर लगातार कर रहे हैं। उन्हें संयंत्र में 35 से अधिक वर्षों का व्यापक अनुभव भी है। 35 वर्षों में उन्होंने इफको की विभिन्न परियोजनाओं में आंवला संयंत्र पारादीप संयंत्र ओमान में स्थित ओम इफको मानव संसाधन विभाग में अपनी सेवाएं दी हैं। संजय कुदेशिया अनुभवी नेतृत्व क्षमता वाले अधिकारी हैं। वह कृषि क्षेत्र में संतुलित उर्वरक उर्वरक की गुणवत्ता और किसान की आय बढ़ाने की दिशा में काम रहे हैं। हाल में नैनो यूरिया तरल संयंत्र के स्थापना एवं संचालन में उन्होंने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऑल इंडिया इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी संयुक्त महाप्रबंधक संजय वैश्य एम डी मिश्र ए पी राजेन्द्रन पी के सिंह संजय भंडारी पी के पटेल रत्नेश कुमार अरूण कुमार विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और जनसंपर्क अधिकारी सोनू तिवारी महामंत्री स्वयं प्रकाश इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय महामंत्री विनय यादव समेत तमाम अधिकारियों और कर्मचारियों ने संजय कुदेशिया को बधाई दी है।

# आयुक्त ने प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्ति के जांच का दिया आदेश

**संतकबीरनगर।** मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा ने सरदार पटेल अवर माध्यमिक विद्यालय, काली जगदीशपुर में प्रधानाध्यापक के पद पर की गई नियुक्ति की जांच के आदेश दिए हैं। अपने कार्यालयादेश में उन्होंने अपर आयुक्त प्रशासन/सीआरओ श्रीमती नीता यादव की अध्यक्षता में संयुक्त निदेशक/मुख्य कोषाधिकारी आत्मप्रकाश बाजपेई तथा संत कबीर नगर के जिला विद्यालय निरीक्षक को सदस्य नामित करते हुए निर्देश दिया है कि शीघ्रातिशीघ्र जांच आख्या उपलब्ध कराएं। उल्लेखनीय है कि सरदार पटेल अवर माध्यमिक विद्यालय काली जगदीशपुर में प्रधानाध्यापक के पद पर नियुक्ति की गई। इस संबंध में प्राप्त शिकायत की सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा से आख्या मांगी गई थी परंतु उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई आख्या अस्पष्ट पाई गई। मूल पत्रावली में ना तो कोई नोटशीट है और जो पत्र लगाए गए हैं।

# धोबी समाज के लोगों से सदस्यता अभियान में हिस्सा लेने की हुई अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

● **रजक सुधार सभा प्रयागराज की बैठक धोबीघाट कीडगंज में आयोजित**

**जिला** रजक सुधार सभा प्रयागराज की बैठक धोबीघाट कीडगंज पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ नगर निगम प्रयागराज के अध्यक्ष छेदीलाल कनौजिया ने की। मुख्य संरक्षक हेमंत कुमार टुन्नू पूर्व अध्यक्ष इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने इस मौके पर समस्त समाज के लोगों से अपील की है कि वह सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

हेमंत कुमार टुन्नू ने पूर्व में हुई बैठक के विषय में बताया कि मम्फोर्डगंज धोबीघाट दारागंज धोबीघाट मीना मार्केट सोलह मार्केट करेलाबाग पर जनसभा की गई थी। जिसमें दारागंज धोबीघाट में बड़ी समस्याएं सामने आई थी। जिसमें कहा गया था कि वहां के समाज के नागरिकों को भुखमरी के कगार पर खड़ा होने के लिए विवश होना पड़ रहा है। क्योंकि केवल पांच ही घाट शेष बचे हैं। जबकि और घाट को तोड़ दिया गया है।

जिससे उनकी रोजी रोटी पर लगातार खतरा बना हुआ है। वहीं जगदीश प्रसाद और कैलाश चंद्र कनौजिया ने शासन और जिला प्रशासन तथा सेना के प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की है कि उनकी समस्या का शीघ्र निदान कराया जाए। जिससे कि धोबी समाज के लोगों की रोजी रोटी पर बना हुआ खतरा टल सके।सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ नगर निगम प्रयागराज के अध्यक्ष छेदी लाल कनौजिया ने कीडगंज के निवासियों से अपील किया है कि सभी लोग सदस्यता अभियान में हिस्सा लेकर सदस्यता जरूर ग्रहण करें। बैठक का संचालन अमित कुमार कनौजिया ने किया।

जबकि बैठक की समाप्ति की घोषणा कीडगंज धोबीघाट के वार्ड अध्यक्ष ने की। बैठक में कैलाश चंद्र कनौजिया अरुण कुमार चौधरी मुन्ना लाल अमित कनौजिया पुन्ना लाल सुनील कुमार कनौजिया महेश चौधरी फूलचंद सौरभ कनौजिया संजीव कुमार निप्पू शंकर लाल किशन लाल राकेश राजू राकेश कुमार अनिल चौधरी सोहनलाल कनौजिया पंकज कनौजिया होरी लाल पुत्तन लाल जगदीश प्रसाद कनौजिया चौधरी प्रेम भूटानी रमाकांत कनौजिया सामू कनौजिया गोरेलाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिधौली में नया आरक्षण लागू होने के बाद बदले समीकरण

- दिसम्बर 2022 में ओबीसी के लिए आरक्षित थी अध्यक्ष पद की सीट
- अब परिवर्तन कर सीट हुई अनारक्षित
- पूर्व चेयरमैन गंगाराम राजपूत के अलावा गीता मिश्रा, पीयूष शुक्ला गोपाली, ललित मिश्रा सहित कई नाम चर्चा में
- अधिकतर प्रत्याशी पाना चाह रहे भाजपा का सिम्बल

**संवाददाता।** सीतापुर

**नगर** निकाय चुनाव की जैसे ही आरक्षण सूची जारी हुई कि नगर पंचायत सिधौली में सामान्य वर्ग के दावेदार खुशी से झूम उठे। सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों में खुशी की लहर इस कदर दौड़ी कि कई प्रत्याशी अपने इष्टदेव के मंदिर में दर्शन-पूजन करने जा पहुंचे। साथ ही उन्होंने मतदाताओं से सम्पर्क भी तेज कर दिया है। दूसरी तरफ पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों में निराशा छा गयी। क्योंकि नगरपंचायत सिधौली के लिए अध्यक्ष पद की सीट पहले पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित थी। ओबीसी आरक्षण को लेकर मामला कोर्ट पहुंचा तो फिलहाल चुनाव टल गए। अब जब नए सिरे से आरक्षण की अनन्तिम सूची जारी की गयी है तो नगर पंचायत सिधौली अनारक्षित हो गयी है। जानकारी मिलते ही सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों में खुशी की लहर दौड़ गयी क्योंकि सामान्य वर्ग के प्रत्याशी चुनावी मैदान से बाहर हो गये थे। हालांकि अब सामान्य वर्ग की सीट होने पर सामान्य वर्ग ही नहीं अन्य वर्गों के प्रत्याशी भी चुनावी समर में ताल ठोक सकेंगे मगर फ्लिहाल सीट अनारक्षित होने के बाद अब किन प्रत्याशियों का चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा है। इस पर नजर डालने से पहले जान लेते हैं कि वर्ष 2017 में नगर पंचायत सिधौली महिला के लिए आरक्षित थी जबकि दिसम्बर 2022 में ओबीसी के लिए आरक्षित थी। नया आरक्षण लागू होने के बाद अब यह सीट अनारक्षित हो गयी है। अनन्तिम सूची का प्रकाशन होने के बाद 6 अप्रैल तक आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगीं, इसके बाद अंतिम सूची जारी होगी फिर चुनावी तिथियों का ऐलान होगा। नगर पंचायत सिधौली में कुल 14 वार्डों के लगभग 25 हजार मतदाता जिन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे उन नामों में सामान्य वर्ग से पहला नाम पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय उमाशंकर मिश्रा की पत्नी गीता मिश्रा का है। पति स्वर्गीय उमाशंकर मिश्रा लगातार तीन बार चेयरमैन रहे थे। एक दशक पूर्व हुए चुनाव में वह अपने शिष्य गंगाराम राजपूत से चुनाव हार गये थे। बताते हैं कि गीता मिश्रा निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ने का मन बना रही हैं। सामान्य वर्ग से पीयूष शुक्ला गोपाली का नाम भी चर्चा में है इनके पिता स्वर्गीय सिद्धेश्वर शुक्ला पूर्व केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री स्वर्गीय रामलाल राही के पीआरओ रह चुके हैं। इनकी माता पूर्व ब्लाक प्रमुख हैं पीयूष शुक्ला गोपाली, सिधौली विधायक मनीष रावत के करीबी माने जाते हैं यह भी भाजपा से टिकट पाना चाह रहे हैं। सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों में आचार्य मनीष पांडेय का नाम भी शामिल है। मनीष पांडेय विश्व हिंदू परिषद में जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं। अब चुनाव की वजह से अपने आप को मुक्त कर रखा है। इनकी पत्नी पूर्व में भाजपा के सिम्बल पर चुनाव लड़ चुकी है लेकिन चुनाव हार गयी थी। मनीष पांडेय इस बार भी भाजपा का सिम्बल प्राप्त करने कोशिश में लगे है। समाजसेवी और रियल स्टेट व्यवसायी ललित मिश्रा भी भाजपा के सिम्बल पर चुनावी मैदान में उतरना चाह रहे हैं इनका पिछले करीब दो साल से नगरवासियों से सम्पर्क किये जाने का सिलसिला जारी है। इसके अलावा मन्नूलाल तिवारी का नाम भी अध्यक्ष पद के दावेदारों में शामिल है यह धर्म रक्षा समिति सिधौली के अध्यक्ष हैं। यह भी भाजपा से चुनाव लड़ना चाह रहे हैं।

हिंदुस्तान किसान मंच के अध्यक्ष प्रशांत तिवारी का नाम अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल है इन्होंने छात्र जीवन से राजनीति की शुरुआत की थी। अन्ना हजारे के आंदोलन में भाग लिया था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लिये भी कार्य किया है यह भी भाजपा से टिकट पाना चाह रहे हैं। भाजपा के मंडल महामंत्री अनूप कुमार श्रीवास्तव पिछले करीब डेढ़ साल से अध्यक्ष पद पर चुनाव को लेकर चर्चा में हैं। सामाजिक कार्यों में भी इनकी निरंतर भागीदारी बनी हुई है। यह भी भाजपा से चुनाव लड़ना चाह रहे है। पूर्व सभासद रमेश यादव अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ना चाह रहे हैं। वकालत पेशे से जुड़े रमेश यादव समाजवादी पार्टी का सिम्बल पाने की जुगत में हैं। यह पूर्व विधायक डा हर गोविंद भार्गव के करीबियों में हैं। पहले सपा के सिम्बल पर चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन असफल रहे थे। बार एशोसियेशन सिधौली के पूर्व अध्यक्ष रामपाल भार्गव भी अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं यह नगर पंचायत सिधौली के विधि सलाहकार होने के साथ इनकी सामाजिक कार्यों में सक्रियता देखी जाती है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि सीट भले ही अनारक्षित हो गयी है लेकिन सभी प्रत्याशियों का मुकाबला पूर्व चेयरमैन गंगाराम राजपूत से ही होगा। गंगाराम राजपूत की पत्नी मौजूदा समय नगर पंचायत सिधौली की निवर्तमान चेयरमैन है इससे पहले पंचवर्षी में गंगाराम राजपूत चेयरमैन चुने गये थे। गंगाराम राजपूत भी लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। विगत चुनाव में वह निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़े थे इसके बाद वह भाजपा में शामिल हो गये। बताया जाता है कि गंगाराम राजपूत भी भाजपा से टिकट पाने की कोशिश में लगे हैं। बहरहाल भारतीय जनता पार्टी अपना सिम्बल किसे प्रदान करेगी यह तो बाद में पता चलेगा। चर्चित नामों में कौन प्रत्याशी मैदान से बाहर हो जाएगा इसका पता भी बाद में चल सकेगा। अब फिर से आरक्षण सूची जारी होने के बाद चुनावी सरगर्मियां तेज हो गयी हैं।

## दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र समय से जारी कराने का निर्देश

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**डीएम** ने दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने से संबंधित पटल का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने पटल पर मौजूद कर्मचारियों से लंबित प्रकरणों के विषय में भी जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिए कि प्रमाण पत्र से संबंधित विवरण कंप्यूटर में एक्सेल प्रारूप पर दर्ज किए जाए, जिससे लेजर की खोज करने में कोई असुविधा न हो। कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने में कोई भी विलम्ब न हो, इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने वहां पर मौजूद दिव्यांग जनों एवं उनके परिजनों से वार्ता भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि सेल में पर्याप्त स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाय, जिससे प्रमाण पत्र जारी होने में कोई भी विलम्ब न हो। डीआईसी मैनेजर को व्यवस्थाओं को ठीक किए जाने के संबंध में भी निर्देश दिए।

# मिश्रिख में ओबीसी उम्मीदवारों को लगा करारा झटका

- नई आरक्षण व्यवस्था में अनुसूचित जाति की महिला के लिए सीट हुई आरक्षित
- वर्ष 2017 में भी अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित थी सीट

**संवाददाता।** सीतापुर

**नई** आरक्षण सूची जारी होने के बाद नगर पालिका परिषद मिश्रिख-नैमिषारण्य में कई दावेदारों को बड़ा झटका लगा है। वे पिछले काफी समय से अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन सीट परिवर्तन हो जाने के बाद अब वेचुनावी मैदान से ही बाहर हो गये हैं। दरअसल नपाप मिश्रिख नैमिषारण्य में अध्यक्ष पद की नई अनन्तिम आरक्षण सूची जारी होने के बाद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हो गयी है।दिसंबर 2022 में जो सूची जारी हुई थी उसमें यह पद ओबीसी महिला के लिए आरक्षित था। इससे पहले अगर 2017 के चुनाव पर नजर डाले तो उस समय भी यह सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हुई थी। अभी अनन्तिम सूची जारी हुई है। 6 अप्रैल तक आपत्तियां दर्ज कराये जाने के बाद आपत्तियों का निस्तारण उपरांत अंतिम सूची जारी होगी फिर चुनावी तिथियों का ऐलान किया जाएगा। आईये पहले जान लेते हैं कि सीट परिवर्तन के बाद किसको बड़ा झटका लगा है। दिसम्बर 2022 में जब सीट ओबीसा महिला के लिए आरक्षित हुई थी उस दौरान राजकिशोर विश्वकर्मा, सतोंष गुप्ता, सोनू सागर कश्यप, विपिन गुप्ता, हरी प्रसाद वर्मा, रामशंकर वर्मा, अभय चौरसिया, मुकेश गुप्ता, ऋषि कुमार वर्मा मजबूती के साथ निकाय चुनाव के समर में उतरने की तैयारी कर रहे थे। सत्ता पक्ष के लोग भी अपने-अपने स्तर से इनपर अपनी बाजी लगाने के लिए प्रयासरत थे। लेकिन अब जब अध्यक्ष पद की सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हो गयी है तो इन सभी दावेदारों के मंसूबों पर पानी फिर गया है। सीट परिवर्तित होने के बाद अब जिन नामों की प्रमुखता से चर्चा है उनमें निवर्तमान चेयरमैन सरला देवी भार्गव, सुनीता राजवंशी, अरुणा देवी और प्रिया के नाम शामिल है। निवर्तमान चेयरमैन सरला देवी भार्गव 3000 मत पाकर चेयरमैन बनी थी। चेयरमैन बनने के बाद उनकी और विधायक रामकृष्ण भार्गव के बीच कुछ मतभेद हो गये इस दौरान काफी समय तक अध्यक्ष पद के प्रभार से सरला देवी बाहर रहीं करीब एक साल पहले उन्हें फिर से अध्यक्ष पद का दायित्व मिल गया था। बताते है कि अनु. जाति महिला के लिए सीट आरक्षित होने के बाद वह फिर से चुनाव लड़ने का मन बना चुकी हैं। बालकराम राजवंशी की बहू सुनीता राजवंशी ने भी चुनाव लड़ने का मन बनाया है सुनीता राजवंशी पिछले चुनाव में 900 मत पाकर चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने पिछला चुनाव निर्दलीय लड़ा था इस बार सपा से टिकट पाने की कोशिश में लग गयी हैं। प्रत्याशियों में अगला नाम संतोष राजवंशी की पत्नी अरुणा देवी का है जो पिछले चुनाव में तीसरे स्थान पर रही थीं। इन्होंने भी पिछला चुनाव निर्दलीय लड़ा था लेकिन इस बार वह सपा से टिकट पाकर चुनाव लड़ना चाह रही हैं। भाजपा के संदीप राजवंशी की पत्नी प्रिया चुनावी मैदान में उतरने को आतुर हैं। सीट परिवर्तन के बाद उन्होंने लोगों से सम्पर्क करना भी शुरु कर दिया है। प्रिया भाजपा के सिम्बल पर चुनाव लड़ने की तैयारी करने लगी है। दिसम्बर 2022 में जो सीट ओबीसी महिला के लिए आरक्षित थी वह सीट अनुसूचित महिला के लिए आरक्षित हुई तो राजनैतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। चर्चा है कि अब भाजपा से मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव के परिवार से भी कोई प्रत्याशी मैदान में आ सकता है हालाकिं इस चर्चा में कितनी सच्चायी है इसका पता तो बाद में चल सकेगा।

# लोकतंत्र का गला घोंटना, विपक्ष को डराना देश के लिए घातकः कांग्रेस

**संवाददाता।** सीतापुर

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की सासंद सदस्यता रद्द होने के बाद से कांग्रेस पार्टी की तरफसे लगातार भाजपा पर हमले तेज कर दिये गये है। शुक्रवार को सीतापुर मुख्यालय स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पार्टी नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। पार्टी के पूर्व विधायक सतीश अजमानी मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने अडानी घोटाले मामले को लेकर मोदी सरकार को घेरा। पूर्व विधायक सतीश अजमानी ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में 3 सवाल उठाये लेकिन एक भी जवाब पीएम मोदी की तरफ से नहीं आया। सत्ता पक्ष द्वारा यह कहा जा रहा है कि अडानी पर हमला देश पर हमला है। उन्होंने कहा कि तानाशाह इस बात से डरता है कि कहीं लोग उससे न डरना छोड़ दें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कहा कि लोकतंत्र का गला घोंटना और विपक्ष को डराना, धमकाना यह सब देश कि लिए घातक है। इस अवसर पर प्रवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान, मीडिया कोऑर्डिनेटर आशुतोष बाजपेई मीडिया से मुखातिब होने के बाद समस्त कांग्रेसजनों ने पैदल मार्च किया तथा लोकतंत्र को बचाओ व वंदे मातरम के नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह को सौंपा। इस अवसर पर डा विजयनाथ अवस्थी, सुधीर पांडे, सुभाष राजवंशी, संजय कुमार सनी, धीरेश कश्यप, संतोष भार्गव, विनीत दीक्षित, कमला रावत, ममता वर्मा, विनीता राजवंशी, मिथिलेश वैश्य, सतीश अग्निहोत्री, अक्षय श्रीवास्तव, रफीक बेग, मसरूर अली, पिंदर सिंह सिद्धू, हसीना खातून, पुनीत शुक्ला, मुनुआ सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर खास ध्यान देंः डीएम

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय किला का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। डीएम ने शिक्षण कार्य, विद्यालय में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, साफसफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं के बच्चों से अंग्रेजी एवं गणित विषय के प्रश्न भी पूछे और निर्देश दिए कि विद्यालय में बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। कहा कि जो बच्चे नियमित रूप से विद्यालय में अनुपस्थित होते हैं, उनके अभिभावकों के साथ संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी की बैठक कराते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। बताया कि बेहतर शिक्षा हेतु बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थित अत्यंत आवश्यक है। नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होने वाले बच्चे सभी विषयों को बेहतर ढंग से तैयार कर लेते हैं और पूछे गए प्रश्नों का ठीक प्रकार से उत्तर दे पाते हैं। डीएम ने कहा कि जो बच्चे निर्धारित ड्रेस में उपस्थित नहीं हैं, उनके अभिभावकों को नोटिस जारी करते हुए नियमित रूप से निर्धारित ड्रेस में उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। डीएम ने बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण किए जाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि बेहतर भविष्य के निर्माण में शिक्षा की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बच्चों को खूब मन लगाकर शिक्षा ग्रहण किए जाने हेतु भी प्रेरित किया। शिक्षिकाओं को भी प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश भी डीएम ने दिए।

# नेपाल बॉर्डर पहुंचे उप जिलाधिकारी-एआरटीओ,सड़कों पर कसा शिकंजा

- अफसरों ने पार्किंग नियमों की अनदेखी पर की पांच टैक्सी सीज

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**खीरी** के सुदूरवर्ती पलिया तहसील के गौरीफंटा ;नेपाल बॉर्डरद्ध पर नियमों की अनदेखी कर टैक्सी संचालन की सूचना का प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया। शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह व एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे तहसीलदार आशीष सिंह के साथ गोरीफंटा का स्थलीय भ्रमण किया, नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों पर शिकंजा कसा, जिससे टैक्सी संचालकों में हड़कंप मच गया। अफसरों ने बॉर्डर पर दस्तक देकर प्राप्त सूचना के सभी तथ्यों की गहनता से पड़ताल की। मौके पर पार्किंग नियमों के उलंघन पर दो टैक्सी को सीज किया। गौरीफंटा बॉर्डर पर मौजूद यात्रियों को रोडवेज में सुरक्षित सफर करने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने यात्रियों चालक.परिचालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। वही एसडीएम और एआरटीओ के नेतृत्व में प्रवर्तन अभियान के दौरान पलिया में भी तीन टैक्सी सीज की गई। प्रशासन की इस कार्यवाही से टैक्सी संचालकों एवं ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप मचा रहा। एआरटीओ ;प्रवर्तनद्ध रमेश कुमार चौबे ने कहा कि बॉर्डर सहित पूरे जिले में प्रवर्तन दलों के जरिए सतर्क दृष्टि रखते हुए नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों पर युद्ध स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। नियमों की अनदेखीए यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ करने वालों को चिन्हित करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

### बीना परमिट दौड़ रहीं हजारों टैक्सी

**नगर** में शायद एक भी टैक्सी परमिट नहीं है। हजारों की संख्या में इनोवा,बोलेरो,स्कार्पियो, मारूति वेन सहित विभिन्न कंपनियों के चार पहिया वाहन किराया टैक्सी के रूप में सड़क पर दौड़ रही है।अवैध रूप से संचालित इन वाहनों के पास टैक्सी परमिट तो दूर शायद इंश्योरेंस सहित अन्य दस्तावेज भी मिले। अवैध टैक्सियों का परिचालन हर गली मोहल्ले और चौक-चौराहों में किसी भी वक्त देखा जा सकता है। इन टैक्सियों के लिए न ही कोई किराया नियत है, न ही नियम। अवैध रूप से संचालित टैक्सियों के जाल के कारण जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। और सबसे अहम दुर्घटना होने पर कोई क्लेम भी नही मिलता है। प्राइवेट कोटे से पास चार पहिया वाहनों को किराए पर लेकर चलने वाले लोगों को दुर्घटना की स्थिति में काफी नुकसान उठाना पड़ता है।

# युवाओं के लिए खेल उद्योग में पर्याप्त अवसर

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**एस** एस (पी जी) कॉलेज के वाणिज्य विभाग में आत्मनिर्भर भारत अभियान पर चल रही तीन दिवसीय व्याख्यान माला के दूसरे दिन डी एन कॉलेज, मेरठ के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोव एस के शर्मा ने बोलते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने के लिए युवाओं को औधोगिक क्षेत्र में अवसर खोजने की अवश्यकता है। कहा कि विभिन्न प्रकार के खेलों में प्रयोग होने वाली खेल सामग्री के निर्माण के क्षेत्र में स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर हैं। यूपी में मेरठ के अलावा कहीं भी खेल सामग्री का निर्माण उच्च स्तर पर नहीं किया जाता है। छोटे छोटे उद्यम खोलकर स्थानीय आत्मनिर्भरता प्राप्त डॉ. शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने अध्ययन काल में ही उद्यमिता की प्रवृत्ति उत्पन्न कर लेनी चाहिए। राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद के इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रोव एस केसिंह ने कहा कि भारत की प्राचीन अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं गौरवशाली थी। हमारी समृद्धि से आकर्षित होकर विदेशी शक्तियों ने भी हमारी अर्थव्यवस्था का लाभ उठाया। आज पुनः स्वावलंबी भारत के निर्माण की ओर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। डॉ. कमलेश गौतम के संचालन में हुए कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष प्रोव अनुराग अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज अदा कर मांगी दुआएं

**बरेली।** हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खान वारसी ने बताया कि रहमतों एवं बरकतों के रमजान उल मुबारक महीने के दूसरे जुमे की नमाज शुक्रवार को लोगों ने उत्साह से अदा की। रोजेदारों ने सुबह उठकर सहरी अदा की और रोजा शुरू किया। दोपहर में जुमे की नमाज अदा करने रोजेदार मस्जिदों में पहुंचे। जुमे की नमाज के प्रति लोगों में इस कदर उत्साह रहा कि लोग अजान होने से पहले ही मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। नमाज ए जुमा से पूर्व मस्जिदो में खुत्बा पढ़ा गया, इसके साथ रमजान के दूसरे जुमे की नमाज पढ़ने के बाद खुसूसी दुआएं की गई, सिविल लाइन स्थित मस्जिद नोहमला के सूफी शाने आलम कमाल मियाँ साबरी नासरी ने बताया कि मस्जिद नोमहला में मुफ्ती अबु बाकी साहब ने नमाज अदा कराई । रमजान उल मुबारक महीने के दूसरे जुमे की नमाज अदा की गई और देश दुनिया के लिए दुआ की गई।



### जिला व महानगर कांग्रेस ने दिया पांच सूत्रीय ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रव्यपी आह्वान पर जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपति को सम्बोधित पांच सूत्रीय एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पर एकत्रित हुए और यहां से सभी खिरनीबाग स्थित रामलीला मैदान से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे । गेट पर ही पुलिस बल ने कांग्रेसियों को रोकने का प्रयास किया लेकिन कांग्रेसियों ने पुलिस बल की रोक को तोड़ते हुए अंदर पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी के बीच क्या रिश्ता है और कब से है और अडानी के पास विदेशों से आया बीस हजार करोड़ रुपया किसका है । मोदी की सरकारी विदेश यात्राओं में कितनी बार अडानी को अपने साथ ले गए और विदेशो में अडानी को कितने ठेके मोदी जी ने दिलवाए, ईपीएफओ से अडानी के शेयर खरीदकर कर्मचारियों के भविष्य को अंधकार में धकेलने के क्या कारण है? की मांग भरा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के बाद बरेली से आए पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार ने पत्रकार वार्ता करते हुए मोदी सरकार पर तमाम सवाल उठाए।



### सिटी बसों के संचालन का विरोध, बसें लगाती है जाम

**बरेली।** नगर निगम द्वारा सिटी बसों का जो रूट बनाया गया उसके विरोध मे ऑटो रिक्शा टैम्पू चालक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णपाल के नेतृत्व में जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया। कृष्णपाल ने बताया कि बरेली जंक्शन पर सिटी बसों का जो रूट बनाया गया है, उसके तहत सिटी बस के चालक परिचालक जंक्शन मंदिर के पास बसों को लगाते हैं जिससे रास्ता बंद हो जाता है और मंदिर के पास जाम की स्थिति बनी रहती है, क्योंकि ट्रेन आने के समय वस चालक पूरी सड़क को ही ब्लाक करके खड़े हो जाते हैं तथा आने जाने वाली 2 से 3 बसे भी लग जाती हैं जिससे ऑटो चालक बस के पीछे जाम में फंस जाते हैं। और सिटी बस परिचालक सवारियाँ भरते रहते हैं. यात्री, एंबुलेस व ट्रेन में जाने वाले लोग जाम में फसे रहते हैं। बसों को वन वे कर दिया जाये यानि सिटी बसें चौकी चौराहा कचहरी होते हुए बरेली जंक्शन आयें व वापसी में बरेली जंक्शन से कैन्ट होते हुए चौकी चौराहे को जायें जिससे जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। ज्ञापन देने बालो में वीरेंद्र मौर्य , ओमप्रकाश , महिपाल , सतेन्द्र पाल , प्रमोद कुमार पाल , इम्तियाज नवी , राजेंद्र प्रसाद शर्मा , द्वारिका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी का जवाब तलब

**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने कार्यालय कक्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, पीएमएमवीवी सेल, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय आदि का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया। डीएम ने कड़े निर्देश दिए कि कार्यालय साफसफाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। कहा कि अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखा जाय तथा सभी पंजिकाओ पर पृष्ठांकन कराते हुए उन्हें प्रमाणित कराया जाय। आरबीएसके में सुधार हेतु भी उन्होंने निर्देश दिए। आशा का भुगतान समय से कराए जाने हेतु डीएम ने निर्देशित किया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान दवा वितरण/स्टॉक पंजिका में पृष्ठांकन न पाए जाने एवं अन्य कमियां पाए जाने पर आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी का जवाब तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में दवाओं के स्टॉक का सत्यापन एसीएमओ की टीम के माध्यम से कराते हुए आख्या प्रस्तुत करें। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में निष्प्रयोज्य अलमारियों एवं अन्य सामग्री को तत्काल नियमानुसार निस्तारित कराए जाने के निर्देश भी दिए। कहा कि परिसर में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण ना हो, यह सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की छत की मरम्मत कराए जाने, अलमारियों की रंगाई पुताई आदि सुनिश्चित कराए जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के हेतु भी निर्देशित किया।

### कैम्प में 110 बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्राप पिलाई गयी

**बरेली।** एस.आर.एम.राजकीय आयुर्वेद कॉलेज बांसमण्डी में शुक्रवार को स्वर्ण प्राशन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 110 बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्राप पिलाई गयी । कैम्प का शुभारम्भ प्रातः 9.00 बजे प्राचार्य के निर्देशन मै धन्वन्तरी पूजन करके बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्राप पिलाकर किया गया । कैम्प का आयोजन क?मारभृत्य विभाग के डॉ? देवकी नंदन शर्मा रीडर एवं विभागाध्यक्ष व डॉ? पूर्णिमा राव द्वारा किया गया। कैम्प में विशेष सहयोग डाबर कम्पनी द्वारा किया गया। डाबर कम्पनी के प्रतिनिधि कैम्प में उपस्थित रहे, साथ ही कॉलेज के सभी शिक्षक , कर्मचारी एवं छात्र - छात्राओ ने कैम्प को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया । अगले कैम्प का आयोजन 27 अप्रैल को किया जाएगा। सामान्य जन से निवेदन ह? कि अपने 16 साल तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराकर लाभ उठाए। स्वर्ण प्राशन से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। बुद्धि एवं स्मरणशक्ति को बल प्रदान करता हैं ।

### मजदूरी मांगने पर घर में घुसकर पीटा

**बरेली।** मजदूर की रकम मांगने पर दबंगों ने एक राज मिस्त्री के साथ मारपीट की जिसकी शिकायत उसने थाने में की जिसका पता चलने पर दबंगों ने उसके साथ में घर में घुसकर जमकर मारपीट की लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की ।थाना बारादरी के जोगी नवादा निवासी इरफान ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करते है उसने बताया कि 27 मार्च को वह अपनी मजदूरी के पैसे लेने रेहान पुत्र साबिर के घर गए थे पैसे मांगने पर रेहान और वहा मौजूद लोगों ने इरफान के साथ मारपीट करते हुए उस के घर में घुस गए और वहा अपने तमंचे से फायर कर दिया जिससे इरफान और उस के परीजन बाल बाल बच गाय फायर की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहा आने लगे जिस के बाद दबंग वहां से यह कहते हुए भाग गए कि अगर हमारी शिकायत की तो तुझे मार देंगे 27 मार्च को इरफान ने इस की शिकायत थाने में की पर शिकायत दर्ज नही हुई ।

# अधिवक्ताओं ने किया विरोध मार्च

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**तहसील** की लचर कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं ने आपातकालीन बैठक के बाद विरोध मार्च निकाला तथा अधिकारियों को ज्ञापन सौंप आंदोलन की चेतावनी तथा तीन दिन के सांकेतिक कार्य बहिषकार की घोषणा भी की। अधिवक्ताओं की आपात कालीन बैठक अध्यक्ष अधिवक्ता समिति हरीशचन्द्र की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में अधिवक्तओं ने कहा कि तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के न्यायालयों में अविवादित वादों में अनावश्यक विलंब करके आदेश पारित किए जाते हैं और आदेश होने के बावजूद महीनों खतौनी आदेशों का अमल दरामद नहीं किया जाता। अविवादित दाखिल खारिज के मुकदमों के में अनावश्यक कमियां निकाल कर वादों का निस्तारण नहीं किया जाता। इसके अलावा विवदित मामलों में तहसीलदार और नायब तहसीलदार द्वारा कोई आदेश पारित नहीं किए जाते। कुछ अधिवक्ताओं द्वारा अधिकारियों के अधिवक्ताओं के प्रति अनुतिच व्यवहार का मामला भी उठाया गया। इसपर यह निर्णय लिया गया कि आगामी तीन कार्य दिवस पर अधिवक्ता सांकेतिक हड़ताल करेंगे और इसके बाद यदि उनकी मांगों पर उचित कार्यवाई नहीं हुई तो अनिश्चत कालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। बैठक के बाद अध्यक्ष हरीश्चन्द्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने नवीन तहसील परिसर तक विरोध मार्च निलकाला और उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में यह चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई न हुई तो आदोंलन छेड़ा जाएगा।



## व्हाटस एप अकाउंट हैक कर रकम की मांग

**संवाददाता।** बरेली

**युवक** का व्हाट्सएप अकाउंट हैक करने वाले ने अन्य लोगों को मैसेज भेजकर फोन पे नंबर पर पैसे की मांग की तब आज युवक ने युवक ने एसएसपी से उस फोन पे नबंर की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की हैं। थाना सुभाष नगर के श्याम कॉलोनी निवासी अवनीश कुमार ने बताया कि वह अपना व्हाट्सएप अकाउंट पंकज पाण्डेय के नाम से चलाते है बीते दो दिन से किसी व्यक्ति द्वारा उन का व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर लिया गया है और अकाउंट पर जुड़े लोगों से फोन पे पर पैसे उधार मांग रहा है अवनीश ने बताया कि मेरे मित्रों ने फोन कर मुझे इस बारे में बताया कि अभियुक्त व्यक्ति ने अवनीश के मित्र राजीव से फोन पे के नंबर पर पैसे उधार मांगने की कोशिश की जिस के बाद आज अवनीश ने एसएसपी से अभियुक्त द्वारा भेजे गए फोन पे नंबर की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की।

# फर्जी एनकाउंटर में सेवानिवृत्त दारोगा को उम्रकैद और जुर्माना

**संवाददाता।** बरेली

**लगभग** 31 साल पुराने लाली फर्जी एनकाउंटर केस में आज अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट-12 पशुपति नाथ मिश्रा ने सेवानिवृत्त दारोगा युधिष्ठिर सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई और साथ ही 20,000 रुपए का जुर्माना लगाया। ज्ञात हो कि बुधवार को न्यायालय ने युधिष्ठिर सिंह को दोषी करार दिया था कोर्ट ने सजा सुनाने के लिए 31 मार्च की तारीख तय की थी मृतक मुकेश जौहरी उर्फ लाली के परिजनों ने कोर्ट के इस फैसले के बाद खुशी जताई। एडीजीसी क्राइम आशुतोष दुबे ने बताया कि थाना कोतवाली में तैनात रहे दरोगा युधिष्ठिर सिंह ने 23 जुलाई 1992 को साहूकारा क्षेत्र के मुकेश जौहरी उर्फ लाली को आत्मरक्षा में एनकाउंटर कर मार गिराने का दावा किया था। घटना को फर्जी मुठभेड़ दर्शाकर मृतक लाली पर लूट व जानलेवा हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी दरोगा ने तहरीर में उल्लेखित किया था कि 23 जुलाई 1992 को बड़ा बाजार से सामान खरीदारी कर वापस आ रहा था कि तीन लोगों को पिंक सिटी वाइन शाप के सेल्समैन से झगड़ा करते देखा सेल्समैन के विरोध करने पर एक ने उस पर तमंचा तान दिया था, दूसरे ने शराब की बोतल उठा ली व तीसरे ने सेल्समैन पर तमंचा तान दिया था दारोगा युधिष्ठिर सिंह ने आरोपियों को ललकारा तो एक ने उन पर फायर झोंक दिया, जिससे वह बाल-बाल बचे। दारोगा ने आत्मरक्षा में गोली चलाने की बात कही थी घायल मुकेश जौहरी उर्फ लाली था बाकी दो व्यक्ति मौके से फरार हो गए। लाली की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। कोतवाली में लूट व जानलेवा हमला करने के आरोप में दरोगा ने मुकदमा दर्ज कराया था चर्चित केस में लाली की मां ने मुठभेड़ को झूठा बताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी, मगर केस दर्ज नहीं हुआ था। पांच वर्ष तक लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद मामले की जांच सीबीसीआईडी को सौंपी गयी थी, विवेचना में साफ हुआ कि दरोगा ड्यूटी पर तैनात ही नहीं था उसने सरकारी रिवाल्वर का दुरुपयोग किया। दारोगा ने मुठभेड़ में सामने से गोली मारना बताया था, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली लाली की पीठ पर लगी पाई गई थी। 20 नवम्बर 1997 को सीबीसीआइडी के इंस्पेक्टर शीशपाल सिंह की तहरीर पर दरोगा युधिष्ठर सिंह के विरुद्ध हत्या, आपराधिक षडयंत्र की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। शासकीय अधिवक्ता ने 19 गवाहों को कोर्ट में पेश कराया था हत्या के मामले में जमानत कराने के बाद से ही आरोपी दारोगा फरार हो गया था।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत करेंगे मझगवां में वीरांगना दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण

● परिसर को सजाने में जुटा दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट

● दो लाख लोगों तक पहुंचाया गया वीरांगना दुर्गावती का साहित्य

संवाददाता। चित्रकूट



कार्यक्रम की तैयारियों का जायज़ा लेते डीआरआई के संगठन सचिव व सतना डीएम

**दीनदयाल** शोध संस्थान, वाल्मीकि परिसर, मझगवां-सतना में एक अप्रैल को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत एवं दीनदयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष वीरेंद्र पराक्रम आदित्य के द्वारा वीरांगना दुर्गावती जी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

भारत रत्न नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने शुक्रवार को बताया कि संस्थान द्वारा मझगवां में वीरांगना रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा अनावरण समारोह को लेकर तैयारी पूर्ण की जा चुकी है। प्रतिमा स्थल को किले का स्वरूप दिया गया है। बताया कि आज सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी तैयारियों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। उन्होने कहा कि प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम जन भागीदारी से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सामूहिक प्रयत्न का परिणाम है सभी इसमें सहभागी बन रहे हैं।

बताया कि शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ बाल्मीकि परिसर में हो चुका है। जिसकी पूर्णाहुति शनिवार को प्रातः हवन पूजन के साथ होगी। उन्होने बताया कि प्रत्येक पंचायत स्तर पर 5 लोगों का समूह बनाकर हर घर में संपर्क कर सभी परिवारों को कार्यक्रम का ब्रोसर, कलेण्डर, वीरांगना दुर्गावती से संबंधित साहित्य सामग्री का वितरण एवं आमंत्रण का कार्य किया गया है। इसके अलावा चित्रकूट, मझगवां, बिरसिंहपुर, बरौंधा और जैतवारा मंडलों में सघन संपर्क स्थापित हुआ है। साथ ही चित्रकूट से लगे मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में भी लोगों से संपर्क करके कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है। लगभग दो लाख लोगों तक साहित्य पहुंचाने का कार्य हुआ है।राष्ट्रीय संगठन सचिव श्री महाजन ने बताया कि प्रतिमा अनावरण के अवसर पर स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव की प्रदर्शनी, पूज्य साधू सन्तों के दर्शन एवं आशीर्वाद तथा ग्रामीण क्षेत्र की विरासत एवं परम्परा पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित पोषक अनाजों की उपयोगिता पर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है।

## वृद्धा से जबरन दुष्कर्म में एक को आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** सुमेरपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व पड़ोसी ने वृद्धा के घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म व मारपीट के बाद गहने लूट लिए थे। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश एफटीसी-प्रथम स्वाती की अदालत ने दोष साबित होने पर आरोपित को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि सुमेरपुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्धा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 25 अप्रैल 2018 की रात लगभग 12 बजे के करीब वह घर में सो रही थी। तभी गांव निवासी शैलेंद्र सिंह उसके घर की पीछे की दीवार फांदकर घर में घुस आया और मारपीट करते हुए उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बाद में मरा हुआ समझकर घर मे रखे गहने व पांच हजार नगदी लेकर फरार हो गया। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शैलेंद्र सिंह के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एफटीसी-प्रथम स्वाति ने शैलेंद्र को आपीसी की धारा 376 का दोषी माना।

# गौरव दिवस पर जगमग हुई तपोभूमि

● मंदाकिनी के रामघाट पर महाआरती का आयोजन

संवाददाता। चित्रकूट



कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएम अभिषेक आनंद व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव

**श्री** चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, नगर पालिका परिषद एवं पर्यटन विभाग द्वारा चैत्र शुक्ल रामनवमी के अवसर पर राम घाट परिक्रमा मार्ग सहित पूरे तीर्थ क्षेत्र में चित्रकूट गौरव दिवस के दौरान दीप प्रज्वलित कर मनाया गया।

इस मौके पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि आज रामनवमी के शुभ अवसर पर रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग सहित तीर्थ क्षेत्र की मुख्य सड़कों एवं मठ मंदिरों पर जिला प्रशासन एवं जन सहयोग से उत्तर प्रदेश चित्रकूट में 5 लाख दीपों के लक्ष्य के सापेक्ष 6 लाख 14 हजार दीपक जलाए गए। इसके साथ ही साथ अयोध्या शोध संस्थान एवं पर्यटन विभाग द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्रीरामचरितमानस का वर्णन किया गया एवं भव्य आतिशबाजी भी की गई। इसके पूर्व जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं महामंत्री अश्वनी अवस्थी सहित सभी अतिथियों ने रामघाट में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा रामघाट में भव्य आरती का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, साधु-संत एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, उप जिलाधिकारी राम जन्म यादव पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## शातिर अपराधियों को राजापुर पुलिस ने दबोचा




**राजापुर**, चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन पर अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के मद्दे नजर राजापुर थाना क्षेत्र के नांदिन कुर्मियान में मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे दो सन्दिग्ध व्यक्तियों को उपनिरीक्षक कन्हैया सिंह, कॉन्स्टेबल उज्ज्वल पाण्डेय, अजय वर्मा, अंकित शुक्ला द्वारा घेरकर पकड़ लिया गया।

जामा तलाशी के दौरान मिथलेश पुत्र लल्लू प्रसाद निवासी देवल चौरा थाना पहाड़ी के कब्जे से 2किलो 800ग्राम सूखा गांजा तथा बुद्धराज पुत्र लुसुरुआ निवासी सिकरी सानी थाना पहाड़ी के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने बताया कि पूंछतांछ के दौरान अभियुक्त मिथलेश ने बताया कि मेरी नांदिन कुर्मियान में ससुराल है, मैं और मेरा साथी बुद्धराज दोनों मिलकर अक्सर हम लोग क्षेत्र में घूमकर गाँजा की तस्करी किया करते थे। जिन्हें थाना राजापुर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

## सेवानिवृत्त सीओ समेत अन्य पुलिसकर्मियों को दी विदाई



**फतेहपुर।** अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने माला पहनाकर व उपहार भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की कामना कर भावभीनी विदाई दी। पुलिस कार्यालय में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले सीओ संजय कुमार के अलावा उपनिरीक्षक शिवनाथ, मुख्य आरक्षी चालक गोपाल सिंह, अर्दली गंगाराम सोनी को विदाई दी गई। एसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्त होना एक सतत प्रक्रिया है। जिससे सभी को गुजरना है। उन्होने कहा कि यह लोग विभाग से जरूर रिटायर हुए हैं लेकिन यह विभाग उनके साथ हमेशा खड़ा रहेगा। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर वीर सिंह, क्षेत्राधिकारी जाफरगंज अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी खागा मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी के साथ निरीक्षण के लिए जिला कारागार पहुंचे जिला न्यायाधीश

संवाददाता। चित्रकूट



**जिला** न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक मुआयना किया। शुक्रवार को जिला न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण में महिला बंदी गृह, हाई सिक्योरिटी बंदी गृह ए, बी, वैरक का निरीक्षण कर जेल में निरूद्ध कैदियों की खाना तलाशी भी कराई। खानपान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुस्लिम कैदियों को रोजा व शहरी के लिए व्यवस्थाएं कराएं। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि निरूद्ध कैदियों के बच्चों के पढ़ाने को जिला कार्यक्रम अधिकारी से बात कर पढ़ाई का कार्य करायें। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जिला कारागार को निर्देश दिए कि कारागार में निरुद्ध कैदियों के बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य करते रहें।

## जिला जज, डीएम व एसपी ने जेल का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** जिला जज रणंजय कुमार वर्मा, डीएम श्रुति, एसपी राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जिला कारागार में स्थित चिकित्सालय, दवा भंडारण कक्ष, चिकित्सा कक्ष, रसोई घर, बैरकों, आदि को देखा। न्यायाधीश ने निरीक्षण में पाया कि निरुद्ध बंदी मरीजों को उचित ढंग से उपचार किया जा रहा है। दवा भंडारण कक्ष में दवाओं के उपयोग की वैद्यता को चेक किया जो उपयोग के लिए वैध पायी गयी। पाकशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सही मिली। राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत निरुद्ध महिला व पुरूष बन्दियों को चश्मे का निःशुल्क वितरण संयुक्त रूप से किया।

## क्विक न्यूज

### 120 मीटर ऊंचाई से गिरा ड्रोन कैमरा, मची भगदड़

**फर्रुखाबाद।** पालिका द्वारा करायी जा रही हवाई फोटोग्राफी के दौरान ड्रोन अचानक 120 मीटर की ऊंचाई से नीचे गिर गया। जिससे उसके परखच्चे उड़ गय। अचानक गिरे ड्रोन से भगदड़ मच गयी। बाद में पुलिस नें ड्रोन पालिका कर्मियों को सौंप दिया। नगर पालिका परिषद द्वारा बीते तीन दिनों से से एरिया फ़ोटो ग्राफी का कार्य कराया जा रहा था। एयर फ़ोटो ग्राफी कार्य एसजीआर लैब गुडगाँव के द्वारा किया जा रहा था। उसी दौरान शुक्रवार को शहर के बढ़पुर क्रिश्चियन कालेज मैदान से पालिका कर्मियों की मौजूदगी में एयरक्राफ्ट कैमरा कम्पनी के यूएसबी पायलट अनुभव कुमार नें उड़ाया। तकरीबन 25 मिनट उड़ने के बाद एयर क्राफ्ट कैमरा शहर के मोहल्ला इस्माइलगंजसानी निवासी गुलाम रसूल पुत्र रमजान की छत पर अचानक गिर गया। जिससे भगदड़ मच गयी।

### बारिश, ओलावृष्टि से किसान चिंतित, मुआवजे की मांग

**अमौली/फतेहपुर।** बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि की वजह से फतेहपुर से सटे कस्बे के साथ-साथ अन्य हिस्सों में गेहूं और अन्य फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि अगले बीस दिन में गेहूं की फसल तैयार होने वाली थी लेकिन अब 3/4 गेहूं की फसल गिर चुकी है। किसानों ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की वजह से 75 फ़ीसदी गेहूं की फसल बर्बाद हो गई है। फसल गिरने से हम इसका भूसा के लिए भी इस्तेमाल अब नहीं कर सकेंगे। गौरतलब है कि अमौली और आसपास के इलाकों में गेहूं की फसल के साथ-साथ सरसों और कई महत्वपूर्ण सब्जियों की फसल भी बर्बाद हुई है। किसानों ने मुआवजे की मांग की है। किसानों को इस इलाके में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की वजह से काफी ज्यादा नुकसान हुआ है।

### डीएम ने दिव्यांगजनों को बांटी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

**कानपुर देहात।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपकरण योजनान्तर्गत जिलाधिकारी नेहा जैन, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) केशव नाथ गुप्त, अपर जिलाधिकारी (वि/रा0) जेपी गुप्ता, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चंद्र भूषण सिंह व पत्रकार बन्धुओं की उपस्थिति में रचना, राजेश, उमेश बाबू, नीतू देवी एवं जितेन्द्र को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण कलेक्ट्रेट प्रांगण, माती, कानपुर देहात में किया गया। मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्तकर्ता जितेन्द्र जोकि पान-मसाला खाये पाए जाने पर जिलाधिकारी के समझ शपथ ली कि वह आज से पान-मसाला नहीं खायेंगे। साथ ही दिनांक 22 मार्च को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्तकर्ता हीरालाल से डीएम द्वारा ट्राईसाइकिल के एक बार चार्जिंग होने में कितना समय लगता है तथा कितनी दूरी तय कर सकती है, की जानकारी ली गयी। हीरालाल द्वारा बताया कि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल एक बार 3 से 4 घंटे में चार्ज हो जाती है तथा 50 किमी की दूरी तय करती है।

### ट्रक की चपेट में आकर शिक्षामित्र की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उधन्नापुर के समीप लखनऊ रोड पर देर रात ट्रक की चपेट में आ जाने से 40 वर्षीय बाइक सवार शिक्षामित्र की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव निवासी कल्लू सिंह का पुत्र चंदन सिंह शिक्षामित्र के पद पर हथगाम ब्लाक के गौरी गांव में तैनात था। गुरूवार की रात लगभग आठ बजे वह शहर से बाइक द्वारा गांव जा रहा था। जब वह उधन्नापुर के समीप पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे शिक्षामित्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### शटरिंग धराशाई होने से मजदूर की मौत

**माधौगढ़, जालौन।** नगर माधौगढ़ के मुख्य बाजार में इंडियन बैंक के सामने नवनिर्मित मकान का लेंटर डालते समय बड़ा हादसा हो गया। शटरिंग के धराशाई होने से लेंटर भरभरा कर जमीन पर गिर पड़ा। जिसके कारण एक मजदूर की मौत हो गई जबकि मकान मालिक और राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया। मौके पर इंस्पेक्टर विमलेश कुमार ने पहुंचकर मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसा होने के बाद मौके पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। लेंटर के गिरने की मुख्य वजह शटरिंग का सही से न लगाया जाना बताया जा रहा है। शटरिंग के नीचे धसकने से लेंटर डिसबैलेंस हुआ और लेंटर भरभरा कर नीचे आ गया। जिसमें पंकज(25) पुत्र रामरूप निवासी धरम पुरा जागीर थाना रामपुरा मलबे में दब गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी जबकि गृहस्वामी नीरज (35) पुत्र रामौतार निवासी माधौगढ़ व राजमिस्त्री अरुण कुमार (36) पुत्र रामस्वरूप गंभीर रूप से घायल हो गया।

# पोषण पखवाड़े में कार्यकत्रियों ने निकाली जागरूकता रैली



संवाददाता। कोंच, जालौन

**महिला** एवं बाल विकास विभाग ब्लॉक कोंच द्वारा पोषण पखबाड़ा के तहत शुक्रवार को जागरूकता रैली निकाली गई।

खंड विकास कार्यालय से प्रारंभ की गई जागरूकता रैली को खंड विकास अधिकारी प्रतिभा शाल्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मोटे अनाज के उपयोग के बारे में ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को जागरूक करने हेतु विभाग की महिला कर्मियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं महिलाओं में पोषण स्तर में सुधार के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर पोषण पखवाड़ा का आयोजन 3 अप्रैल तक किया जा रहा है। स्वस्थ रहने के लिए पोषण बहुत जरूरी है। पोषण के बगैर मनुष्य अच्छे से अपने जीवन को व्यतीत नहीं कर सकता है। उक्त जागरूकता रैली में शामिल महिलाएं स्लोगन लिखी तख्तियां हांथों में लेकर आगे आगे चल रहीं थीं। वहीं बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रप्रभा खरे ने कहा कि पोषण पखबाड़ा का मुख्य उद्देश्य मोटे अनाज के बारे में जागरूकता लाना है। इस अभियान के तहत सभी बच्चों का बजन एवं उनकी लंबाई मापी जाएगी। सही पोषण के लिए कमजोर बच्चों का नामांकन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य सेविका उषा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सीमा सचान, अंजली वर्मा आदि मौजूद रहीं।

## रमजान माह के दूसरे जुमे को रोजेदारों ने अदा की नमाज़



**जालौन,** उरई। रमजान माह के दूसरे जुमे को रोजेदारों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की। इस दौरान दुआओं में रो रोकर गुनाहों से माफी व रमजान माह में की जा रही इबादत को अल्लाह के दर पर कुबूल होने की दुआ मांगी गई। इस समय रमजान का पवित्र माह चल रहा है। सभी जगहों पर रोजेदार इबादत में मशगूल दिख रहे हैं। शुक्रवार को नगर की सभी मस्जिदों में रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। तकिया वाली मस्जिद में मौलाना साबिर साहब, जामा मस्जिद में कारी उवैश साहब, मदरसा मस्जिद में मुफ्ती अल्तमस आलम, सुब्हानी जामा मस्जिद में मौलाना शहाबुद्दीन ने जुमा की नमाज अदा कराई। इसके अलावा मोती मस्जिद, हुसैनी जामा मस्जिद, वाले वाली मस्जिद, इमाम चौक मस्जिद सहित नगर की अन्य सभी मस्जिदों में सैंकड़ों की संख्या में नमाजियों ने जुमा की नमाज अदा की।

## किराया वृद्धि के विरोध में दुकानदारों ने दिया धरना

**जालौन,** उरई। नगर पालिका की दुकानों के किराए में बेतहाशा वृद्धि को लेकर बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में दुकानदार नगर पालिका परिसर में पहुंचे। जहां दुकानदारों ने किराए में वृद्धि को लेकर धरना दिया एवं ईओ को ज्ञापन सौंपा। ईओ ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न दीक्षित इटहिया के नेतृत्व में नगर पालिका की दुकानों के किराएदार मो. सलीम, चंद्रशेखर विश्वकर्मा, लल्ला पाटकार, नसीम, संतोषी देवी, बल्ली कोस्टा, गोविंद सिंधी, तुलसीराम, मनोज, पूनू विश्वकर्मा, महेंद्र प्रताप आदि लगभग आधा सैंकड़ा दुकानदार नगर पालिका परिसर में पहुंचे। जहां नगर पालिका के उक्त दुकानदारों ने धरना देकर बताया कि नगर पालिका द्वारा अनावश्यक तरीके से दुकानों के किराए को बढ़ाया गया। दुकानों का किराया बढ़ाने की कोई सीमा होती है। लेकिन नगर पालिका ने मनमाने ढंग से किराए में वृद्धि की है।

# महायज्ञ की कलश यात्रा में उमड़ी भीड़



**कोंच,** जालौन। कोंच क्षेत्र के ग्राम आनंदनगर अंडा स्थित जय मां डिकौली माता मंदिर पर आयोजित 29 कुण्डीय राधा कृष्ण महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवं संत प्रवचन का आयोजन शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। उक्त धार्मिक आयोजन को लेकर शुक्रवार की सुबह नगर में स्थित प्राचीन रामकुंड से जल भरकर सैकड़ों महिलाएं व युवतियां भव्य व विशाल कलश यात्रा में शामिल हुईं। आम्रपत्तों व पुष्पों से सुसज्जित कलश सिर पर रखकर महिलाएं भक्ति गीत गाती हुईं चल रहीं थीं जबकि पुरुष माथे पर चंदन का लेप लगाकर हरि नाम का उच्चारण कर तालियां बजा रहे थे। बच्चे भी हांथों में झंडे थामकर डीजे पर बज रहे संगीत पर झूम रहे थे। कलश यात्रा में कथा के परीक्षित शिवराम पटेल-सुदामा देवी सिर पर भागवत पुराण रखकर चल रहे थे। मुख्य मार्ग का भ्रमण कर कलश यात्रा आयोजन स्थल ग्राम अंडा पहुंची जहां श्रीगणेश पूजन के साथ ही उक्त सभी धार्मिक आयोजन शुरू हो गये हैं। कलश यात्रा में कथा वाचिका प्रियंका शास्त्री व्रन्दावन धाम, प्रवचन प्रवक्ता बाल व्यास नैना सरस किशोरी व्रन्दावन धाम, आयोजन के कर्ताधर्ता चंद्रशेखर कुशवाहा भगत, महंत ईश्वरदास, पुजारी लक्ष्मीदास, महायज्ञ के मुख्य यजमान सुमन-सुरेश तिवारी, यज्ञाचार्य सौरभ महाराज दतिया सहित ग्राम अंडा और आसपास के क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच का संवैधानिक पेंशन मार्च 16 अप्रैल को होगा आयोजित



**फतेहपुर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच तेलियानी की एक बैठक मौर्य भवन सम्राट अशोक तिराहा में आयोजित की गई। बैठक में सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने अटेवा/एनएमओपीएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा निर्धारित किए गए वर्ष 2023 के सभी आंदोलनों एवं कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले संवैधानिक पेंशन मार्च पर सभी साथियों ने 16 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की। बैठक के दौरान जिला महिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। ब्लाक तेलियानी की कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए विस्तारित महिला जिला कार्यकारिणी में अंजू सचान को जिला महामंत्री, उमा प्रजापति व विजय रत्ना को सहसंयोजिका मनोनीत किया। राजकुमारी साहू व विनीता मौर्य को जनपदीय कार्यकारिणी महिला मोर्चा में जिला संगठन मंत्री का दायित्व दिया। तेलियानी ब्लॉक की जिम्मेदारी मनीष प्रताप सिंह को दी गई। ब्लॉक तेलियानी की पूरी कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए सदस्यों में पुनीत उत्तम ने ब्लॉक संयोजक पद के लिए सक्रिय साथी मनीष प्रताप सिंह का नाम प्रस्तावित किया। इसका समर्थन राजेन्द्र तिवारी और योगेश कुमार वर्मा ने किया। महामंत्री पद के लिए राजेंद्र तिवारी का नाम मनीष प्रताप सिंह ने प्रस्तावित किया। राजीव श्रीवास्तव व अन्य साथियों ने उनके नाम की पर सहमति जताई। सबकी सहमति उपरांत निधान सिंह जिला संयोजक ने संपूर्ण कार्यकारिणी की घोषणा की।

## परीक्षाफल व उपहार पाकर उल्लासित हुए छात्र- छात्राएं



**फतेहपुर।** आबूनगर स्थित विद्या त्रिपाठी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक सुषमा तिवारी ने किया। उन्होने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल के साथ-साथ मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रबंधक सुषमा तिवारी ने कहा कि जो बच्चे पीछे रह गए हैं वह और मेहनत करके भविष्य में प्रथम आने का प्रयास करें। कक्षा 6 में प्रियांशी पटेल प्रथम, स्नेहा सिंह द्वितीय, अंशिका मौर्या तृतीय, कक्षा सात में आलमीन फातिमा प्रथम, मयंक द्वितीय व आकृति सिंह तृतीय, कक्षा आठ में श्रुति मिश्रा प्रथम, एरम द्वितीय व नूरशबा तृतीय, कक्षा 9 में सौम्या प्रथम, नैंसी द्वितीय व रिया गौतम तृतीय, कक्षा 11 में अंकिता शर्मा प्रथम, रूपाली द्वितीय व आयशा सिद्दीकी तृतीय स्थान पर रहीं।

# तुलसी जन्मभूमि के सुंदरीकरण का हुआ शुभारंभ



संवाददाता। राजापुर, चित्रकूट

**तुलसी** जन्मस्थली राजापुर को सुन्दरीकरण व मार्गों को चौड़ीकरण करने के उद्देश्य से कस्बे के तुलसी चौक में पड़ने वाले एक मंदिर को कई दिन पूर्व गिरा दिया गया था। मन्दिर प्रबन्धक के अनुमति पर नवनिर्मित मन्दिर निर्माण के लिए मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमिपूजन व मन्दिर निर्माण की आधारशिला रखी है। शुक्रवार को आचार्य प्रदीप मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश ।चंद्र द्विवेदी, उपजिलाधिकारी प्रमोद झा, राष्ट्रीय राजमार्ग के अवर अभियंता विजय सिंह, मनोज द्विवेदी, सतीष मिश्रा तथा मंदिर के प्रबंधक श्यामलाल सोनकर ने विधिवत पूजा अर्चना व भूमिपूजन के साथ संयुक्त रूप से आधारशिला रखी है। मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने संयुक्त रूप से कहा कि धार्मिक कार्यों में जनसहभागिता अति आवश्यक है। नगर के व्यापारी, समाजसेवी, बुद्धिजीवियों का यह कर्तव्य बनता है कि मन्दिर निर्माण में अपनी सहभागिता निभाते हुए भव्य मंदिर निर्माण में भरपूर सहयोग करते हुए इस पुनीत कार्य को सफल बनाएं। इस मौके पर नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र गौतम, प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र, उपनिरीक्षक रामवीर सिंह, अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, राहुल चौरसिया, अमित सोनी, भोला गुप्ता, मोनू मोदनवाल आदि कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## छूटे छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएं पांच-छह को: डीआईओएस

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज के 28 मार्च के अनुपालन में माध्यमिक शिक्षा परिषद ने पूर्व में आयोजित 2023 की इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के छूटे/वंचित रह गये छात्र-छात्राओं को अंतिम अवसर दिया है। शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र स्वरुप ने बताया कि छूटे छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पांच-छह अप्रैल के मध्य पुनः करायी जायेगी। यह प्रयोगात्मक परीक्षा मुख्य परीक्षा की भांति ही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परिषद् के क्षेत्रीय कार्यालय से नियुक्त परीक्षकों से कराई जायेगी।

# सीएचसी सरीला में सम्पन्न हुआ बाई पोलर दिवस



● पोलर डिस्आर्डर से बचने के लिए दवा के साथ योगाभ्यास भी जरूरी - डॉ चंद्रा

**हमीरपुर।** सीएचसी सरीला में आज पहली मर्तवा शासन के आदेशानुसार मानसिक बीमारी बाई पोलर दिवस के अवसर जिला मानसिक स्वास्थ्य के नोडल डॉ. महेश चंद्रा ने कहा कि मानसिक बीमारी बाई पोलर के होने से मन में अजीब अजीब ख्याल उत्पन्न होते है, घबराहट व नींद न आना के साथ साथ व्यक्ति काल्पनिक दुनिया के बारे में सोचता रहता है इसका उपचार दवा के साथ साथ जागरुक व योगाभ्यास करना भी है। इस मौके पर सीएचसी सरीला के सीएचओ,नर्स, एएनएम के अलावा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। गोष्ठी में उपस्थित जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ की साइकोथेरेपिस्ट डा.नीता ने कहा कि यह बीमारी बुंदेलखंड के युवकों के मन मे घर करती जा रही है उन्होने उसके लक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति को यह लक्षण दिखायी दे तो वह किसी भी समय जिला अस्पताल के मानसिक कक्ष मे आकर संपर्क कर सकता है। साइकोलाजिस्ट डा. मानसी व कम्यूनिटी नर्स प्रगति गुप्ता ने लोगो को जागरुक करते हुये कहा कि युवाओ को नशे की लत,व किसी गलत काम की ओर अग्रसर होना भी बाई पोलर बीमारी के लक्षण होते है इसे समाप्त करने के लिये दवा के साथ साथ योगाभ्यास,प्राणायाम भी करना चाहिये ताकि यह बीमारी फ्टकने न पाये। उन्होने कहा कि युवाओ का पढ़ाई समाप्त करने के बाद किसी न किसी काम ने अपने को संलिप्त कर लेना चाहिये ताकि उसे हवाई ख्याल न आने पाये,इस मौके पर सरीला के चिकित्साधीक्षक डा. प्रमोद देवल,सीवीएम नीरज के अलावा आसपास के लोग गोष्ठी में भाग लिया।

# यूक्रेन ने बूचा को बचाने का मनाया जश्न

● मुक्त कराने के एक वर्ष पूरा किया

● रूस ने नए सिरे से की बमबारी

**भाषा।** बूचा (यूक्रेन)



**रूस ने लंबी दूरी** तक मार करने वाले अपने हथियारों से यूक्रेन के कई नए इलाकों में शुक्रवार को बमबारी की जिसमें कम से दो आम नागरिकों की मौत हो गई और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। रूस ने यह कार्वाई ऐसे समय की जब यूक्रेनियाई बूचा शहर को पड़ोसी देश की सेना से मुक्त कराने का एक वर्ष पूरा होने का जश्न मना रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि कीव के नजदीक मौजूद बूचा शहर रूसी सेना के अत्याचार का प्रतीक है जो उसने फरवरी 2022 में शुरू सैन्य कार्वाई के दौरान किया। जेलेंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर जारी संदेश में कहा, हम कभी माफ नहीं करेंगे। हम सभी दोषियों को दंडित करेंगे। उल्लेखनीय है कि रूसी सेना ने फरवरी 2022 में यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्वाई शुरू करने के कुछ सप्ताह के बाद ही बूचा पर कब्जा कर लिया था और करीब एक महीने तक यहां रही। यूक्रेन के सैनिकों ने जब इस शहर को अपने कब्जे में लिया तो उन्हें कई भयानक दृश्यों का सामना करना पड़ा क्योंकि महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के शव सड़क, घरों में और बगीचों में पड़े हुए मिले। कई शवों को सामूहिक कब्रों में दफनाया गया। कई सप्ताह और महीनों तक चली जांच के दौरान कुछ बच्चों सहित सैकड़ों शव शहर में मिले। यूक्रेनियाई अधिकारियों द्वारा किए गए दस्तावेजीकरण के मुताबिक बूचा में 37 बच्चों सहित 1400 आम लोगों की युद्ध में मौत हुई। कि 175 लोगों के शव सामूहिक कब्रों से मिले जिन्हें कथित तौर पर यातना दी गई थी। यूक्रेन के महा अभियोजक एंड्री कोस्तीन ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि बूचा में कई गैर सैनिकों की मौत यातना से हुई थी। उन्होंने कहा कि करीब 100 रूसी सैनिक युद्ध अपराध के संदिग्ध हैं और उनमें से 35 के खिलाफ अभियोग जारी किया गया है। गौरतलब है कि यूक्रेन की अदालत पहले ही आम लोगों को आजादी से गैर कानूनी तरीके से वंचित करने और लूटपाट करने के मामले में दो रूसी सैनिकों को 12-12 साल कारावास की सजा सुना चुकी है। मैं आश्वस्त हूं कि ए सभी अपराध महज संयोग नहीं हैं। ए रूस की सुनियोजित रणनीति का हिस्सा थे जिसका उद्देश्य यूक्रेन को राज्य और यूक्रेनियों को एक देश के तौर पर खंडित करना था।

## रूस अपने परमाणु हथियारों को बेलारूस में तैनात कर सकता है : राष्ट्रपति लुकाशेंको

**ताल्लिन (एस्टोनिया)।** यूक्रेन युद्ध को लेकर तनाव के बीच बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने शुक्रवार को कहा कि रूसी सामरिक परमाणु हथियार बेलारूस में भी तैनात किए जा सकते है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि उनका देश बेलारूस में सामरिक, कम दूरी और छोटे रेंज वाले परमाणु हथियारों को तैनात करने का इरादा रखता है। राष्ट्रपति लुकाशेंको ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में परमाणु हथियारों की तैनाती का उल्लेख किया। अगर रूस हथियारों को बेलारूस में तैनात करने की घोषणा पर आगे बढ़ता है तो क्षेत्र के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। करीब 13 महीने पूर्व, रूस के यूक्रेन पर हमला करने से पहले भी बेलारूस में रूसी सैनिकों की तैनाती की गई थी। सोवियत संघ के विघटन के बाद बेलारूस के देश बनने के समय से ही लुकाशेंको राष्ट्रपति पद पर बने हुए है। यूक्रेन में संघर्ष पर बढ़ते तनाव के बीच उन्होंने अपना वार्षिक भाषण दिया। लुकाशेंको और पुतिन आरोप लगाते रहे है कि पश्चिमी देश रूस और बेलारूस को तबाह करना चाहते है।

# पाकिस्तान के हिंदू समुदाय ने जबरन धर्मांतरण के खिलाफ प्रदर्शन किया

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान में** अल्पसंख्यक हिंदुओं के जबरन धर्म परिवर्तन और देश में हिंदू लड़कियों एवं महिलाओं के जबरन विवाह की समस्या पर ध्यान आकर्षित करने के लिए समुदाय के कई सदस्यों ने यहां मार्च निकाला। हिंदू संगठन पाकिस्तान दारावर इत्तेहाद (पीडीआई) ने बृहस्पतिवार को कराची प्रेस क्लब के बाहर और सिंध विधानसभा भवन के प्रवेश द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। पीडीआई के एक सदस्य ने कहा, हम खासकर ग्रामीण इलाकों में सिंधी हिंदुओं की इस समस्या पर ध्यान आकर्षित करना चाहते थे, जहां 12-13 साल की लड़कियों का दिन-दिहाड़े अपहरण कर लिया जाता है, उन्हें इस्लाम धर्म स्वीकार करने पर मजबूर किया जाता है और फिर किसी अधिक उम्र के मुस्लिम से उनका विवाह करा दिया जाता है। बृहस्पतिवार को किए गए इस प्रदर्शन का कुछ प्रभाव देखने को मिला, क्योंकि बहुत से लोगों को इस अपराध के बारे में जानकारी भी नहीं थी। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें इस प्रदर्शन में और अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद थी। प्रदर्शनकारियों से कुछ दूरी पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी खड़े रहे और प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। प्रदर्शनकारी तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिनमें सरकार से हिंदू लड़कियों और महिलाओं के जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ रुके हुए विधेयक को पारित करने का आग्रह किया गया था। सिंध प्रांत के विभिन्न जिलों में हिंदू लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन का मामला 2019 में सिंध विधानसभा में उठाया गया था।

## उत्तर-पश्चिमी इंडियाना में पांच वर्षीय बच्चे के बंदूक चलाने से उसके 16 महीने के भाई की मौत

**लाफाएते (अमेरिका)।** उत्तर-पश्चिमी इंडियाना में पांच वर्षीय बच्चे के एक बंदूक चलाने से 16 महीने के उसके भाई की मौत हो गई। बच्चे को कथित तौर पर अपने घर में एक बंदूक मिली थी जो उसने चली दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। कैप्टन ब्रायन फिलिप्स ने बताया कि घटना मंगलवार को हुई। लाफाएट पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय दोनों बच्चे अपार्टमेंट में थे। पांच वर्षीय बच्चे को एक बंदूक मिली और उसने उसे अपने भाई की ओर चला दिया। जर्नल एंड कूरियर की खबर के अनुसार, टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कैरी कोस्टेलो ने बताया कि बुधवार को 16 माह के बच्चे का पोस्टमार्टम किया गया जिसमें पता चला कि बच्चे को एक ही गोली लगी थी, लेकिन उसकी मौत की वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है।

## तुर्किए ने नाटो में फिनलैंड की सदस्यता पर मुहर लगाई

**अंकारा।** तुर्किए की संसद ने नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) में शामिल होने की फिनलैंड की अर्जी पर बृहस्पतिवार को मुहर लगा दी, जिससे नॉर्डिक देश (फिनलैंड) के पश्चिमी देशों के सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनने की अंतिम बाधा भी दूर हो गई। तुर्किए की संसद में मौजूद सभी 276 सांसदों ने सर्वसम्मति से फिनलैंड के दावे के पक्ष में वोट किया। इसके कुछ दिन पहले हंगरी की संसद ने भी फिनलैंड को नाटो में शामिल किए जाने का समर्थन किया था।

## न्यायाधीश के खिलाफ याचिका वापस लेने का आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश के खिलाफ दर्ज मामला वापस लेगी। इमरान खान की सरकार ने मई 2019 में लंदन में परिवार के स्वामित्व वाली संपत्ति का कथित रूप से खुलासा नही करने के लिए न्यायाधीश काजी फैज ईसा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। वह मुख्य न्यायाधीश के बाद सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि उन्होने कानून मंत्री आजम नजीर तरार को न्यायमूर्ति काज़ी ईसा के खिलाफ दायर उपचारात्मक समीक्षा याचिका को वापस लेने का निर्देश दिया है।

## पोप फ्रांसिस को आज छुट्टी मिलने की संभावना : वेटिकन

**रोम।** वेटिकन ने कहा है कि ब्रोंकाइटिस के उपचार के लिए रोम के एक अस्पताल में भर्ती पोप फ्रांसिस को शनिवार को छुट्टी मिल सकती है। वेटिकन के प्रवक्ता माटेओ ब्रूनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पोप फ्रांसिस (86) की हालत अब ठीक हो रही है और उन्होंने बृहस्पतिवार को रात्रि भोजन में पिज्जा खाया। पोप फ्रांसिस को जेमेली पॉलीक्लिनिक में बुधवार को भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने कहा था कि ब्रोंकाइटिस के इलाज के लिए फ्रांसिस को एंटीबायोटिक्स दिए जा रहे है। वेटिकन ने बताया था कि पिछले दिनो पोप फ्रांसिस को सांस लेने मे कठिनाई का सामना करना पड़ा।

## पाकिस्तान में सिख कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के पेशावर शहर में शुक्रवार को अज्ञात हमलावरों ने एक सिख व्यवसाई की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि यह घटना अपराह्न तीन बजे हुई जब मोटरसाइकिल पर सवार कुछ लोगो ने पेशावर के दीर कॉलोनी इलाके में एक व्यापारी दयाल सिंह पर गोलियां चला दी। उन्होंने कहा कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से 30 बोर के कारतूस बरामद किए है।

## ब्रिटिश अदालत ने जयसुख के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दी

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने हत्या से जुड़े चार षड्यंत्रों में भारत में वांछित जयसुख रणपरिया के प्रत्यर्पण को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। अदालत ने फैसले पर हस्ताक्षर करने के लिए मामले को गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन के पास भेज दिया। जिला न्यायाधीश सारा-जेन ग्रिफिथ्स ने लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में फैसला सुनाया। मामले मे पिछले साल दिसंबर मे सुनवाई पूरी हुई थी। प्रत्यर्पण अनुरोध में प्रथम दृष्टया मामला स्थापित करने के लिए पर्याप्त सबूत है।

## पाकिस्तान में औपनिवेशिक काल का राजद्रोह कानून रद्द

**लाहौर।** पाकिस्तान मे एक उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को औपनिवेशिक युग के राजद्रोह कानून को रद्द कर दिया, जिसमें संघीय और प्रांतीय सरकारों की आलोचना को अपराध करार दिया गया था। अदालत ने कहा कि यह कानून संविधान के अनुरूप नही है। डॉन समाचार पत्र की खबर मे कहा गया है कि लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शाहिद करीम ने राजद्रोह से संबंधित पीपीसी की धारा 124-ए को रद्द कर दिया।

# रूस भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेगा

**भाषा।** मास्को

**राष्ट्रपति व्लादिमीर** पुतिन द्वारा अनुमोदित एक अद्यतन विदेश नीति के अनुसार रूस यूरेशिया में भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी और व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस नीति के अनुसार रूस गैरमित्र देशों और उनके साझेदारों की विनाशकारी गतिविधियों को रोकना सुनिश्चित करेगा। मॉस्को के यूक्रेन पर हमले के बावजूद भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत बने रहे। कई पश्चिमी देशों में बढ़ती बेचैनी के बावजूद भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात पिछले कुछ महीनों में काफी बढ़ गया है। अद्यतन विदेश नीति के अनुसार, यूरेशिया में रूस भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी और व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यूरेशिया पर विदेश नीति के एक अनुच्छेद के अनुसार, रूस पारस्परिक रूप से लाभकारी आधार पर सभी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और विस्तार करने की दृष्टि से भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाना जारी रखेगा और द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और तकनीकी संबंधों को मजबूत करेगा।



भारत ने अब तक यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा नहीं की है और यह कहता रहा है कि इस संकट का कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। यूरेशिया पृथ्वी पर सबसे बड़ा महाद्वीपीय क्षेत्र है, जिसमें पूरा यूरोप और एशिया शामिल हैं।

## अमेरिका और भारत के द्विपक्षीय संबंधों में नई गतिशीलता पैदा हुई है : राजदूत संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे भारत के शीर्ष राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने वाली वजहों के तौर पर भूराजनीतिक और आर्थिक भागीदारी का जिक्र करते हुए कहा कि अगले स्तर की ओर बढ़ रहे भारत एवं अमेरिका के संबंधों मे नई गतिशीलता पैदा हुई है। यहां इंडियन अमेरिकन इंटरनेशनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स की 30वीं वर्षगांठ को संबोधित करते हुए राजदूत संधू ने कहा कि संबंधों की मजबूती मे भारत की घरेलू क्षमताएं अहम कारक रही है। पिछले कुछ वर्ष मे आर्थिक भागीदारी वाकई तेज हुई है। जब 2020 मे मैने राजदूत का पदभार संभाला था तो भारत-अमेरिका का व्यापार करीब 146 अरब डॉलर था। पिछले साल यह 190 अरब डरूॉलर के पार चला गया, जो कोविड तथा कोई एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) न होने बावजूद महज तीन साल मे 30 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है।

## हम राजनयिक मिशनों की सुरक्षा को गंभीरता से लेते हैं : अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका देश मे राजनयिकों और राजनयिक मिशनों की सुरक्षा को गंभीरता से लेता है। पटेल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा, हम अमेरिका मे राजनयिक मिशनो तथा उनमे काम करने वाले राजनयिकों की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते है। गौरतलब है कि खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने इस महीने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला कर दिया था तथा उसमे तोड़फोड़ की थी जिसके बाद देश मे राजनयिक मिशनो की सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई थी। खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने शहर की पुलिस द्वारा लगाए अस्थाई सुरक्षा अवरोधक तोड़ दिए और दूतावास परिसर के भीतर दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगाए। हालांकि, दूतावास के दो कर्मियो ने फौरन ए झंडे हटा दिए थे। पटेल ने कहा कि प्रशासन इन घटनाओं को लेकर भारतीय अधिकारियों के करीबी संपर्क में है।

## हिरासत में लिए गए अमेरिकी पत्रकार को छोड़े रूस: बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस से जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किए गए समाचार पत्र वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार इवान गेर्शकोविक को रिहा करने का शुक्रवार को आग्रह किया। हालांकि गेर्शकोविक पर लगे आरोपों को समाचार पत्र खारिज कर चुका है। शुक्रवार सुबह व्हाइट हाउस में जब पत्रकारों ने बाइडन से पूछा कि वह गेर्शकोविक की गिरफ्तार को लेकर रूस को क्या संदेश देना चाहेंगे तो उन्होंने कहा, उन्हें छोड़ दीजिए।

## चीन में पत्रकार को लेकर फैसले में देरी पर ऑस्ट्रेलिया ने चिंता जताई

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि उनका देश इस बात को लेकर बहुत चिंतित है कि ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार चेंग लेई को राष्ट्रीय सुरक्षा के आरोपों पर चीन में मुकदमे के एक साल बाद भी फैसले के बारे में पता नहीं चला है। वोंग ने बीजिंग में समाप्त हो चुकी सुनवाई की पहली बरसी पर एक बयान में कहा कि उनकी सरकार ने हर बार चेंग को उनके परिवार के साथ मिलाने की वकालत की।

# भारतीय मूल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर को नासा के चंद्र से मंगल कार्यक्रम का प्रमुख नियुक्त किया गया

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय मूल** के अमेरिकी सॉफ्टवेयर और रोबोटिक इंजीनियर अमित क्षत्रिय को नासा के नए चंद्र से मंगल कार्यक्रम का पहला अध्यक्ष नामित किया गया है। यह कार्यक्रम अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा की चंद्रमा पर दीर्घकालिक उपस्थिति की तैयारियों को सुनिश्चित करेगा ताकि मानव को अंतरिक्ष विज्ञान की नई उपलब्धि के तहत लाल ग्रह (मंगल) तक भेजा जा सके। एजेंसी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि क्षत्रिय नासा द्वारा गठित कार्यालय के पहले प्रमुख के तौर पर तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करेंगे। नासा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि नए कार्यालय का उद्देश्य एजेंसी की चंद्रमा और मंगल पर मानव अन्वेषण गतिविधियों को अंजाम देना है ताकि पूरी मानवता को उसका लाभ मिल सके। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा, अन्वेषण का स्वर्ण काल अब हो रहा है और नया कार्यालय यह सुनिश्चित करने में नासा की मदद करेगा कि वह चंद्रमा पर सफलतापूर्वक दीर्घकालिक उपस्थिति दर्ज करे और मानवता को मंगल ग्रह की ओर छलांग लगाने हेतु तैयारियों को पूरा किया जा सके...। नेल्सन ने कहा, चंद्रमा से मंगल कार्यक्रम कार्यालय नासा को चंद्रमा तक मिशन को पूरा करने और मंगल ग्रह पर पहली बार मानव को भेजने की तैयारियों में मदद करेगा। विज्ञप्ति के मुताबिक क्षत्रिय चंद्रमा और मंगल ग्रह पर मानव मिशन की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

## सीरिया की राजधानी के पास इजराइल के हमलों में ईरानी सलाहकार की मौत

**बेरूत।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के उपनगरीय इलाकों में इजराइल ने शुक्रवार तड़के दूसरे दिन भी हवाई हमले किए, जिसमें एक ईरानी सलाहकार की मौत हो गई। सीरिया और ईरान के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। राजधानी के निवासियों और सरकारी समाचार एजेंसी सना के अनुसार, शुक्रवार तड़के दमिश्क में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। इससे पहले, बृहस्पतिवार तड़के भी इसी तरह के हमले हुए थे। सना ने कहा कि सीरिया की हवाई रक्षा प्रणाली ने इजराइल की कुछ मिसाइलों को मार गिराया। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने शुक्रवार को बताया कि सीरिया में शुक्रवार की सुबह ईरानी सैन्य सलाहकार मिलाद हैदरी इज़राइल के हमले में मारे गए। खबर में हैदरी की रैंक बताए बिना उन्हें इस्लाम का रक्षकै बताया गया।

## इजराइल के रक्षा मंत्री को लेकर अनिश्चितता की स्थिति

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पांच दिन पहले अपने रक्षा मंत्री को बर्खास्त करने के फैसले के बाद स्वत:स्फूर्त सामूहिक प्रदर्शन शुरू हुए जिसके बाद देश में जनजीवन अस्त-व्यस्त होने का खतरा पैदा हो गया। इसके बाद इजरायल के नेता को न्यायिक प्रणाली में सुधार की अपनी विभाजनकारी योजना को निलंबित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि नेतन्याहू के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट को कभी औपचारिक निष्कासन पत्र नहीं भेजा। शुक्रवार की स्थिति के अनुसार गैलेंट प्रभार संभाल रहे थे।

## भारत, जापान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ करने को श्रीलंका से हाथ मिलाया

**कोलंबो।** भारत और जापान ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने के लिए श्रीलंका के साथ सहयोग पर संयुक्त तौर पर सहमति जताई है। संसाधन संपन्न इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य दबदबे के बीच शुक्रवार को एक खबर में यह जानकारी दी गई। अमेरिका, भारत और कई अन्य वैश्विक महाशक्तियां एक स्वतंत्र, खुले और उन्नत हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जरूरत के बारे में बात कर रही हैं। चीन दक्षिण और पूर्वी चीन महासागरों में क्षेत्रीय विवादों में घिरा है। चीन ने पिछले कुछ साल में अपने मानव निर्मित द्वीपों पर सैन्य मौजूदगी बढ़ाने में अच्छी प्रगति की है।

## अमेरिकी सीनेट ने प्रबंधन एवं संसाधन विदेश उप मंत्री पद के लिए रिचर्ड वर्मा के नाम की पुष्टि की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने प्रबंधन एवं संसाधन विदेश उप मंत्री पद के लिए भारतीय-अमेरिकी रिचर्ड वर्मा के नाम की मंगलवार को पुष्टि कर दी। सीनेट में वर्मा (54) की नियुक्ति के पक्ष में 67 और विरोध में 26 वोट पड़े। वर्मा 16 जनवरी 2015 से 20 जनवरी 2017 तक भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वह मौजूदा समय में मास्टरकार्ड में मुख्य विधि अधिकारी और वैश्विक सार्वजनिक नीति के प्रमुख हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रशासन में वर्मा विधाई मामलों के उप विदेश मंत्री थे।

## मलेशिया की शीर्ष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री नजीब की सजा की समीक्षा करने से इनकार किया

**पुत्रजय ( मलेशिया )।** मलेशिया की शीर्ष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक की भ्रष्टाचार के मामले में दोषसिद्धी और 12 साल की जेल की सजा को बरकरार रखने के अपने फैसले की समीक्षा करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि नजीब अपने दुर्भाग्य के लिए खुद जिम्मेदार हैं। संघीय अदालत की पांच सदर्स्ईय खंडपीठ ने अगस्त 2022 में सरकारी निवेश कोष ।एमडीबी (मलेशिया डेवलपमेंट बेरहाद) की लूट से जुड़े एक मामले में नजीब की अंतिम अपील सर्वसम्मति से खारिज कर दी थी और उन्हें सजा काटने के लिए सीधे जेल भेज दिया था। से चार न्यायाधीशें ने कहा कि उन्हें फैसले में कोई खामी नहीं दिखी। उन्होंने बचाव पक्ष की दलीलों को खारिज कर दिया कि नजीब को दोषी ठहराने वाले न्यायाधीशों के हितों में टकराव था और पूर्व प्रधानमंत्री को नए सबूत पेश करने की अनुमति नहीं दी गई। न्यायाधीशों ने कहा कि संघीय अदालत की पिछली पीठ ने कानून के अनुसार सही फैसला सुनाया था।

# नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने मंत्रिमंडल का विस्तार किया

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल के** प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने शुक्रवार को तीन महीने में सातवीं बार अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया और नेपाली कांग्रेस सहित पांच नए दलों के मंत्रियों को शामिल किया। राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास में नवनियुक्त मंत्रियों को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। काठमांडू पोस्ट अखबार के मुताबिक नेपाली कांग्रेस में आंतरिक विवादों के कारण पहले चरण में पार्टी के कुल चार नेताओं को मंत्री नियुक्त किया गया है। खबर में कहा गया है कि सातवीं बार फेरबदल के बावजूद मंत्रिमंडल अभी पूरी तरह आकार नहीं ले पाया है। प्रचंड अभी भी विदेश मंत्रालय, कानून, न्याय और संसदीय मामले, वन और पर्यावरण, स्वास्थ्य और जनसंख्या तथा युवा और खेल मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। नेपाल का 10 दलों का सत्तारूढ़ गठबंधन बृहस्पतिवार को सत्ता-साझाकरण समझौते पर आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहा, जिससे मंत्रिमंडल के विस्तार में फिर से देरी हुई। विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच मंत्रालयों के बंटवारे पर सहमति बनाने के लिए शीर्ष नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास पर बैठकें कीं। अधिकारियों ने कहा कि सत्ता में हिस्सेदारी और मंत्रिस्तरीय विभागों का बंटवारा सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के बीच प्रमुख अड़चन थी क्योंकि कैबिनेट पदों की मांग उपलब्ध मंत्रालयों की संख्या से अधिक थी। विस्तार से पहले, प्रचंड पर गृह, वित्त, विदेश, उद्योग और वाणिज्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, तथा कृषि मंत्रालयों सहित लगभग 16 विभागों की जिम्मेदारी थी। शुक्रवार के विस्तार से पहले प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार में प्रधानमंत्री और एक राज्य मंत्री सहित केवल छह कैबिनेट मंत्री थे।

# ताइवान की राष्ट्रपति मध्य अमेरिका की यात्रा पर, संबंध मजबूत करने की कोशिश करेंगी

**भाषा।** मेक्सिको सिटी



**ताइवान के** राजनयिक साझेदारों के कमजोर पड़ने और प्रतिद्वंद्वी चीन की तरफ झुकाव प्रदर्शित करने के बीच ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन इस सप्ताह मध्य अमेरिका की यात्रा के दौरान स्वशासी द्वीप (ताइवान) के बाकी सहयोगियों के साथ संबंधों को मजबूत करने की कोशिश करेंगी। सांग ने यात्रा पर रवाना होने से कुछ समय पहले ग्वाटेमाला और बेलीज के नेताओं को संबोधित करते हुए यात्रा को वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति ताइवान की प्रतिबद्धता दिखाने का अवसर करार दिया। विश्व पटल पर अपनी बात रखने के हमारे संकल्प में बाहरी दबाव बाधा नहीं बनेगा। हम शांत रहेंगे, आत्मविश्वास कायम रखेंगे, झुकेंगे नहीं, लेकिन उकसाएंगे भी नहीं। सांग अमेरिका में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैककार्थी से भी मुलाकात करेंगी। इस यात्रा का मकसद लातिन अमेरिका में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना भी है, क्योंकि चीन इस क्षेत्र में निवेश कर रहा है और देशों पर ताइवान से संबंध तोड़ने का दबाव बना रहा है।

## जापानी नागरिक को हिरासत में लेने से बढ़े तनाव के बीच जापान के विदेश मंत्री चीन की यात्रा करेंगे

**तोक्यो।** जापान के विदेश मंत्री योशीमासा हयाशी ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने चीनी समकक्ष किन गांग के साथ वार्ता के लिए इस सप्ताहांत मे चीन की यात्रा करेंगे। दोनो देशो के बीच पिछले तीन साल से बढ़ते तनाव के बीच हयाशी पहले ऐसे शीर्ष नेता होंगे जो चीन की यात्रा करेंगे। चीन मे हाल मे एक जापानी नागरिक को हिरासत मे लिए जाने के कारण दोनों देशों के बीच टकराव बढ़ गया है, ऐसे मे जापानी विदेश मंत्री की यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पौधे भी अपने आसपास की आवाजों को महसूस करते हैं

● जान लेने वाले ध्यान दें: वह खामोशी से आप पर चिल्ला रहे है

**भाषा।** क्वींसलैंड



**यदि आप मेरे** जैसे हैं, तो आप ऐसे इनडोर पौधों को भी मारने में कामयाब हो जाते होंगे, जो वैसे बहुत सख्तजान होते हैं (हाँ, पौधे जीव विज्ञान में डॉक्टरेट के बावजूद)। लेकिन एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहां आपके पौधों को जब पानी की जरूरत हो, वह आपको बताएं। यह ख्याल अपने आप में अजीब भले हो, लेकिन मूर्खतापूर्ण नहीं हो सकता है। हो सकता है कि आपको इस बात का अंदाजा हो या आपने उन अध्ययनों के बारे में सुना हो, जिनमें सुबूत के साथ यह बताया गया है कि पौधे अपने आसपास की आवाजों को महसूस कर पाते हैं। अब, नए शोध से पता चला है कि वे तनाव होने (जैसे कि पानी के अभाव, या काटे जाने से) की सूरत में बाकायदा आवाजें निकाल सकते हैं। तेल अवीव विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के नेतृत्व में एक टीम ने दिखाया है कि टमाटर और तंबाकू के पौधे न केवल आवाज करते हैं, बल्कि इतनी तेज आवाज करते हैं कि दूसरे जीव सुन सकें। उनके निष्कर्ष, आज जर्नल सेल में प्रकाशित हुए हैं, जो हमें पौधों की समृद्ध ध्वनिक दुनिया को समझने में मदद कर रहे हैं – एक ऐसी दुनिया जो हमारे चारों ओर है, पर कभी भी इनसान के कानो तक नहीं पहुंच पाई है। पौध सीसाइल जीव हैं। वे काटे जाने या सूखे जैसे तनाव से दूर नहीं भाग सकते। इसके बजाय, उन्होंने जटिल जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं को विकसित किया है और आसपास के जीवों द्वारा उत्पादित प्रकाश, गुरुत्वाकर्षण, तापमान, स्पर्श और वाष्पशील रसायनों सहित पर्यावरणीय संकेतों के जवाब में गतिशील रूप से अपना विकास बदलने की क्षमता विकसित की है। ये संकेत उन्हें अपने विकास और प्रजनन की सफलता को अधिकतम करने, तनाव के लिए तैयार करने और प्रतिरोध करने में मदद करते हैं, और अन्य जीवों जैसे कि कवक और बैक्टीरिया के साथ पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंध बनाते हैं।2019 में, शोधकर्ताओं ने दिखाया कि मधुमक्खियों की भनभनाहट पौधों को मीठा पराग पैदा करने के लिए प्रेरित कर सकती है। अन्य ने सरसों के परिवार के एक फूल वाले पौधे अरबिडोप्सिस में एक खास शोर के प्रति प्रतिक्रिया होते दिखाया है। अब, लीलाच हडनी, जिन्होंने उपरोक्त मधुमक्खी पराग अध्ययन का नेतृत्व किया, की अगुवाई में एक टीम ने टमाटर और तम्बाकू के पौधों, और पांच अन्य प्रजातियों (अंगूर की बेल, हेनबिट डेडनेटल, पिनकुशन कैक्टस, मक्का और गेहूं) द्वारा उत्पन्न वायुवाहित ध्वनियों को रिकॉर्ड किया है। ये ध्वनियाँ अल्ट्रासोनिक थीं, 20-100 किलोहर्ट्ज़ की सीमा में, और इसलिए मानव कानों द्वारा नहीं पहचानी जा सकतीं।

## सूडान में सोने की खदान धंसने से 10 मजदूरों की मौत

**भाषा।** खारतूम

**उत्तरी सूडान** में सोने की एक खदान के धंसने से कम से कम 10 मजदूरों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सूडान की समाचार एजेंसी एसयूएनए के अनुसार, मिस्र की सीमा के पास जेबेल अल-अहमर सोने की खदान बृहस्पतिवार को ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे मजदूरों की मौत हो गई। खबर के अनुसार, अब भी कई मजदूर लापता हैं। जान गंवाने वाले में अधिकतर युवा हैं। कई शव बरामद कर लिए गए हैं। मलबे में अब भी जीवित बचे लोगों की तलाश जारी है। समाचार एजेंसी ने एक सुरक्षा सूत्र ने हवाले से बताया कि मजदूरों के खदान के भूजल के नीचे फंसे होने की आशंका है। सूडान में ऐसे हादसे अकसर होते रहते हैं। पश्चिमी कोर्दोफान में 2021 में सोने की एक खदान के धंसने से 31 लोगों की मौत हो गई थी।

# इंदौर मंदिर हादसे में मृतक संख्या 36 हुई

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)



**इंदौर के** जिस पटेल नगर स्थित मंदिर के नीचे बरसों दबी रही बावड़ी में गिरकर 36 श्रद्धालु काल के गाल में समा गए, वहां अब शोक का चुभने वाला सन्नाटा पसरा है। करीब 24 घंटे चले बचाव अभियान के दौरान बावड़ी से निकाला गया 36वां शव सुनील सोलंकी (52) का था। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह हादसा शहर के इतिहास की सबसे भीषण दुर्घटना के रूप में दर्ज हो गया है जिसमें 21 महिलाओं और दो बच्चों ने भी जान गंवाई है। पटेल नगर के बाशिंदे उस घड़ी को अब तक नहीं भूल सके हैं, जब बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की फर्श हवन-पूजन के दौरान कुछ इस तरह धंसी कि ज्यादातर लोगों को अपनी जान बचाने का मौका ही नहीं मिल सका। मंदिर के पास रहने वाले अनिल भटेवरा (65) ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया, मंदिर में बृहस्पतिवार 12:00 बजे के आस-पास दुर्घटना हुई। कुछ महिलाएं बदहवास हालत में दौड़कर मेरे पास पहुंचीं और बताया कि कई लोग बावड़ी में गिर गए हैं। भटेवरा ने कहा, मैं मंदिर के नजदीक ही रहता हूं, लेकिन बावड़ी में गाद इतनी थी कि हमें लोगों के इसमें गिरने की कोई आवाज ही नहीं आई। हम तुरंत मंदिर में पहुंचे और 17-18 लोगों को बावड़ी से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1972 के दौरान यह बावड़ी पूरी तरह खुली थी और वह इसमें उतरकर नहाते थे। भटेवरा ने बताया, ..लेकिन 1983 के आस-पास इस बावड़ी को ढंक दिया गया। हमने इस बावड़ी को ढंके जाने के खिलाफ प्रशासन को आठ-दस बार शिकायत की। एक बार एक अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) बुलडोजर के साथ भी आए, लेकिन वह लौट गए। हमें पता नहीं कि इस बावड़ी को हादसा होने तक अतिक्रमण से मुक्त क्यों नहीं कराया जा सका। भटेवरा ने कहा कि मंदिर हादसे के दोषियों के खिलाफ जरूर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन उन्हें इस बात का सबसे ज्यादा दु:ख है कि उन्होंने अपने मोहल्ले को लोगों को रामनवमी के उस दिन खो दिया, जब वहां धार्मिक उल्लास का माहौल था।

## मौत के बाद अंगदान से औरों को नई जिंदगी दे गए आठ श्रद्धालु

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर की पुरातन बावड़ी के ऊपर बनाए गए एक मंदिर की फर्श धंसने के कारण जान गंवाने वाले 36 श्रद्धालुओं में से आठ के परिवारों ने मानवता की नजीर पेश की है। न्होंने अपने दिवंगत स्वजनो की त्वचा और नेत्र दान कर दिए है ताकि इनके प्रत्यारोपण के बाद जरूरतमंद मरीजो को नई जिंदगी मिल सके। इंदौर सोसायटी फॉर ऑर्गन डोनेशन से जुड़े सामाजिक संगठन "मुस्कान ग्रुप" के स्वयंसेवक संदीपन आर्य ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि बड़े दिल वाले आठ परिवार अपने उन दिवंगत स्वजनो की त्वचा और आंखे दान करने के लिए सहमत हुए जिन्हे उन्होने बृहस्पतिवार को रामनवमी पर आयोजित हवन के दौरा बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की फर्श धंसने के बाद खो दिया था। आर्य ने बताया कि दक्षा पटेल, इंद्र कुमार, भूमिका खानचंदानी, लक्ष्मी पटेल, मधु भम्मानी, जयंती बाई, भारती कुकरेजा और कनक पटेल का मरणोपरांत नेत्र दान किया गया। उन्होने बताया कि इंद्र कुमार, भूमिका खानचंदानी और जयंती बाई के नेत्रों के साथ उनकी त्वचा भी दान की गई।

# बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से करीब 20 प्रतिशत आम की फसल को नुकसान

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** कृषि अनुसंधान परिषद के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा के कारण देश में आम की फसल को 20 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा है। कई आम उत्पादकों ने कहा कि ओलावृष्टि और आंधी के कारण उत्तर भारत में भारी नुकसान हुआ है। आम भारत में एक महत्वपूर्ण फल है और लोकप्रिय रूप से इसे फलों का राजा कहा जाता है। भारत एक प्रमुख आम उत्पादक देश है, जो विश्व के उत्पादन में लगभग 42 प्रतिशत का योगदान देता है। पिछले कुछ दिनों से पश्चिमी विक्षोभ के कारण बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा ने देश के कुछ हिस्सों में खाद्यान्न और बागवानी फसलों दोनों को प्रभावित किया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के उप महानिदेशक (बागवानी) एके सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया, पहले बेमौसम बारिश से नुकसान नहीं हुआ, लेकिन बाद में बारिश और ओलावृष्टि ने आम की फसल को बुरी तरह प्रभावित किया है। फिलहाल हम कुल नुकसान लगभग 20 प्रतिशत तक होने का अनुमान लगा रहे हैं। आम की फसल का नुकसान उत्तर भारत में अधिक रहा है, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश जो देश में एक प्रमुख आम उत्पादक राज्य है। उन्होंने कहा कि अकेले उत्तर भारत में आम की फसल का अनुमानित नुकसान लगभग 30 प्रतिशत है, जबकि दक्षिण भारत में नुकसान 8 प्रतिशत से कम है। हालांकि, राज्यों से ताजा आंकड़ों के आने का इंतजार है। लखनऊ के आम उत्पादक उपेंद्र सिंह ने कहा, माल-मलिहाबाद आम के मुख्य क्षेत्र में ओलावृष्टि से 75 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। उन जगहों पर जहां केवल बेमौसम बारिश हुई थी और कोई ओलावृष्टि नहीं हुई, वहां नुकसान कम हुआ है। उन्होंने कहा, 19 मार्च तक आम की फसल की स्थिति पिछले 30 वर्षों में सबसे बेहतर थी। 20 मार्च से बेमौसम बारिश और ओलों ने भारी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि आम के बौर की अवस्था के दौरान उच्च नमी के कारण काली फफूंद (ब्लैक फंगस) लगी है। तफरी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक अतुल कुमार अवस्थी ने कहा, फल लग गए थे लेकिन तेज आंधी और तेज हवा के कारण फल गिर गए और फसल को करीब 25 प्रतिशत नुकसान होने का अनुमान है। उच्च नमी के कारण कुछ हिस्सों में आम के पेड़ों में कीट का प्रकोप हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे निर्यात के उद्देश्य से गुणवत्ता वाले आमों की उपलब्धता प्रभावित होगी। सरकार के अनुमान के मुताबिक, देश का आम उत्पादन फसल वर्ष 2021-22 (जुलाई-जून) में 210 लाख टन रहा, जबकि उसके पिछले साल यह 203.86 लाख टन था।

# भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 3,095 नए मामले सामने आए

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 3,095 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,15,786 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 15,208 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से गोवा और गुजरात में एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,30,867 हो गई है। वहीं, संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में तीन नाम और जोड़े हैं। भारत में संक्रमण की दैनिक दर 2.61 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 1.91 प्रतिशत है। देश में अभी 15,208 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.03 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.78 प्रतिशत है। अभी तक कुल 4,41,69,711 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.65 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

## सीबीआई ने ऋषिकेश एम्स में अनियमितताओं की जांच की, तलाशी ली

**ऋषिकेश।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पूर्व निदेशक रविकांत के कार्यकाल के दौरान की गई नियुक्तियों और खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में छापेमारी की। एम्स, ऋषिकेश के विधि अधिकारी प्रदीप पांडे ने कहा कि जांच एजेंसी ने कथित अनियमितताओं से संबंधित अतिरिक्त दस्तावेज मांगे हैं, जो उसे उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस उपाधीक्षक राजीव चंदोला के नेतृत्व में सीबीआई की एक टीम ने तलाशी ली। सीबीआई ने अप्रैल 2022 में एम्स, ऋषिकेश में छापेमारी की और पांच लोगों के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए। सीबीआई द्वारा अनियमितताओं की जांच शुरू करने से पहले, सतर्कता विभाग ने भी एम्स, ऋषिकेश के भीतर एक फार्मेसी के लिए उपकरणों की खरीद और जगह के आवंटन को लेकर निविदाओं को प्रदान करने में गड़बड़ी की जांच की थी।

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे पहुँचे सासाराम

● डीएम एसपी के साथ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित रैली स्थल का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना, सासाराम



सासाराम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रस्तावित रैली को लेकर स्थल का निरीक्षण करते केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे

केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे देर शाम सासाराम पहुंचे। उन्होंने डीएम एवं एसपी के साथ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की 2 अप्रैल को प्रस्तावित रैली स्थल का निरीक्षण किया। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। रैली की तैयारियों का जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने सासाराम में रामनवमी के अवसर पर हुए उपद्रव पर दुख एवं चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि घटना अत्यंत दुखदायी एवं निंदनीय है। उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री चौबे ने डीएम और एसपी से घटना की जानकारी ली। उन्होंने जिला एवं पुलिस प्रशासन को सख्त से सख्त कार्रवाई करने को निर्देशित किया। घटना के संबंध में डीआईजी से भी जानकारी ली। केंद्रीय मंत्री चौबे ने कहा कि असामाजिक तत्व और उपद्रवियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने भाईचारा यात्रा सभी सामाजिक संगठनों आदि के साथ निकालने का भी निर्देश जिला प्रशासन को दिया। इसके पहले केंद्रीय मंत्री चौबे ने बिक्रमगंज दिनारा एवं सासाराम में 2 अप्रैल की रैली को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की रैली को ऐतिहासिक बनाने और बड़ी संख्या में लोगों आए इस संबंध में व्यवस्था आदि पर चर्चा की। रैली स्थल पर तैयारियों एवं सुरक्षा आदि का जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ जायजा लिया।

## क्विक न्यूज

### चालू खाता घाटा तीसरी तिमाही में घटकर जीडीपी का 2.2 प्रतिशत रहा

**मुंबई।** भारत का चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही मे घटकर 18.2 अरब अमेरिकी डॉलर यानी जीडीपी का 2.2 प्रतिशत रह गया। चालू खाता घाटा मुख्य रूप से वैश्विक व्यापार के मोर्चे पर देश की स्थिति को बताता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ो मे कहा कि मुख्य रूप से वस्तु व्यापार घाटे मे कमी के चलते यह गिरावट हुई। चालू खाता घाटा (कैड) 2022-23 की दूसरी तिमाही में 30.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 3.7 प्रतिशत था। दूसरी ओर 2021-22 की दिसंबर तिमाही में यह 22.2 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 2.7 प्रतिशत था। आरबीआई ने कहा, 2022-23 की तीसरी तिमाही मे चालू खाता घाटा कम होने की प्रमुख वजह वस्तु व्यापार घाटा में कमी है, जो 2022-23 की दूसरी तिमाही में 78.3 अरब डॉलर से घटकर 72.7 अरब डॉलर रह गया। इसके अलावा मजबूत सेवाओं और निजी हस्तांतरण प्राप्तियों से भी समर्थन मिला। सॉफ्टवेयर, व्यापार और यात्रा सेवाओ के बढ़ते निर्यात के कारण सेवा निर्यात मे सालाना आधार पर 24.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। शुद्ध रूप से सेवा प्राप्तियो मे वृद्धि हुई।

### मुद्रा संकट का सामना कर रहे देशों के साथ भारतीय रुपए में व्यापार करने को हैं तैयार

**नई दिल्ली।** भारत ऐसे देशों के साथ भारतीय रुपए मे व्यापार करने को तैयार है जो डॉलर की कमी या मुद्रा की विफलता का सामना कर रहे है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने शुक्रवार को यह कहा। विदेशी व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 की घोषणा होने के बाद बर्थवाल ने कहा कि सरकार रुपए मे भुगतान की प्रणाली को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि भारतीय रुपए को वैश्विक मुद्रा बनाने के उद्देश्य के साथ एफटीपी मे बदलाव किए गए है जिससे कि उसमें विदेशी व्यापार लेनदेन संभव हो सके। इस मौके पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भरोसा जताया कि 2030 तक 2000 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य प्राप्त हो जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी उद्योग महज सब्सिडी या सहारे के आधार पर सफल नही हो सकता है।

### तरनतारन में हमलावरों ने सिख ग्रंथी का पैर काटा

**अमृतसर।** पंजाब के तरनतारन जिले मे एक सिख ग्रंथी पर धारदार हथियारों से हमला कर उसके पैर को काटकर अलग कर दिया गया, लेकिन पैर के कटे हुए हिस्से को अभी तक नही बरामद किया जा सका है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गुरमीत चौहान ने कहा कि 32 वर्षीय सुखचैन सिंह पर बीती रात को खदूर साहिब कस्बे मे हमला किया गया और हमलावर घटना के बाद भागने में सफल रहे। चौहान ने कहा कि ग्रंथी को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी दो सर्जरी की गई और अब उनकी हालत खतरे से बाहर है। सुचैन सिंह बन्निया गांव स्थित एक गुरुद्वारे मे ग्रंथी के रूप मे कार्यरत थे। एसएसपी ने कहा, उनके पैर को क्रूरता पूर्वक काटकर अलग कर दिया, उनके हाथो की अंगुलियो पर भी चोट के गहरे निशान है। बदमाशों ने पैर के जिस हिस्से को काटकर अलग किया वह अभी तक आसपास नही मिला है। पुलिस ने पीड़ित के परिवार के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया है। एसएसपी ने कहा कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार का लाभ

**मुंबई।** रियलमी ने युवाओं व प्रोफशनल फोटाग्राफरों को ध्यान में रखकर कई प्रयोग किए हैं। जहां वह छात्रों को अपने मोबाइल खरीदने पर विशेष छूट देगा वहीं कैमरापर्सनों को उम्दा उत्पाद दिलवएगा। साथ नवाचार करने वाले छात्रों को कंपनी अपने यहां इंटर्न करवाकर उन्हें रोजगार से भी जोड़ेगी। रियलमी ने अपने नए उत्पाद सी-55 में कई फीचर जोड़े हैं। सबसे बड़ी बात में इसकी कीमत भी उन्होंने ज्यादा नही रखी हे। अभी हाल ही में 64 मेगापिक्सल कैमरा और 33 वॉट चार्जर के साथ अपने सेगमेंट में नए चैंपियन, रियलमी सी55 का को लोगों के लिए उतारा है। इसकी मूल्य 9,999 रु. से शुरू होकर पंद्रह हजार तक है। इस सेगमेंट में विशाल स्टोरेज को जनसमूह तक पहुँचाते हुए, रियलमी सी55 16जीबी तक की डाईनैमिक रैम के साथ 8जीबी + 128जीबी तक का स्टोरेज प्रदान करता है। इसमें एक मिनी कैप्सूल है, जो तीन आवश्यक फीचर्स - चार्ज नोटिफिकेशन, डेटा यूसेज नोटिफिकेशन, और स्टेप नोटिफिकेशन प्रदान करता है। दो खूबसूरत रंगों - सनशॉवर और रेनी नाईट में उपलब्ध है। 28 मार्च से 31 मार्च के बीच खरीददार बैंक ऑफर में 1,000 रुकी छूट तत्काल प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में रियलमी के वितरण नेटवर्क में 30,000 से ज्यादा स्टोर हैं। हालाँकि कंपनी ने साल 2023 के अंत तक अपने वितरण नेटवर्क का विस्तार 50,000 स्टोर्स तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मौजूदा समय में रियलमी लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश में 4000 से ज्यादा मेनलाईन स्टोर है। 2023 के अंत तक कंपनी इस क्षेत्र में अपने मेनलाईन स्टोर 25 से 30 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है। उत्तर प्रदेश में रियलमी का बाजार अंश 12 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में 21 सर्विस सेंटर और खुलेंगे।

## पुलिस ने होशियारपुर के डेरों में भी अमृतपाल की तलाश शुरू की

**भाषा।** होशियारपुर (पंजाब)

**पंजाब** पुलिस ने अलगाववादी अमृतपाल सिंह की तलाश का दायरा होशियारपुर जिले में डेरों और अन्य संभावित ठिकानों तक बढ़ा दिया, जहां तीन दिन पहले कुछ संदिग्धों ने पीछा किए जाने के बाद अपनी कार छोड़ दी थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रमुख सड़कों पर बैरिकेड लगा दिए गए हैं और मार्नियन के साथ ही हरखोवाल, बीवी दी पंडोरी सहित आसपास के गांवों में सभी गाड़ियों की गहन तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी कई गांवों में डेरा, रिहायशी जगहों, नलकूपों के पास बने छोटे कमरों और यहां तक कि पशुओं के लिए बनाए गए ठिकानों की भी तलाशी ले रहे हैं। होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरताज सिंह चहल ने कहा कि कड़ी निगरानी की जा रही है। ऐसी खबरें थीं कि अमृतपाल के सहयोगी कहे जाने वाले जोगा सिंह को पकड़ा गया है।

# हिमंत विश्व शर्मा ने केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करने की चेतावनी दी

**भाषा।** गुवाहाटी



**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को चेताया कि अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा के बाहर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाया तो वह उनके खिलाफ मानहानि का वाद दायर करेंगे। दो अप्रैल को यहां एक राजनीतिक रैली को संबोधित करने वाले केजरीवाल ने कथित तौर पर दिल्ली विधानसभा में कहा था कि शर्मा के खिलाफ मामले हैं। शर्मा ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, क्या देश में कहीं भी मेरे खिलाफ कोई प्राथमिकी या मामला है? मैं उन (केजरीवाल) पर मुकदमा करना चाहता था लेकिन एक कायर की तरह उन्होंने विधानसभा के अंदर बात की। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि एक व्यक्ति को विधानसभा में किसी के खिलाफ नहीं बोलना चाहिए क्योंकि आरोपी वहां अपना पक्ष रखने के लिए उपस्थित नहीं है। उन्होंने कहा, केजरीवाल दो अप्रैल को यहां आएं और कहें कि मैं भ्रष्ट हूं। अगले दिन मैं उनके खिलाफ मानहानि का वाद दायर करूंगा जैसा कि मैंने (आम आदमी पार्टी नेता) मनीष सिसोदिया के खिलाफ किया है। शर्मा ने दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के खिलाफ कामरूप के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पिछले साल अगस्त में मानहानि वाद दायर किया था। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में शर्मा के खिलाफ कुछ आरोप लगाने के लिए यह वाद दायर किया गया था। भाजपा नेता शर्मा तब स्वास्थ्य मंत्री थे।

## राहुल गांधी नैतिक रूप से भ्रष्ट नेता हैं : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी नैतिक रूप से भ्रष्ट राजनीतिक नेता है। उन्होने याद दिलाई कि गांधी ने 2013 मे एक विधेयक मे उस संशोधन का विरोध किया था जो किसी दोषी सांसद को संसद सदस्य बने रहने देता। शर्मा ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संशोधन लाने की कोशिश की थी, लेकिन गांधी ने "सार्वजनिक रूप से उनकी निंदा की" और अध्यादेश की प्रति फाड़ दी। और अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मांग कर रहे है कि दोषी साबित सांसद अयोग्य नही ठहराए जाने चाहिए।

# भाजपा चाहती है कि देश का पैसा लेकर भागने वालों से माफी मांगें राहुल गांधी : पवन खेड़ा

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** शुक्रवार को कहा कि लोकसभा की सदस्यता से राहुल गांधी को अयोग्य ठहराए जाने से जुड़ा घटनाक्रम बुलेट ट्रेन की गति से सामने आया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीद करती है कि राहुल गांधी उन लोगों से माफी मांगें , जो भारत से लोगों का पैसा लेकर भाग गए हैं। यहां राजीव भवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, पिछले कुछ दिनों में ट्विटर पर समर्थन की सुनामी आ गई है और कई लोग राहुल गांधी को अपने घरों की पेशकश कर रहे हैं क्योंकि वह हमारे दिल में रहते हैं। खेड़ा ने कहा कि सरकार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के घर के बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। गांधी को उनकी मोदी उपनाम टिप्पणी पर 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में सूरत की एक अदालत ने 23 मार्च को दोषी ठहराया था और दो साल की जेल की सजा सुनाई थी। इसके एक दिन बाद, लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी कर गांधी को लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया था, जिसके बाद गांधी को उनका सरकारी आवास खाली करने के लिए नोटिस दिया गया है। अडाणी मुद्दे पर जवाब मांगने का पार्टी का अभियान जोर-शोर से जारी रहेगा और हमारी पार्टी के नेता किसी से माफी नहीं मांगेंगे, परिणाम चाहे जो भी हो। कांग्रेस ने ललित मोदी द्वारा ब्रिटेन की अदालत में राहुल गांधी पर मुकदमा चलाने की धमकी दिए जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि अब ऐसे वैश्विक घोटालेबाज लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचाव में सामने आ रहे हैं।

# नतीजे तय करने में लिंगायत समुदाय की भूमिका अहम, हर दल जुटा लुभाने में

**भाषा।** बेंगलुरु

● कर्नाटक चुनाव

**देश के** चुनावी इतिहास में जातियों की गोलबंदी नतीजों को हमेशा से प्रभावित करती रही हैं। चर्चा अक्सर बिहार और उत्तर प्रदेश की होती है लेकिन दक्षिण का राज्य कर्नाटक भी इससे अछूता नहीं है। इस चुनावी राज्य की राजनीति को समझने के लिए यहां की प्रमुख जातियों को समझना जरूरी है, खासकर यहां के प्रभावशाली लिंगायत या वीरशैव-लिंगायत समुदाय के महत्व का विश्लेषण महत्वपूर्ण है। क्योंकि यहां के नतीजे तय करने में इस समुदाय की भूमिका प्रमुख होती है और हर दल उसे लुभाने की कोशिशों में जुटा है। कर्नाटक के सामाजिक इतिहास में लिंगायत समुदाय का एक महत्वपूर्ण स्थान है। 12वीं शताब्दी में एक अलग विचार प्रक्रिया के कारण इसका उद्भव हुआ। इस विचार के लोगों ने मौजूदा परंपराओं पर सवाल उठाए, समाज सुधारक बासवन्ना और अन्य वचनकारों ने जाति व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह किया और इसे उन सभी लोगों का समर्थन मिला, जो भेदभाव के शिकार थे, विशेष रूप से कामकाजी वर्ग। इसने आगे चलकर एक संप्रदाय का रूप लिया जो लिंगायत के रूप में जाना गया।कहा जाता है कि कर्नाटक की आबादी में लगभग 17 प्रतिशत लिंगायत हैं और कुल 224 निर्वाचन क्षेत्रों में से 100 में इनका प्रभुत्व है। इनमें से अधिकांश सीटें उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र की हैं।वोक्कालिगा भी कर्नाटक का एक प्रभावी समुदाय है। एक आकलन के मुताबिक इनकी संख्या कुल आबादी का 15 प्रतिशत है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 35 प्रतिशत, अनुसूचित जाति व जनजाति 18 प्रतिशत, मुस्लिम लगभग 12.92 प्रतिशत और ब्राह्मण लगभग तीन प्रतिशत हैं।हालांकि, 2013 और 2018 के बीच की गई एक जाति जनगणना, जिसे अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है, के अनुसार लिंगायत और वोक्कालिगा की आबादी क्रमश: नौ और आठ प्रतिशत से बहुत कम है। वर्तमान विधानसभा में सभी दलों के 54 लिंगायत विधायक हैं, जिनमें से 37 सत्तारूढ़ भाजपा के हैं।इसके अलावा, 1952 के बाद से कर्नाटक के 23 मुख्यमंत्रियों में से 10 लिंगायत रहे हैं, इसके बाद छह वोक्कालिगा, पांच पिछड़ा वर्ग से और दो ब्राह्मण। आगामी 10 मई को होने वाले मतदान में जीत के लिए लिंगायतों का समर्थन हासिल करना कितना महत्वपूर्ण है, यह इसी से समझा जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल इस प्रभावशाली समुदाय को लुभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

## एदियुरप्पा ने बेटे विजयेंद्र के वरुणा से चुनाव लड़ने की संभावनाओं को नकारा, शिकारीपुरा से लड़ेंगे

**बेंगलुरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस एदियुरप्पा ने शुक्रवार को अपने बेटे बी वाई विजएंद्र को कांग्रेस नेता सिद्धरमैया के खिलाफ वरुणा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने से इनकार किया और कहा कि वह शिकारीपुरा से चुनाव लड़ेंगे। एदियुरप्पा ने कहा, वरुणा से विजएंद्र को मैदान में उतारने का दबाव पहले से ही है, लेकिन मैंने बहुत पहले कहा है कि हालांकि वरुणा का दबाव है, लेकिन उन्हें शिकारीपुरा से चुनाव लड़ना चाहिए। इसलिए विजएंद्र के वरुणा से चुनाव लड़ने का कोई सवाल ही नहीं उठता। विजएंद्र मेरे निर्वाचन क्षेत्र (शिवमोगा जिले के शिकारीपुरा) से चुनाव लड़ेंगे, इसलिए उन्हें वरुणा से चुनाव लड़ने के लिए कहने का कोई सवाल ही नहीं है।विजएंद्र के इस बयान पर कि भाजपा की अपनी ताकत है और वह पार्टी के फैसले का पालन करेंगे।

# पाकिस्तान में लोग नाखुश, भारत के विभाजन को एक गलती मानते हैं : मोहन भागवत

● क्रांतिकारी हेमू कालाणी की जयंती में शामिल हुए

**भाषा।** भोपाल



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि आजादी के सात दशक से अधिक समय के बाद भी पाकिस्तान के लोग खुश नहीं हैं और अब वे मानते हैं कि भारत का विभाजन एक गलती थी। वह किशोर क्रांतिकारी हेमू कालाणी की जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से सिंधी समाज के लोग शामिल हुए। भागवत ने कहा कि अखंड भारत सत्य है, खंडित भारत दु:स्वप्न है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत से अलग होने के सात दशक बाद भी पाकिस्तान में दुख है, जबकि भारत में सुख है। अमर बलिदानी हेमू कालाणी की जयंती पर यहां आयोजित समारोह में सिंधी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, हमको नया भारत बसाना है। भारत खंडित हो गया। आज जिसको हम पाकिस्तान कहते हैं, उसके लोग कह रहे हैं कि गलती हो गई। अपनी हठधर्मिता के कारण भारत से अलग हो गए, संस्कृति से अलग हो गए। क्या वे सुख में हैं? उन्होंने आगे कहा, यहां (भारत में) सुख है और वहां (पाकिस्तान में) दुख है। भागवत ने कहा, जो सही है, वह टिकता है। जो गलत है, वह आता है और जाता है। भागवत ने कहा कि सिंधी समुदाय सब कुछ गंवाकर भी शरणार्थी नहीं बना, लेकिन उसने पुरुषार्थी बनकर दिखा दिया। शहीद हेमू के नाम के साथ सिंध का नाम जुड़ा है। सिंधी समुदाय का स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन इसका उल्लेख कम होता है। उन्होंने कहा कि सिंधी समुदाय ने भारत नहीं छोड़ा था, वे भारत से भारत में ही आए थे। उन्होंने कहा, हमने तो भारत बसा लिया, लेकिन वास्तव में राष्ट्र खंडित हो गया। आज भी उस विभाजन को कृत्रिम मानते हुए सिंध के साथ मन से लोग जुड़े हैं। सिंधु नदी के प्रदेश सिंध से भारत का जुड़ाव रहेगा।

# गिल ने तोड़ा दिल, गुजरात का जीत से आगाज

● गायकवाड़ का अर्धशतक बेकार,
●चेन्नई सुपरकिंग्स 5 विकेट से हारा

**भाषा**। अहमदाबाद




**सलामी** बल्लेबाज शुभमन गिल के अर्धशतक से गत चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ करते हुए शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच विकेट से हराया।सुपरकिंग्स के 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की टीम ने गिल (36 गेंद में 63 रन) के अर्धशतक से चार गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की जो इस टीम के खिलाफ तीन मैचों में उसकी तीसरी जीत है। सुपरकिंग्स ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ (50 गेंद में 92 रन, नौ छक्के, चार चौके) के अर्धशतक से सात विकेट पर 178 रन बनाए। उनके अलावा सिर्फ मोईन अली (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।गुजरात की ओर से लेग स्पिनर राशिद खान ने 26, मोहम्मद शमी ने 29 जबकि अल्जारी जोसेफ ने 33 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। सुपरकिंग्स ने आईपीएल के नए नियम इंपेक्ट प्लेयर का सबसे पहले इस्तेमाल करते हुए गुजरात की पारी की शुरुआत में अंबाती रायुडू की जगह तुषार देशपांडे (51 रन पर एक विकेट) को टीम में जगह दी। पारी के दूसरे ओवर में ही रिद्धिमान साहा ने देशपांडे की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा जबकि शुभमन गिल ने भी चौका जड़ा। साहा ने पदार्पण कर रहे राजवर्धन हेंगरगेकर (36 रन पर तीन विकेट) पर चौका मारा लेकिन इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर थर्ड मैन पर शिवम दुबे को कैच दे बैठे। उन्होंने 25 रन बनाए। गुजरात ने भी इंपेक्ट प्लेयर का इस्तेमाल करते हुए क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हुए केन विलियमसन की जगह साई सुदर्शन को मैदान में उतारा। गिल ने देशपांडे के अगले ओवर में चौका और छक्का जड़ा। गुजरात ने पावर प्ले में एक विकेट पर 65 रन बनाए। गिल और सुदर्शन ने मिशेल सेंटनर पर दो-दो चौके मारे। सुदर्शन (22) हालांकि हेंगरगेकर की ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद से छेड़छाड़ की कोशिश में धोनी को कैच दे बैठे। गिल ने जडेजा की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ 11वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया और फिर सेंटनर की गेंद पर एक रन के साथ 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जडेजा ने गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या (08) को बोल्ड करके सुपरकिंग्स को वापसी दिलाने का प्रयास किया।

## स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपरकिंग्स**: कॉनवे बो शमी 01, गायक्वाड़ का गिल बो जोसेफ 92, अली का साहा बो राशिद 23, स्टोक्स का साहा बो राशिद 07,I रायुडू बो लिटल 12,शिवम दुबे का राशिद बो शमी 19, जडेजा का शंकर बो जोसेफ 01, धोनी नाबाद 14, सेंटनर नाबाद 01,**अतिरिक्त**: 08,कुल: 20 ओवर मे सात विकेट पर: 178 रन,**विकेट पतन**:I-14, 2-50, 3-70, 4-121, 5-151, 6-153, 7-163,**गेंदबाजी**:शमी 4-0-29-2,पंड्या 3-0-28-0,लिटल 4-0-41-I,राशिद 4-0-26-2,जोसेफ 4-0-33-2, दयाल I-0-14-0

**गुजरात टाइटंस**: साहा का दुबे बो हेंगरगेकर, गिल का गायक्वाड़ बो देशपांडे 63,सुदर्शन का धोनी बो हेंगरगेकर, पंड्या बो जडेजा 08,शंकर का कॉनवे बो हेंगरगेकर 27, तेवतिया नाबाद 15,खान नाबाद 10,**अतिरिक्त**: 12,कुल: 19.2 ओवर मे पांच विकेट पर: 182 रन,**विकेट पतन**:I-37, 2-90, 3-111, 4-138, 5-156,**गेंदबाजी**:चाहर 4-0-29-0,देशपांडे 3.2-0-51-I,हेंगरगेकर 4-0-36-3,सेंटनर 4-0-32-0, जडेजा 4-0-28-I

## इंपेक्ट प्लेयर होना काफी फायदेमंदः धोनी



**अहमदाबाद**। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने शुक्रवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले से पहले कहा कि टीम में इंपेक्ट प्लेयर का होना फायदेमंद है क्योंकिइससे फैसले करने की प्रक्रिया आसान हो जाती है। नए इंपेक्ट प्लएर नियम के तहत मैच की स्थिति के अनुसार मैच के बीच में एक बल्लेबाज या गेंदबाज को बदला जा सकता है। इस नियम से मुकाबलो के और अधिक रोमांचक होने की उम्मीद है। धोनी ने टॉस के दौरान कहा, यह (इंपेक्ट प्लेयर) होना काफी फायदेमंद है। फैसला करना थोड़ा आसान हो जाता है क्योंकि आप उसका इस्तेमाल कभी भी कर सकते है। धोनी को हालांकि लगता है कि इस नियम से टीम में ऑलराउंडर की भूमिका कम हो जाएगी। उन्होने कहा, इस नियम के कारण ऑलराउंडर का प्रभाव थोड़ा कम हो जाएगा।

# केकेआर को मिलेगी पंजाब किंग्स की चुनौती

**भाषा**। मोहाली



● चोट और विदेशी खिलाड़ियों की कमी से जूझ रही कोलकाता

**चोट और कुछ** विदेशी खिलाड़ियों की अनुपलब्धता से परेशान पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग के अपने शुरुआती मुकाबले के लिए शनिवार को यहां मैदान पर उतरेंगी तो उनका लक्ष्य सत्र को जीत के साथ शुरू करने का होगा। आईपीएल में इन दोनों टीमों के पास हमेशा दमदार खिलाड़ी रहे है लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा है। पंजाब किंग्स को अब भी अपने पहले खिताब का इंतजार है जबकि केकेआर की टीम गौतम गंभीर की अगुवाई में दो बार चौम्पियन रही है। पिछले सत्र में 10 टीम के मुकाबले में पंजाब छठे और केकेआर सातवें पायदान पर था।इस सत्र में दोनों टीमों का नेतृत्व नए कप्तान करेंगे। अनुभवी शिखर धवन पंजाब की कमान संभालेंगे, वहीं केकेआर ने चोटिल श्रेयस अय्यर की जगह घरेलू स्टार नीतीश राणा पर भरोसा जताया है। कागजों पर केकेआर के मुकाबले पंजाब की टीम थोड़ी अधिक मजबूत दिख रही है जिसे घरेलू मैदान का भी फायदा मिलेगा। टीम को हालांकि इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो की कमी खलेगी। बेयरस्टो चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए है। फ्रेंचाइजी ने बेयरस्टो की जगह बिग बैश लीग में सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे मैथ्यू शॉर्ट को टीम में शामिल किया है। उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया का यह बल्लेबाज धवन के साथ पारी का आगाज करेगा।

### आयरलैंड ने बांग्लादेश को हराकर सूपड़ा साफ होने से बचाया

**चटगांव**। कप्तान पॉल स्टर्लिंग के 41 गेंद में 77 रन की बदौलत आयरलैंड ने शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर अपना सूपड़ा साफ होने से बचा लिया। पहले दो टी20 जीतने वाले बांग्लादेश ने तीन मैच की श्रृंखला 2-I से अपने नाम की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में 124 रन पर सिमट गई।

### कोसाद को खिताब, अमन शीर्ष भारतीय

**बेंगलुरू**। फ्रांस के यूगो कोसाद ने अंतिम दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ शुक्रवार को यहां द चैलेंज 2023 गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।तीस साल के यूगो कल तक संयुक्त छठे स्थान पर रहे थे और शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ी से चार शॉट पीछे थे। उन्होंने चैलेंजर टूर और पीजीटीआई से संयुक्त रूप से स्वीकृत इस टूर्नामेंट का खिताब 18 अंडर 270 के स्कोर स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त से जीता।

### सेठी ने आईसीसी से बात नहीं की: पीसीबी

**लाहौर**। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि उसके अध्यक्ष नजम सेठी ने आईसीसी बोर्ड की बैठक में कभी यह विचार नही रखा कि उनकी पुरुष टीम भारत के बजाय बांग्लादेश में अपने विश्व कप मैच खेलने की इच्छुक है। पीटीआई-भाषा ने 29 मार्च को ही खबर दी थी कि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने इस बात से इनकार कर दिया था कि उसके मंच पर कभी इस तरह की कोई भी चर्चा हुई थी। आईसीसी ने कहा था कि बांग्लादेश किसी भी विश्व कप मैच की मेजबानी के लिए भी दावेदार नही है क्योंकि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान टीम के लिए वीजा की समस्या नही होगी।

### खेलों के लिए हो रहें नये-नये प्रयोग

**नई दिल्ली**। खेलों में रुचि रखने वालों के लिए मोबाइल कंपनियां नये रिसर्च करती रहती है। स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने ऐसे ही प्रयोग किए हैं। गेमिंग बीस्ट आईकू जेड-7 को छह मोशन कंट्रोल ऑप्शन (लेफ्ट हैंड , राइट हैंड लिफ्टिंग, लेफ्ट, राइट लीनिंग, होरिजेंटल फॉर्वड प्रेसिंग और होरिजेंटल बैकवर्ड प्रेसिंग) और संबंधित इलेस्ट्रेशन के साथ आने वाले अल्ट्रा गेम मोड में द मोशन कंट्रोल जैसी सेगमेंट-लीडिंग सुविधाओं के साथ इमर्सिव गेमिंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया है। इसके अतिरिक्त, आईकू जेड 7 निर्बाध गेमिंग के लिए अल्ट्रा गेम मोड के साथ आता है जहां यह उपयोगकर्ताओं को विभिन्न मोड के बीच स्विच करने देता है ताकि आपको किसी भी स्थिति में अपना गेम छोड़ना न पड़े। वही स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने प्रदेश में ऑनलाइन बिक्री की मात्रा में 440 प्रतिशत साल दर साल वृद्धि दर्ज की है, जिससे भारत में सबसे अधिक राजस्व योगदानकर्ताओं में से एक बन गया है। उप्र देश में आईकू जेड7 की बिक्री में 12 प्रतिशत योगदान देने वाले प्रमुख बाजारों में से एक था। आईकू के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, निपुन मार्या ने यह जानकारी दी।

### पिस्टोरियस को नहीं मिली पेरोल,न्यूनतम सजा पूरी नहीं हुई

**प्रिटोरिया**। पूर्व ओलंपिक धावक ऑस्कर पिस्टोरियस को शुक्रवार को पेरोल से वंचित कर दिया गया क्योंकि उन्होंने इसके लिए जरूरी सजा की न्यूनतम अवधि पूरी नही की है। पिस्टोरियस अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकैंप की 2013 में गोली मारकर हत्या करने का आरोप साबित होने के बाद 13 साल पांच महीने जेल की सजा काट रहे है। पेरोल बोर्ड ने फैसला सुनाया कि पिस्टोरियस अगस्त 2024 में फिर से आवेदन कर सकेंगे।

# घरेलू मैदान पर जीत से आगाज करने के इरादे से उतरेगी लखनऊ सुपर जायंट्स

● दिल्ली के खिलाफ मुकाबला आज
●राहुल पर कप्तानी और बल्लेबाजी का दबाव


**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



**अपने घरेलू मैदान** पर कल पहली बार उतर रही लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम जीत के साथ आईपीएल-16 से आगाज करने को उतरेगी। उसका मुकाबला शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा। कल मे मैच से कप्तान लोकश राहुल भी अपना दम दिखाने को बेताब होंगे। भारतीय टीम के उप कप्तान की जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने के बाद लखनऊ सुपर जायंटस की अगुवाई कर रहे लोकेश राहुल इंडियन बल्ले से लय हासिल करने के साथ नेतृत्व कौशल को भी साबित करने की चुनौती होगी। लखनऊ की टीम पहली बार अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी। राहुल की अगुवाई में टीम पिछले साल लीग के अपने शुरुआती सत्र में प्लेऑफ में पहुंची थी लेकिन बीते कुछ समय से राहुल का बल्ला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। दिल्ली की टीम को ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में खिताब की संभावनाओं को करारा झटका लगा है लेकिन उनके पास कप्तान के तौर पर डेविड वार्नर जैसा आक्रामक सलामी बल्लेबाज है। सनराइजर्स हैदराबाद को अपने नेतृत्व में खिताब दिलाने वाले वार्नर दिल्ली के लिए भी ऐसी सफलता हासिल करना चाहेंगे।
कोच रिकी पोंटिंग की टीम को हालांकि वार्नर से ज्यादा मिशेल मार्श से उम्मीद होगी। मार्श ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 12 छक्के जड़े थे। वार्नर और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव अगर टीम को तेज शुरुआत देने में विफल रहते है तो मार्श दो-तीन ओवरों में इसकी भरपाई कर सकते है। वार्नर आईपीएल के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक है लेकिन पिछले कुछ समय में उनके प्रदर्शन में गिरावट आई है। सरफराज खान पर विकेटकीपिंग का अतिरिक्त दबाव होगा और यश ढुल अभी युवा है ऐसे में टीम को आखिरी ओवरों में अक्षर पटेल से तेज बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। एनरिक नोर्किया और मुस्तफिजुर रहमान जैसे विदेशी गेंदबाज राष्ट्रीय टीम को सेवाएं देने के कारण इस मुकाबले में चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। दिल्ली के तेज गेंदबाजी विभाग में भारत के अच्छे खिलाड़ियों की कमी है। खलील अहमद पीठ के ऑपरेशन के बाद वापसी कर रहे हैं जबकि इशांत शर्मा अब पहले जैसे धारदार गेंदबाज नहीं रहे। अक्षर और कुलदीप यादव की आठ ओवर की स्पिन गेंदबाजी टीम के लिए काफी अहम होगी।
लखनऊ को राहुल के साथ पारी का आगाज करने वाले का चयन के लिए काफी सोच विचार करना होगा। टीम को शुरुआती दो मैचों में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की कमी खलेगी जो राष्ट्रीय टीम को सेवाएं देने के कारण देर से भारत आएंगे। ऐसे में राहुल के साथ वेस्टइंडीज के काइल मायर्स या दीपक हुड्डा पारी का आगाज कर सकते है। मायर्स ने वेस्टइंडीज के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि हुड्डा भी भारत के लिए सलामी बल्लेबाज के तौर पर शतक जड़ चुके है। टीम की तेज गेंदबाजी में पैनापन की कमी दिख रही है। पिछले साल शानदार प्रदर्शन करने वाले मोहसिन खान चोट के कारण शुरुआती मैचों के लिए बाहर हैं। मार्क वुड भी अकसर चोटिल होते रहते है ऐसे में आवेश खान और जयदेव उनादकट पर जिम्मेदारी होगी। टीम की सबसे बड़ी ताकत हालांकि हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची है। भारत के हुड्डा, क्रुणाल पांड्या, कृष्णप्पा गौतम, प्रेरक मांकड़ के साथ टीम में मार्कस स्टोइनिस, डेनियल सैम्स, मायर्स और रोमारियो शेफर्ड जैसे अंतरराष्ट्रीय हरफनमौला खिलाड़ी मौजूद है। स्पिन विभाग में रवि बिश्नोई के साथ अनुभवी भारतीय गेंदबाज अमित मिश्रा जैसे खिलाड़ी होंगे।

**टीमें:दिल्ली कैपिटल्सः** डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिशेल मार्श, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, सरफराज खान , फिल साल्ट , अभिषेक पोरेल , अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ललित यादव, रिपल पटेल , इशांत शर्मा, चेतन सकारिया, खलील अहमद, अमन हकीम खान, प्रवीण दुबे, कमलेश नागरकोटी, यश ढुल, मुकेश कुमार, विक्की ओस्तवाल।
**लखनऊ सुपर जायंटसः** लोकेश राहुल (कप्तान), काइल मायर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पांड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन , नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड , स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।
मैच भारतीय समयानुसार शाम 07:30 बजे शुरू होगा।

## पंत कोई जल्दबाजी ना करें: वार्नर



**लखनऊ**। दिल्ली कैपिटल्स के मौजूदा सत्र के कप्तान डेविड वार्नर ने शुक्रवार को कहा कि टीम चाहती है कि नियमित कप्तान ऋषभ पंत चोट से उबरने मे अपना पूरा समय ले और किसी तरह की जल्दबाजी ना करे। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत दिसंबर में कार दुर्घटना से गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे। वह चोट से उबर रहे है और इस सत्र से बाहर हो गए है। वार्नर ने लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ शनिवार को खेले जाने वाले टीम के शुरूआती मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, वह यथासंभव हमारा समर्थन करने के लिए उत्सुक है। मुझे यकीन है कि वह स्टेडियम मे आकर हमारे मैचो को देखना चाहेगे। लेकिन हम चाहते है कि वह चोट से उबरे और पूरा आराम कर जल्दी से स्वस्थ होने पर ध्यान दें। वार्नर ने टीम मे उप-कप्तान के रूप मे अक्षर पटेल की भूमिका के बारे मे भी बात की। अक्षर को टीम के सभी खिलाड़ियों के बारे मे काफी जानकारी है। वह गेंदबाजो को जानकारी देने और भाषा की बाधा से निपटने मे भी मेरी मदद करेगा। इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि 2019 के बाद पहली बार घर और बाहर के प्रारूप मे टूर्नामेंट की वापसी से टीमो को घरेलू मैदान का फायदा होगा। आपको अपने घरेलू मैदान पर विकेट को समझने का मौका मिलता है। इसके साथ ही आपके प्रशंसको का भी साथ मिलता है , जो हौसला बढ़ाते है।

# चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह संदीप वारियर मुंबई इंडियन्स की टीम में शामिल



**भाषा**। मुंबई

**मुंबई इंडियंस** ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के लिए शुक्रवार को चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह संदीप वारियर को टीम में शामिल किया। बुमराह पीठ की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। मुंबई इंडियन्स ने एक बयान में कहा, जसप्रीत बुमराह के विकल्प के तौर पर दाएं हाथ के तेज गेंदबाज संदीप वारियर मुंबई इंडियंस टीम में शामिल होंगे। 2021 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले संदीप घरेलू सर्किट में एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जिन्होंने 200 से अधिक मैच खेले हैं जिनमें से 69 मैच टी20 प्रारूप के हैं। उन्होंने अपने करियर में अब तक सभी प्रारूपों में 362 विकेट लिए हैं। टीम ने कहा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ टीम के आईपीएल 2023 के पहले मैच से पूर्व संदीप मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ जाएंगे। वारियर ने 66 प्रथम श्रेणी, 69 लिस्ट ए और 98 टी20 मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने क्रमशः 217, 83 और 62 विकेट लेकर चटकाए हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ जुलाई 2021 में कोलंबो में टी20 प्रारूप में भारत के लिए पदार्पण किया। उन्होंने 2020 में तमिलनाडु जाने से पहले घरेलू क्रिकेट में केरल का प्रतिनिधित्व किया। मुंबई इंडियंस दो अप्रैल को बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

### आरसीबी को शुरुआती मैचों नही मिलेगा हेजलवुड का साथ

**मेलबर्न**। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड एडी की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण में नही खेल पाएंगे।हेजलवुड 14 अप्रैल को भारत आएंगे लेकिन वह महीने के तीसरे सप्ताह तक ही पूर्ण फिटनेस हासिल कर पाएंगे। ऐसे में टीम को शुरुआती सात मैचों में उनके बिना मैदान पर उतरना होगा। उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी ग्लेन मैक्सवेल का दो अप्रैल को बेंगलुरु में मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के शुरुआती मैच में खेलना संदिग्ध है। वह पैर में फ्रेक्चर से उबर गए है लेकिन मैच फिटनेस हासिल नही कर सके है। हेजलवुड ने द एज से कहा, सब कुछ योजना के अनुसार चल रहा है, इसलिए मै 14 तारीख (अप्रैल) को जाऊंगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि मेरे लिए अगले दो सप्ताह कैसे रहते है।

### प्रज्जवल, मुकुंद को हराकर एकल सेमीफाइनल में

**मैसुरु**। भारत के एस डी प्रज्जवल देव ने शुक्रवार को यहां हमवतन मुकुंद शशिकुमार को I-6, 7-5, 7-6 (4) से हराकर आईटीएफ मैसुरु ओपन के एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्थानीय खिलाड़ी प्रज्जवल की विश्व रैंकिंग 1027 हैं और उन्होंने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त मुकुंद को हराकर बड़ा उलटफेर किया। मुकुंद की विश्व रैंकिंग 401 है। मुकुंद ने पहले सेट को 6-I से अपने नाम किया और ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से जीत जाएगे। लेकिन इसके बाद प्रज्जवल ने उन्हें कड़ी टक्कर दी और अगले दोनों सेट जीत कर मुकाबला अपने नाम किया। प्रज्वल ने लगभग तीन घंटे तक चले मुकाबले में खुद पर दबाव को हावी नहीं होने दिया। सेमीफाइनल में प्रज्जवल का सामना जॉर्ज लोफगेन से होगा।

# राणा टीम पर कोच चंद्रकांत के प्रभाव को देखकर उत्साहित

**भाषा**। मोहाली



**कोलकाता नाइट राइडर्स** (केकेआर) के कार्यवाहक कप्तान नीतीश राणा ने शुक्रवार को कहा कि वह भारतीय घरेलू क्रिकेट की शानदार जानकारी के कारण टीम पर चंद्रकांत पंडित के प्रभाव को देखकर उत्साहित हैं। पंडित पिछले कुछ वर्षों में भारतीय घरेलू क्रिकेट में सबसे प्रसिद्ध कोच रहे है। उन्हें इस सत्र से पहले ब्रैंडन मैकुलम की जगह केकेआर का मुख्य कोच बनाया गया है। मुंबई और विदर्भ को कई बार रणजी ट्रॉफी का विजेता बनाने वाले कोच पंडित की देखरेख में मध्य प्रदेश ने पिछले साल इस खिताब को जीता था। इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को खेले जाने वाले अपने शुरुआती मुकाबले की पूर्व संध्या पर राणा ने कहा, मैं सत्र के लिए बहुत उत्साहित हूं। चंदू सर के क्रिकेट से संबंधित जो भी सिद्धांत हैं, वे हम जैसे घरेलू क्रिकेट खेल चुके खिलाड़ियों से मेल खाते है। खासकर भारतीय खिलाड़ियों से। राणा नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में केकेआर का नेतृत्व करेंगे। अय्यर पीठ के निचले हिस्से में बार-बार उभरने वाली चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो सकते हैं।

### माने, नरवाल ने बाकू विश्व कप टीम में जगह बनाई

**नई दिल्ली**। शाहू तुषार माने और शिव नरवाल को भोपाल विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के बाकू में आठ से 15 मई तक होने वाले राइफलापिस्टल विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आगामी टूर्नामेंट के लिए 22 सदस्ईय भारतीय टीम की घोषणा की जो वर्ष का पांचवां आईएसएसएफ विश्व कप चरण होगा। भोपाल में हाल ही में विश्व कप के तीसरे चरण का सफल आयोजन किया गया। चौथा चरण 11 अप्रैल से पेरू के लीमा में आयोजित किया जाएगा जहां भारत ने भाग नहीं लेने का फैसला किया है। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में माने और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में नरवाल भोपाल विश्व कप की टीम में नए नाम हैं। माने ने केवल रैंकिंग अंक के लिए खेलते हुए भोपाल में 630.7 का ठोस स्कोर करने के बाद नवीनतम रैंकिंग में दिव्यांश सिंह पंवार को पछाड़कर शीर्ष तीन में जगह बनाई।

# सिंधू सेमीफाइनल में, श्रीकांत बाहर

●मैड्रिड स्पेन मास्टर्स

**भाषा**। मैड्रिड





**दो बार की** ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि हमवतन किदांबी श्रीकांत हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सिंधू ने दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट को 21-14 21-17 से हराकर 2023 में पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई।
श्रीकांत पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के केंटा निशिमोटो से 18-21 15-21 से हार गए। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी करते हुए लय हासिल करने के लिए जूझ रही थी। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गई है और इससे पहले अब तक 2023 में पिछले कुछ टूर्नामेंटों में दूसरे दौर की बाधा को भी पार नहीं कर पा रही थी। सिंधू दूसरे गेम में अधिकांश समय पीछे चल रही थीं लेकिन 6-12 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए सीधे गेम में जीत दर्ज करने में सफल रहीं। इस सुपर 300 टूर्नामेंट में बची एकमात्र भारतीय खिलाड़ी सिंधू फाइनल में जगह बनाने के लिए सिंगापुर की गैर वरीयता प्राप्त यिओ जिया मिन से भिड़ेंगी। इससे पहले विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के कारण उन्हें जापान के खिलाड़ी के खिलाफ तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

### न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को छह विकेट से हराकर वनडे श्रृंखला 2-0 से जीती

**वेलिंगटन**। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद विल यंग की 86 रन की नाबाद पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय में श्रीलंका को 103 गेंद शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। यंग ने 113 गेंद में 11 चौके जड़ित नाबाद पारी के दौरान हेनरी निकोल्स (नाबाद 44) के साथ पांचवें विकेट के लिए 100 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को श्रृंखला में 2-0 की जीत दिला दी। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच को 198 रन से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। शुक्रवार को श्रीलंका की पारी को 41.3 ओवर में 157 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड ने 32.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने भी दूसरे ओवर में छह रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। लहिरू कुमारा (39 रन पर दो विकेट) ने चैड बॉवेस (एक रन) और टॉम ब्लंडेल (चार रन) के विकेट चटकाकर श्रीलंका अच्छी शुरुआत दिलाई।

## डिप्लोमा कर रही महिला पर आपत्तिजनक वीडियो बनाने का मामला दर्ज

●साइ ने भी बनाई आंतरिक समिति

**बेंगलुरु**। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के इस शहर स्थित परिसर में वॉलीबॉल कोचिंग में डिप्लोमा कर रही एक महिला के खिलाफ अपने सहपाठी का आपत्तिजनक वीडियो बनाने के आरोप में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। साइ के अधिकारियों ने मामला सामने आने के बाद आरोपी को निलंबित कर दिया और मल्लथाहल्ली स्थित डिप्लोमा छात्रा हॉस्टल में अनुशासनात्मक उल्लंघन की जांच के लिए एक आंतरिक समिति का गठन किया है। ताइक्कांडो कोचिंग में डिप्लोमा कर रही पीड़िता ने साइ अधिकारियों और ज्ञानभारती पुलिस में दर्ज अपनी शिकायत में कहा कि 28 मार्च की रात को जब वह स्नान कर रही थी तो उसने महसूस किया कि कोई उसका वीडियो रिकॉर्ड कर रहा है।

### हॉकी इंडियान ने राष्ट्रीय शिविर के लिए 39 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की

**नई दिल्ली**। हॉकी इंडिया ने शनिवार से साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) बेंगलुरू केंद्र में शुरू हो रहे राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 39 सदस्ईय पुरुष कोर समूह की घोषणा की। आम तौर पर राष्ट्रीय टीम का चयन कोर समूह में शामिल खिलाड़ियों में से होता है। यह शिविर यूरोप दौरे से पहले 21 मई तक चलेगा। टीम इसके बाद एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-2023 सत्र के शेष मैचों में बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए यूरोप रवाना होगी। कोर टीम अंतरिम कोच डेविड जॉन, बीजे करियप्पा और शिवेंद्र सिंह को रिपोर्ट करेगी। हाल ही में राउरकेला में मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रभावशाली जीत के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 सत्र में तालिका में शीर्ष पर है।